भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर



भा.प्रौ.सं. गांधीनगर
वार्षिक प्रतिवेदन
2015 - 2016

वार्षिक प्रतिवेदन

2015 - 2016

विषय–सूचि

निदेशक की कलम से 8

शैक्षणिक 10

प्रदत्त कार्यक्रम 10

- अवर स्नातक/अधिस्नातक
- डाक्टरल

केंद्र 11

- पुरातत्व विज्ञान केंद्र
- जैविक चिकित्सा अभियांत्रिकी केंद्र
- संज्ञानात्मक विज्ञान केंद्र
- डिजाइन एवं नवीनता केंद्र (डी.आई.सी.)
- सुरक्षा केंद्र
- दीर्घकालिक विकास के लिए (सी.एस.डी)

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में विकास 14

- वर्ष का विश्वविद्यालय
- हुडको डिजाइन पुरस्कार 2015
- भा.प्रौ.सं. गांधीनगर परिसर को 5* रेटिंग
- भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के शासकीय मण्डल का पुनर्गठन
- भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में शैक्षिक नेटवर्क की वैश्विक पहल की शुरुआत (ग्यान)
- गुरुत्वाकर्षण तरंगों की अभूतपूर्व खोज में भा.प्रौ.सं. गांधीनगर का योगदान

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में गतिविधियां 16

- चतुर्थ दीक्षांत समारोह
- फाउंडेशन कार्यक्रम 2015
- वैश्विक स्वास्थ्य और विकास का ग्रीष्मकालीन संस्थान
- भा.प्रौ.सं. गांधीनगर खोजकर्ता अध्येतावृत्ति 2015
- भा.प्रौ.सं. गांधीनगर की पहली पूर्व छात्र बैठक
- स्थाई परिसर में प्रथम मुख्य घटनाएं
- 5वीं शैक्षिक सलाहकार समिति बैठक
- 6वीं निर्वाचिका सभा
- भा.प्रौ.सं. गांधीनगर का नया मोनोग्राफ प्रकाशन
- यू.एल. चुनौती 2014
- एस.आर.आई.पी. 2015
- रेफको 15
- बुनियादी अभियांत्रिकी विषयों पर ग्रीष्मकालीन विद्यालय
- संज्ञान, मस्तिष्क तथा आकलन पर तृतीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
- एफ.एफ.ई. विद्वानों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम
- प्रथम भारत–चीन युवा अभियंता नेता कॉनक्लेव
- भारत की खोज
- कचरे से खिलौने
- विज्ञान–दिवस
- केनरा बैंक की शाखा का उद्घाटन
- अवर स्नातक शोध पर चर्चा
- भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने एक दिन के लिए 150 बालिकाओं की मेजबानी किया
- वार्षिक पिकनिक

विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियां
भा.प्रौ.सं. गांधीनगर नवाचार व उद्यमिता केंद्र
सम्मेलन/कार्यशाला/संगोष्ठी/विचार–गोष्ठी
दीर्घकालिक विकास पर कार्यशाला
वैज्ञानिक व गणितीय संकल्पना की कार्यशाला

सी.ओ.सी.ओ.ए. 2016
संक्षिप्त पाठ्यक्रम
संवेदन के लिए ट्यून करने योग्य डायोड लेजर स्पेक्ट्रोस्कोपी पर ग्यान पाठ्यक्रम
आमंत्रित व्याख्यान
टी.ई.क्यू.आई.पी.
आगंतुक
विशिष्ट मानद प्रोफेसर
गेस्ट प्रोफेसर

आधारभूत ढांचा और सुविधाएं 44
स्थाई परिसर विकास
सूचना प्रणाली एवं प्रौद्योगिकी सुविधा

अनुसंधान गतिविधियां 47
- कम्प्यूटेशनल नैनोफोटोनिक्स प्रयोगशाला
- शुष्क प्रक्रिया प्रौद्योगिकी (ड्राई प्रो टेक) प्रयोगशाला
- घर्षण स्टर वेल्डिंग - फ्रिक्शन स्टर
- ग्लोबल नेवीगेशन उपग्रह प्रणाली (जी.एन.एस.एस.) प्रयोगशाला
- माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स प्रयोगशाला
- उपशिष्ट जल उपचार प्रयोगशाला

प्रयोगशाला सुविधाएं 49
- जीवविज्ञान अभियांत्रिकी
- रासायनिक अभियांत्रिकी
- रसायन विज्ञान
- सिविल अभियांत्रिकी
- संज्ञानात्मक विज्ञान केंद्र
- विद्युत अभियांत्रिकी
- पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
- यांत्रिक अभियांत्रिकी
- भौतिकी

पुस्तकालय
चिकित्सा केंद्र
फिजियोथेरेपी केंद्र
डे केयर केंद्र

आउटरीच गतिविधियां 60
- भा.प्रौ.सं. गांधीनगर की सामाजिक पहुंच के लिए प्रतिबद्धता
- नीवः भा.प्रौ.सं. गांधीनगर का सामाजिक पहुंच कार्यक्रम

संकाय गतिविधियां 62
प्रायोजित परियोजनाएं 62
- 2015–16 तक पारित परियोजनाएं
- जारी प्रायोजित परियोजनाएं

परामर्शदाता परियोजनाएं 65
- 2015–16 तक पारित परियोजनाएं
- जारी प्रायोजित परियोजनाएं

संकाय उत्कृष्टता पुरस्कार
पुरस्कार एवं मान्यताएं
मानद कार्य
संकाय द्वारा शैक्षणिक व्याख्यान
अन्य संकाय गतिविधियां
दाखलि किए गए एकस्व अधिकार

प्रकाशन 80
- पुस्तकें
- संपादित पुस्तकें
- पुस्तकों के अध्याय
- रिपोर्ट
- पत्रिका पत्र

» संपादन
» ई–प्रिंट आर्काइव
» सभाओं में प्रदर्शित पत्र
» कार्यकारी पत्र
» प्रदर्शित पोस्टर
» एकस्व अधिकार
» समीक्षाएं
» पत्रिका/समाचार पत्र लेख
» अन्य

छात्र गतिविधियां 94

सह–पाठ्यक्रम गतिविधियां 94
» परिसर नियुक्तियां 2015
» ग्रीष्मकाल अंतःशिक्षुता 2015

सह–पाठ्यक्रम गतिविधियां 95
» अमल्थिया
» जश्न
» उड़ानः विदाई रात्रि–भोज
» संजीवनी
» अंतरविद्यालय तात्कालिक प्रतियोगिता
» इगनाइट 2.0
» ब्लिथक्रॉन 2016
» शीतकाल लाली
» काइमेरा

विशेष अवसर 97
» 69वां स्वतंत्रता दिवस समारोह
» हिंदी दिवस 2015
» सद्भावना दिवस
» अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
» संविधान दिवस समारोह
» भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने मातृभाषा दिवस मनाया
» गणतंत्र दिवस उत्सव

पुरस्कार 98
» पुरस्कार एवं मान्यताएं
» स्टाफ उत्कृष्टता पुरस्कार
» अनुसंधान के लिए नकद पुरस्कार

खेल समाचार 100
» फुटबॉल खिलाड़ियों का लीग
» क्रिकेट कॉमबेट लीग
» खेल महाकुंभ
» जस्टिस लीग
» दिशा कप 2016
» अन्य खेल समाचार
» अंतर–छात्रावास खेल टूर्नामेंट

बाह्य संबंध 102
ड्यूक विश्वविद्यालय ने भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के साथ अनुसंधान के लिए गठबंधन किया
वाइब्रैंट सौराष्ट्र में सहभागिता
बाहरी पहुंच

सहमति ज्ञापन 104
» अंतर्राष्ट्रीय सहमति ज्ञापन
» राष्ट्रीय सहमति ज्ञापन

ग्रीष्मकाल एवं शीतकाल 2015 में अंतःशिक्षुता 105
» विदेशी संस्थान
» स्वदेशी संस्थान

2015 के स्नातक जो विदेशों में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं
2015 के स्नातक जो भारत में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं

संस्थान के लिए सहयोग 114
नए मुख्य दानदाता
दानदाता सूचि

संगठन 120
शासकीय मण्डल
वित्तीय समिति
भवन व निर्माण समिति
अभिषद सभा

अभिषद सभा की स्थाई समितियां 122
- अभिषद सभा शैक्षिक कार्य मूल्यांकन समिति (एसएपीईसी)
- अभिषद सभा शैक्षिक कार्यक्रम समिति (एसएपीसी)
- अभिषद सभा छात्रवृत्ति एवं पुरस्कार समिति (एसएसपीसी)
- अभिषद सभा छात्र मामले समिति (एसएसएसी)
- अभिषद सभा पुस्तकालय समिति (एसएलसी)
- अभिषद सभा छात्र मामले समिति (एसएसएसी)
- अभिषद सभा पुस्तकालय समिति (एसएलसी)

शैक्षिक पदाधिकारी
छात्र नेतृत्व

संकाय 124
- विशिष्ट मानद प्राध्यापक
- अतिथि प्राध्यापक
- फुलब्राइट विशेषज्ञ
- गेस्ट प्रोफेसर

गैर शैक्षणिक स्टाफ
पी.एचडी. विद्वान
भा.प्रौ.सं. गांधीनगर–पी.आर.एल. के मध्य सहमति ज्ञापन के अन्तर्गत पीएच.डी. विद्वान

एम.टेक. छात्र 141
- 2015 बैच
- 2014 बैच
- 2013 बैच

एम.एससी. छात्र 145
- 2015 बैच
- 2014 बैच

समाज एवं संस्कृति में एम.ए. 146
- 2015 बैच
- 2014 बैच

पी.जी.डी.आई.आई.टी. छात्र 146
- 2015 बैच
- 2014 बैच
- 2013 बैच

बी.टेक. छात्र 147
- 2015 बैच
- 2014 बैच
- 2013 बैच
- 2012 बैच
- 2011 बैच
- 2010 बैच

दृष्टि, ध्येय एवं मूल्य 157
मूल गुण
सिद्धान्त
मूल्य
ध्येय
दृष्टि
लक्ष्य

निदेशक की कलम से

प्रो सुधीर कु जैन

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के आठ वर्षों के इतिहास में वर्ष 2015–16 सबसे अधिक महत्वपूर्ण रहा। हम जुलाई 2015 में छात्रावासों और कक्षाओं के साथ अपने स्थाई परिसर पालज में आ गए। अधिकतर प्रयोगशालाएं, संकाय कार्यालय तथा निवास मार्च 2016 तक स्थानांतरित हो गए। यह वाकई में संस्थान की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि है कि निर्माण कार्य शुरू होने के दो वर्षों के भीतर यह स्थाई परिसर में स्थानांतरित हो गया।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर देश का पहला संस्थान है जिसे विशाल विकास के लिए आंतरिक हैबिटैट आकलन के ग्रीन मूल्यांकन (ग्रिहा एलडी) से 5–सितारा रेटिंग प्राप्त है। यह मूल्यांकन प्रणाली किसी भी विकास का उसके आस–पास के वातावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को आंकता है। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर को संपूर्ण रूप से 25. 9% अंक (कम अंकों का अर्थ है अधिक संधारणीयता) प्राप्त हुए, 5–सितारा रेटिंग के लिए 35% से कम अंकों की आवश्यकता होती है।

इस वर्ष, हमने संकाय परामर्श और आंकलन के साथ–साथ संचार कौशल और छवि निर्माण के लिए अनुसंधान तथा तकनीकी सहयोग में विश्वस्तरीय ड्यूक विश्वविद्यालय के साथ एक शक्तिशाली गठबंधन किया। इस साझेदारी को यू.एस.ए.आई.डी. (मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से अनुबंधित) तथा आर.टी.आई. अंतर्राष्ट्रीय से सहयोग प्राप्त है।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर को राष्ट्रीय संस्थागत मूल्यांकन ढांचे द्वारा आठवां स्थान प्राप्त हुआ। हमें शिक्षण, सीखने तथा संसाधन में चौथा एवं बाहरी पहुंच और समग्रता में पांचवा स्थान मिला है।

संस्थान को और भी कई सम्मान प्राप्त हुए हैं:

- इसको भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ उच्च शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार 2015 द्वारा 10 वर्षों से कम समय में स्थापित हुए संस्थानों की श्रेणी में वर्ष का विश्वविद्यालय पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- कम लागत के ग्रामीण/शहरी आवास तथा विपदा रोधी आवास श्रेणी में हमारे नवीन परिसर के कार्मिक निवास और छात्रावासों को हुडको डिजाइन पुरस्कार 2015 का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर द्वारा शुरू की गई दो नई पहलें, सहकर्मी सहयोगात्मक सीख (पाल) और पांच दिवसीय फाउण्डेशन कार्यक्रम को देश भर में सराहा गया और कई संस्थान और विश्वविद्यालयों द्वारा अपनाया भी गया है।

संस्थान छात्रों के लिए निरंतर पाठ्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियों में नवीनता ला रहा है। इसने एक खोजी अध्येतावृत्ति शुरू की है जो विद्यार्थियों को भारत के विभिन्न राज्यों में यात्रा करने को प्रोत्साहित करती है जिससे उन्हें देश की अद्भुत सांस्कृतिक और भौगोलिक भिन्नता का पता चल सके। गर्मियों में छः सप्ताह के समय और बहुत ही सीमित बजट में छात्रों को देश के छः या अधिक राज्य, जिसमें देश के दक्षिण, उत्तर और उत्तर–पूर्वी क्षेत्रों में से कोई एक राज्य शामिल है, की यात्रा करनी होती है।

संस्थान ने पिछले आठ वर्षों में कुछ अतिविशिष्ट सफलताएं प्राप्त की हैं। यहां आने वाले यात्री बार–बार इसकी जीवंतता, शैक्षिक और सांस्कृतिक लोकाचार, संकाय, कार्मिक और छात्रों की ऊर्जा, तथा पाठ्यक्रम और प्रशासनिक नवीनता पर टिप्पणी करते हैं।

यह सब कुछ हमारे कर्तव्यनिष्ठ और परिश्रमी संकाय, छात्र और कार्मिकों, तथा हमारे शुभचिंतकों के गहरे आत्मविश्वास के बिना सम्भव नहीं होता। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के सहकर्मियों ने संस्थान निर्माण में बहुत मेहनत की है। समुदाय के मित्रों द्वारा दिए गए समय और उदार निधि से भा.प्रौ.सं. गांधीनगर को सर्वश्रेष्ठ कौशल वाले संकाय, कार्मिक और विद्यार्थियों को चुनने और उन्हें अवसर प्रदान करने में सहायता मिलती है। संस्थान बहुत ही मददगार शासकीय मण्डल, राज्य और केंद्रीय सरकारों का सहयोग पाने में भाग्यशाली रहा है। हमें वी.जी.ई.सी. चांदखेड़ा के प्रधानाचार्य, संकाय और विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण सहयोग और सहायता भी प्राप्त हुई जो गत 8 वर्षों तक हमारा मेजबान था, इसके लिए हम बहुत ही आभारी हैं।

हम उस विश्वास को पूर्ण करने में सदा कार्यरत रहेंगे जो देश और समाज ने संस्थान पर अपने संसाधनों के माध्यम से निवेश किया है।

हम अब तक के हमारे विशाल विकास से प्रोत्साहित हैं किंतु हम अपने आगे की यात्रा के लिए भी बहुत सचेत हैं जो पालज, गांधीनगर में एक वैश्विक विश्वविद्यालय निर्माण के हमारे प्रयासों के लिए है।

प्रोफेसर सुधीर कु जैन
निदेशक

शैक्षणिक

प्रदत्त कार्यक्रम

अवर स्नातक/अधिस्नातक
रसायन अभियांत्रिकी
सिविल अभियांत्रिकी
विद्युत अभियांत्रिकी
पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
यांत्रिक अभियांत्रिकी

एम.एससी.
रसायन विज्ञान
संज्ञानात्मक विज्ञान
गणित
भौतिकी

एम.ए.
समाज एवं संस्कृति

डाक्टरल
प्राचीन व मध्यकालीन भारत
जैविक अभियांत्रिकी
रसायन अभियांत्रिकी
रसायन विज्ञान
सिविल अभियांत्रिकी
संज्ञानात्मक विज्ञान
संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
भू विज्ञान
विद्युत अभियांत्रिकी
इतिहास
भाषा व साहित्य
पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
गणित
यांत्रिक अभियांत्रिकी
दर्शन विज्ञान
भौतिकी
राजनीति विज्ञान
मनोविज्ञान
सामाजिक महामारी विज्ञान
समाज विज्ञान
दक्षिण एशिया अध्ययन

www.iitgn.ac.in/aca-programm.htm

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में केंद्र

पुरातत्व विज्ञान केंद्र

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर पुरातत्व विज्ञान केंद्र की स्थापना दिसम्बर 2012 में औपचारिक रूप से निम्न प्रमुख उद्देश्यों के साथ हुई थी:

- स्टेट–ऑफ–दि–आर्ट सुविधाओं को बनाना जो पुरात्तव समुदाय की सेवा में रहें।
- विश्व भर में पुरातत्व सर्वेक्षणों में उपयोग होने वाली वैज्ञानिक विधाओं में नवीनतम अनुसंधान करना तथा बढ़ावा देना।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण तथा अन्य संस्थाओं/विश्वविद्यालयों से संपर्क बना कर नए शोधों को शुरू करना तथा पुरातत्व विज्ञान में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना।
- मानविकी तथा वैज्ञानिक विधाओं के बीच समानताएं विकसित करना जिसके लिए पुरातत्व विज्ञान आदर्श रूप में स्थित है।

ए.एस.सी. को भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद; टाटा मौलिक अनुसंधान संस्थान, मुंबई; तथा भा.प्रौ.सं. कानपुर का पुरातत्व पदार्थों के विशेषीकरण के लिए सहयोग प्राप्त है। ए.एस.सी. भागत्रव (दक्षिणी गुजरात) में गुजरात राजकीय पुरातत्व विभाग तथा सरदार पटेल विवि, वल्लभ विद्या नगर के लिए पुरातत्व सर्वेक्षणों में कार्यरत है। महाराज सयाजीराव विवि, बड़ोदा; तथा डेक्कन विद्यालय, पुणे के साथ नियमित शैक्षणिक वार्ताओं से परस्पर लाभ पहुंचता है। भा.पु.सं. विभिन्न संस्थानों से भी पुरातत्व में सामान्य अनुसंधान करने के लिए सहयोग प्राप्त कर रहा है। अगस्त 2015 में "भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में स्थित पुरातत्व विज्ञान केंद्र को मजबूती तथा सहयोग प्रदान करना" नामक एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने ए.एस.आई. को वडनगर के पुरातत्व स्थान पर जी.पी.आर. सर्वेक्षण करने में सहायता की जहां गुजरात राजकीय पुरातत्व विभाग पहले तथा ए.एस.आई. वर्तमान में उत्खनन कर चुका है।
ए.एस.आई. तथा भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के मध्य सहमति ज्ञापन के अनुसार, ए.एस.सी. धोलावीरा (कक्ष का रण) में उत्खनन किए गए स्थान की विविध जांचों से संबंधित पहलुओं में सहायता कर रहा है। जब से ए.एस.आई. तथा भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के मध्य सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए तब से ए.एस.सी. अपने प्रयासों में लगा हुआ है।

पुरातत्व विज्ञान केंद्र ने अगस्त 10–14, 2015 के दौरान ***पत्थर के मनकों का इतिहास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी*** पर एक 5 दिवसीय कार्यशाला–पाठ्यक्रम का आयोजन किया। भारत के अतिरिक्त 10 देशों जैसे सं.रा.अ., यू.के., फ्रांस, जापान, ईरान, थाईलैंड, बांगलादेश, नेपाल एवं श्रीलंका, के विशेषज्ञ और प्रतिभागियों ने इस विषय में हिस्सा लिया। इस कार्याशाला में भारत के सभी राज्यों के संस्थानों, विश्विविद्यालयों तथा संग्रहालयों से 80 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रा. जोनाथन मार्क केनोयर, नृविज्ञान विभाग, विसकॉनसिन–मैडिसन विश्वविद्यालय को भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के पहले इंदिरा प्रतिष्ठान विशिष्ट व्याख्यान श्रंखला में व्याख्यान देने हेतु तथा पुरातत्व विज्ञान केंद्र से वार्ता करने के लिए निमंत्रण दिया गया था। प्रा. केनोयर दिसम्बर 16, 2015 से जनवरी 16, 2016 के दौरान भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में आए तथा निम्नलिखित गतिविधियां शुरू कीं:

- अंबाजी, गुजरात में तांबे की खदानों में गए और उसे पिघलाने के प्रयोग हेतु नमूने इकट्ठे किए।
- कच्चे जस्ते के नमूने जमा करने जवर, राजस्थान की खदानों में गए।
- खंबट में परंपरागत पत्थर के मनकों के कारीगरों के साथ काम करने गए।
- अंबाजी की खदानों से इकट्ठा किए गए कच्चे तांबे को पिघलाकर प्रयोग किए।

प्रा. केनोयर के पुरातत्व विज्ञान तथा खासकर हडप्पन पुरातत्व विधा में विशेषज्ञता और अनुभव को ध्यान में रखते हुए पुरातत्व पर एक व्याख्यान श्रंखला आयोजित की गई। प्रा. केनोयर ने निम्नलिखित व्याख्यान दिए:

- जनवरी 4, 2016: पुरातत्वीय पद्धति और सिद्धांत
- जनवरी 5, 2016: पुरातत्व की क्षेत्र तकनीकें
- जनवरी 6, 2016: प्रयोगात्मक पुरातत्व - सिंधु सभ्यता
- जनवरी 13, 2016: ओमान और मेसोपोटामिया में सिंधु प्रौद्योगिकी

ए.एस.सी. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर के अंदर अन्य संकाय सदस्यों/विभागों से लगातार सहयोग बना रहा है। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के संकाय सदस्यों के संयुक्त अभ्यासों से कई पहलें हुई हैं जैसे जी.पी.आर., रिमोट सेंसिंग, 3डी लेजर स्केनिंग, मिट्टी का विशेषीकरण, पत्थर और चिकनी मिट्टी, रसायन निरूपण, इत्यादि। ए.एस.सी. पदार्थ विज्ञान के संकाय सदस्यों के साथ भविष्य में धोलावीरा से तांबे का धातु–उद्योग संबंधी अध्ययन शुरू करने की योजना में है। ***प्रा. वी एन प्रभाकर*** इसके प्रमुख संयोजक रहेंगे।

जैविक चिकित्सा अभियांत्रिकी केंद्र

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में स्थित जैविक चिकित्सा अभियांत्रिकी केंद्र का ध्यान केंद्रित है जैविचिकित्सा अभियांत्रिकी के क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान करने के लिए केन्द्रित है। इस केंद्र का लक्ष्य ऐसे शोध को उत्पन्न करना है जो भारत के साथ–साथ विश्व के लिए भी समाजिक प्रासंगिकता रखता हो।

इस केंद्र के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं:

- जैविक चिकित्सा प्रौद्योगिकी एवं स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान विकसित करना।
- स्वास्थ्य केयर संबंधी कम लागत, आसानी से उपलब्ध प्रौद्योगिकी का विकास जो ग्रामीण इलाकों के लोगों की मदद कर सके।
- विदेशी विश्वविद्यालयों तथा प्रमुख राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहभागिता स्थापित करना जिससे तीन मुख्य क्षेत्रों में अनुसंधान किया जा सके।

इस केंद्र के तीन प्रमुख शोध क्षेत्र हैं: डायगनोस्टिक/थिरेपिटिक टूल्स एवं तकनीकेंय ऑटोमेटेड पुनर्स्थापन एवं प्रोस्थेटिक तकनीकें एवं जन स्वास्थ्य तकनीकें।

29 सितम्बर, 2015 को केंद्र द्वारा एक अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर गुजरात सरकार के उद्योग कमिसरेट को एक प्रस्तुति दी गई। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के शासकीय मण्डल के समक्ष जुलाई 29, 2015 को जैविक चिकित्सा अभियांत्रिकी केंद्र द्वारा उनकी प्रगति पर एक प्रस्तुति दी गई। जैविक चिकित्सा अभियांत्रिकी केंद्र द्वारा की गई शोध प्रगति की प्रशंसा हुई है।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में जनवरी 29, 2016 को एक दिवसीय बैठक की गई जहाँ विशेषज्ञ जैसे, ***प्रा. दिनेश कांत कुमार*** (प्राध्यापक, जैविक चिकित्सा अभियांत्रिकी, आर.एम.आई.टी. ऑस्ट्रेलिया) एवं ***प्रा. सुरेश देवसहयम*** (प्राध्यापक, जैविचिकित्सा अभियांत्रिकी, सी.एम.सी. वेल्लोर, भारत) ने केंद्र के अंतर्गत किए गए अनुसंधान परियोजनाओं की समीक्षा की है। इसके अतिरिक्त, गुजरात सरकार के प्रतिनिधि, ***श्री डी आर परमार*** (उद्योग के उप आयुक्त) भी मौजूद थे।

प्रा. उत्तमा लाहिड़ी केंद्र की संयोजक तथा ***प्रा. शिवप्रिया किरुबाकरण*** सह–संयोजक हैं।

संज्ञानात्मक विज्ञान केंद्र

संज्ञानात्मक विज्ञान केंद्र अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के जरिए संज्ञानात्मक विज्ञान के क्षेत्र में छात्रवृत्ति बढ़ाने के लिए लक्षित है। संस्थान संज्ञानात्मक विज्ञान में पी.एचडी, एम.एससी. एवं संक्षिप्त कार्यक्रम प्रदान करता है। इस संस्थान का यह भी लक्ष्य है कि देश में ज्ञान फैले और संज्ञानात्मक विज्ञान में वह नेतृत्व करे।

संज्ञानात्मक विज्ञान केंद्र का मुख्य उद्देश्य अंतरविषयक अनुसंधान के माध्यम से संज्ञानात्मकता, बुद्धि एवं व्यवहार का अध्ययन करना है। यह केंद्र देश में संज्ञानात्मक विज्ञान के क्षेत्र में गतिविधियों में संलग्न रहने तथा इस विधा का प्रचार करने को भी प्रस्तावित करता है। इस केंद्र की अग्रणी प्राथमिकता संज्ञानात्मक विज्ञान में आधारभूत अनुसंधान तथा क्षमता का विकास करना है। केंद्र की अनुसंधान गतिविधियों से अनुमान है कि शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, समाजिक व्यवहार तथा प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में लाभ पहुंचेगा। संस्थान की अंतरविषयक परस्पर वार्ता की अपनी प्राथमिकता के चलते भा.प्रौ.सं. गांधीनगर इन उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिए एक अनोखी स्थिति में है।

संज्ञानात्मक विज्ञान भारतीय शिक्षा में अपेक्षाकृत रूप से एक नयी विधा है। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर संज्ञानात्मक विज्ञान के विकास और पोषण करने में अग्रणी रहा है, बल्कि यह ऐसा पहला भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान है। यह कार्यक्रम तब प्रारंभ हुआ जब संस्थान में 2010 को संज्ञानात्मक विज्ञान पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन किया गया। यह सम्मेलन एक मोड़ बन गया जब देश विदेश के शोधकर्ताओं को आभास हुआ कि भा.प्रौ.सं. गांधीनगर संज्ञानात्मक विज्ञान के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान के मजबूत सहयोग के कारण यहां एक संकाय सदस्य व दो छात्रों के साथ 2010 में संज्ञानात्मक विज्ञान में पी.एचडी. स्थापित हुआ। यह समूह अब बढ़ कर 6 पूर्णकालीन संकाय सदस्यों, 15 से अधिक पी.एचडी. विद्वानों, 20 एम.एससी. छात्रों तथा विश्व के कई अभ्यागत विद्वानों और शिक्षाविदों का हो चुका है। औपचारिक रूप से भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में संज्ञानात्मक विज्ञान केंद्र की स्थापना दिसम्बर 02, 2014 को शासकीय मण्डल के अनुमोदन द्वारा हुई। केंद्र में संपन्न हुए कुछ ताजा सम्मेलन इस प्रकार हैं: संज्ञानात्मकता, बुद्धि एवं गणना पर तीसरी अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी, 2015; एवं संज्ञानात्मक विज्ञान संगठन, भारत की वार्षिक बैठक, 2016। ***प्रा. जयसन मंजली*** इस केंद्र के संयोजक तथा ***प्रा. पतीक मूथा*** सह–संयोजक हैं।

डिजाइन एवं नवीनता केंद्र (डी.आई.सी.)

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर का डिजाइन एवं नवीनता केंद्र डिजाइन एवं नवीनता में संयुक्त परियोजनाएं, अनुसंधान एवं शैक्षणिक पहलों को प्रोत्साहित करता है। डी.आई.सी. पाठ्यक्रम तथा पाठ्येतर परियोजनाओं के माध्यम से छात्रों और संकाय सदस्यों की पहलों से नवीनतम उत्पादों और साधनों के विकास का पोषण करता है।

डी.आई.सी. का मुख्य उद्देश्य नवीनतम विकास करना

है जो विशेषकर भारतीय तथा सामान्यतः वैश्विक समाज की जीवन गुणवत्ता पर प्रमुख प्रभाव छोड़ सके। केंद्र एक बहुविषयक पद्धति अपनाते हुए नवीन परियोजनाओं को सहयोग करता है तथा विश्वस्तरीय संस्थानों से सहयोग स्थापित करता है। डी.आई.सी. परियोजनाओं का उद्योग तथा समाज पर गहरा ध्यान है तथा यह मानव–केंद्रित डिजाइनों जैसे समाजिक नवीनता, पर्यावरण अनुकूल डिजाइन, फ्रूगल अभियांत्रिकी, इत्यादि का अनुसरण करता है।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर से तीन छात्र दिसम्बर 2015 को रीको, जापान गए। उन्होंने रीको सुविधाओं को देखा तथा भविष्य की प्रिंटर डिजाइन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

डा. निखिल बलराम, रीको इन्नोवेशन–सं.रा.अ. के अध्यक्ष और प्र.का.अ., ने सितम्बर 10, 2015 को भा.प्रौ.सं. गांधीनगर की यात्रा की। डा. निखिल ने प्रकाश क्षेत्र का चित्रण एवं प्रदर्शन पर चर्चा की।

श्री मनोज कुमार, रीको इंडिया के प्रबंध निदेशक और प्रमुख कार्यकारी अधिकारी ने दिसम्बर 12, 2015 को भा.प्रौ.सं. गांधीनगर की यात्रा की तथा रीको और भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के बीच भविष्य की सहयोगात्मक साझेदारी पर चर्चा की।

श्री टोमोहीरो हराडा फरवरी 16, 2016 को पालज परिसर आए। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर और श्री हराडा के बीच एक बैठक आयोजित की गई जिससे भविष्य की परियोजनाओं पर बातचीत हो सके। डी.आई.सी. के प्रमुख उद्देश्यों में भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के पाठ्यक्रम में उन्नत डिजाइन तथा नवीनीकरण को सम्मिलित करना है। संस्थान ने द्वितीय वर्ष के अवरस्नातकों के लिए एक डिजाइन पाठ्यक्रम को अनिवार्य किया है। डी.आई.सी. संकाय सदस्यों ने केलिफोर्निया प्रौद्योगिकी संस्थान तथा नार्थम्पटन विवि कला विद्यालय, यू.के. के साथ उन्नत वैश्विक शैक्षणिक साझेदारी और संयुक्त पाठ्यक्रमों को शुरू किया है। डी.आई.सी. भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के साथ वार्ताओं, सम्मेलनों, परिसंवादों तथा कार्यशालाओं के माध्यम से एक डिजाइन वातावरण को बनाने का प्रयत्न करता है। यह नियमित रूप से क्रियाशील परियोजनाएं एवं डिजाइन प्रतियोगिताएं लेता रहता है तथा छात्र और संकाय के लिए डिजाइन व नवाचार परियोजनाएं सरलता से उपलब्ध कराता है।

संस्थान के समुदाय के लिए डी.आई.सी. आंतरिक सेवाएं प्रदान करता है जैसे, पोस्टरों, फ्लाइर, पत्रिकाएं, रिपोर्ट, गोष्ठी सामग्री, पुस्तक के बाहरी पृष्ठ, मोबाइल ऐप, इत्यादि के डिजाइन का निर्माण करना। ***प्रा. हरीष पी एम*** डी.आई.सी. के समन्वयक हैं।

सुरक्षा केंद्र

सुरक्षा केंद्र का लक्ष्य है सुरक्षित भारत में जनता और प्राइवेट क्षेत्र में सुरक्षा का प्रसार करना और ज्ञान की रचना एवं प्रचार के माध्यम से देश में अग्रणी रहना। सुरक्षा केंद्र निम्न गतिविधियों के माध्यम से इन उद्देश्यों को प्राप्त कर रहा है:

- शोधः अनुसंधान परियोजना, परामर्श एवं परियोजना का क्रियान्वयन। जन सुरक्षा का जिम्मा लेते हुए उसकी जागरुकता फैलाना।
- शिक्षाः भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के अवरस्नातक और स्नातक पाठ्यक्रम में औद्योगिक सुरक्षा पाठ्यक्रम को प्रारंभ करना।
- बाहरी पहुँचः वैश्विक सुरक्षा कार्मिकों के लिए सुरक्षा सम्मेलन और संगोष्ठियां करना जिससे वे आपसी सामंजस्य स्थापित कर सकें और नवीन सुरक्षा प्रौद्योगिकी को जांच सकें; इसके अतिरिक्त सुरक्षा कार्मिकों के लिए प्रिशिक्षण कार्यक्रम करना।
- अभ्यासः कर्मचारियों और छात्रों को भा.प्रौ.सं. गांधीनगर की प्रयोगशालाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से सुरक्षित कार्यप्रणाली के तौरतरीकों में प्रशिक्षण प्रदान करना।

सुरक्षा केंद्र भूकंप अभियांत्रिकी, अग्नि सुरक्षा, रसायन प्रक्रिया सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा को सुधारने के उद्देश्य से नवीनतम शोध करने के लिए एकाग्रचित्त है।
केंद्र की वार्षिक गतिविधियों में शामिल है:

- हैनरी मेरिल सुरक्षा अभियांत्रिकी प्रयोगशाला का निर्माण।
- अग्नि सुरक्षाः आग एक ऐसा संकट है जो सर्वव्यापी है तथा उपयुक्त सुरक्षा कार्यवाही के अभाव में वह विनाशकारी हो सकता है। यह केंद्र अग्नि के खतरों का अवलोकन करने तथा अग्नि रोधी निर्माण प्रणाली को बढ़ाने पर कार्य कर रहा है।
  - भारतीय इमारतों में अग्नि वक्रों का विकास
  - आर.सी.सी. से रचना की गई इमारतों की अग्नि ढाचों की समीक्षा करने के बेहतर तरीकों का विकास।
  - चिनाई भरे पेनल्स के इन–प्लेन और आउट–प्लेन बर्ताव का विशेषीकरण
  - विद्युत आगः यू.एल. सुरक्षा विज्ञान चुनौती 2014 के अंतर्गत छात्र विद्युत आग की समस्या को समझने पर कार्य कर रहे हैं।
- रसायन प्रक्रिया सुरक्षा पर शोधः
  - क्रिया सुरक्षा में मानव त्रुटि पर संज्ञानात्मक अभियांत्रिकी का क्रियान्वयन।
  - जयपुर आई.ओ.सी.एल. टर्मिनल अग्नि का एनीमेशन
- भूकंप सुरक्षा में अनुसंधान
  - गुजरात का भूकंप सम्बन्धी विश्लेषण (भूमि गति विशेषीकरण)

- ढांचे रहित घटकों का भूकंप सुरक्षा अवलोकन

» सड़क सुरक्षा में अनुसंधान

इस केंद्र के समन्वयक ***प्रा. राजगोपालन श्रीनिवासन*** तथा सह–संयोजक ***प्रा. चिण्मय घोरोई*** हैं।

दीर्घकालिक विकास केंद्र

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर का दीर्घकालिक विकास के लिए डा किरन पटेल क्रेंद्र अंत:विषयक गतिविधियों के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए केंद्रित है जिसमें कई गतिविधियां होती हैं जैसे समस्या निर्धारण, अनुसंधान, तथा संपूर्ण विकास में तब्दीली, साथ ही मौजूदा संसाधनों का प्रभावी और नियोजित उपयोग। एक वैज्ञानिक सवाल जिसको केंद्र संबोधित करता है वह है।

जलवायु बदलाव और बढ़ते शहरीकरण से जुड़ा संपूर्ण दीर्घकालिक विकास संयुक्त रूप से पारंपरिक ज्ञान, उन्नत अनुसंधान और एक क्रियाशील पहुंच पर किस सीमा तक आधारित है। अधिक समाजिक निहितार्थ वाली समस्याओं के कम–लागत वाले दीर्घकालिक समाधानों के लिए केंद्र कार्यरत रहता है। यह केंद्र पांच मुख्य बिंदुओं पर ध्यान देता है (क) जल संसाधन एवं जलवायु बदलाव (ख) ऊर्जा (ग) प्राकृतिक संसाधन और पर्यावरण (घ) जन स्वास्थ्य तथा (ड) मानव से जुडा विकास।

केंद्र के द्वारा 2015–16 के दौरान विभिन्न प्रकार की अनुसंधान गतिविधियां की गई हैं। गंगा नदी प्रणाली की सहायक नदियों के गतिशील व्यवहार और सम्बन्धित बाढ़ के खतरों को समझने के लिए विभिन्न जल तथा नदी सम्बन्धित अध्ययन किये गए। भारत सरकार के लिए मध्य प्रदेश और मेघालय के जलवायु बदलाव के प्रभावों के मॉडल निर्मित किये गए। तत्काल– (2010–2039), भविष्य– (2040–2069) और सुदूर भविष्य– (2070–2099) भारत की सभी प्रमुख नदियों में होने वाले जल संबंधी बर्ताव का अनुमान लगाया गया। एक दीर्घकालिक प्रबंधन योजना का विकास गुजरात सरकार के लिए किया गया। इसके अतरिक्त, भारत के पश्चिम में क्रिटिकल जोन वेधशाला को स्थापित करना और अंत:विषयक पद्धति के द्वारा नदियों के प्रबंधन की योजना से सम्बन्धित नई परियोजनाएं प्रस्तुत की गई हैं। दीर्घकालिक विकास पर मई, 2015 में एक कार्यशाला के माध्यम से बाहरी पहुंच की गतिविधियां संपन्न की गई हैं। इस कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के शोधकर्ता शामिल हुए जैसे जल प्रबंधन, वायु प्रदूषण, वन प्रबंधन तथा समाजिक महामारी। यह कार्यशाला भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के कम, मध्यम और अधिक समयावधि के दीर्घकालिक उद्देश्य को दर्शाता है। प्रा. विक्रांत जैन इस केंद्र के सम्नवयक हैं।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में विकास

वर्ष का विश्वविद्यालय

भारतीय वाणिज्य व उद्योग चौम्बर्स संघ (एफ.आई.सी.सी.आई.) ने भा.प्रौ.सं. गांधीनगर को ***वर्ष के विश्वविद्यालय*** के तौर पर मान्यता प्रदान की है जो "10 वर्षों से कम के अस्तित्व" की श्रेणी के संस्थानों में 2015 उच्चतर शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार है।

हुडको डिजाइन पुरस्कार 2015

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर का पालज गांधीनगर में नव निर्मित स्थाई परिसर के स्टाफ आवास व विद्यार्थी छात्रावास ने आपदा प्रितरोधी आवास के साथ लागत प्रभावी ग्रामीण/शहरी आवास श्रेणी के अन्तर्गत ***हुडको डिजाइन पुरस्कार 2015 में प्रथम पुरस्कार*** हासिल किया है।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर परिसर को 5* रेटिंग

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने (गृहा एल डी) ***ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट एसेसमेंट फॉर लार्ज डेवलपमेंट्स द्वारा 5* रेटिंग*** हासिल किया है। उन्होंने भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के विभिन्न पर्यावरण उन्मुख पहलों जैसे कम ऊर्जा का मल जल उपचार, जल रिसाइकलिंग, बारिश के पानी का संग्रहण, छत पर सौर फोटोवोल्टिक पौधों, सौर जल तापक, निष्क्रिय वातायन, पैदल यांत्रियों के अनुकूल परिसर, कार्यस्थल पर पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों का उपयोग (जैसे कॉंक्रीट सड़क, फ्लाई एश ईंट), ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, बॉयो गैस प्लांट इत्यादि के साथ एक हरे–भरे परिसर को विकसित करने के प्रयत्नों को मान्यता प्रदान की है।

www.iitgn.ac.in/admin-bog.htm

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के शासकीय मण्डल का पुनर्गठन

संस्थान के शासकीय मण्डल में भा.प्रौ.सं. परिषद के उम्मीदवार के तौर पर 4 नए सदस्य शामिल हुए हैं। ***डा. चन्द्रिमा शाहा***, निदेशक, राष्ट्रीय रोग क्षमता संस्थान, नई दिल्ली; ***प्रा. शोभना नरसिंहन***, डीन, शैक्षणिक मामले, जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक शोध केन्द्र, बेंगलोर; ***प्रा. मैथिली रामास्वामी***, प्राध्यापिका, टाटा मौलिक शोध संस्थान, बेंगलोर; ***श्री आर सुब्रमणयम***, भा.प्र.से., अपर सचिव (तकनीकी शिक्षा), उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली। ***प्रा. आर. शरण***, अभ्यागत प्राध्यापक, तथा ***प्रा. अमित प्रशांत***, प्राध्यापक, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर अभिषद सभा के सदस्यों के तौर पर संस्थान के शासकीय मण्डल में शामिल हुए। इस मण्डल में कुल 11 सदस्य होते हैं।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में शैक्षणिक नेटवर्क (जी.आई.ए.एन.) के वैश्विक पहल का अद्घाटन

30 नवम्बर, 2015 को भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में तत्कालीन केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, ***श्रीमति स्मृति ईरानी*** ने नए मा.सं.वि.मं. की योजना ***वैश्विक शैक्षणिक नेटवर्क*** पहल (जी.आई.ए.एन.) का उद्घाटन किया। अन्य गणमान्य व्यक्ति जो मौजूद थे, उनमें ***श्री भूपेन्द्रसिंह चुडासमा***, शिक्षा मंत्री, गुजरात सरकार, ***श्री वी. एस. ओबेरॉय***, मा.सं.वि.मं. में उच्चतर शिक्षा के सचिव तथा ***प्रा. पी.पी. चक्रवर्ती***, निदेशक, भा.प्रौ. सं. खड़गपुर शामिल हैं। जी.आई.ए.एन पहल दो 10 दिवसीय पाठ्यक्रमों के साथ आरम्भ की गई है। प्रथम पाठ्यक्रम, ***सांस्कृतिक धरोहर का 3डी डिजीटीईजेशन*** शीर्षक से भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में संपन्न हुआ जो ***डा. मार्को कैलेरी*** सूचना के विज्ञान व प्रौद्योगिकी संस्थान, पीसा, इटली ने आयोजित किया। द्वितीय पाठ्यक्रम जो भा.प्रौ.सं. खड़गपुर में आयोजित हुआ उसका शीर्षक था ***ऑर्थोपेडिक बायोमेकेनिक्स. इंप्लांट्स व बायोमेटेरियल्स***। अपनी यात्रा के दौरान श्रीमति ईरानी के विद्यार्थियों के साथ कई अनौपचारिक वार्तालाप भी हुए तथा वे विद्यार्थी छात्रावास भोजनालय में भी गयीं।

गुरुत्वाकर्षण तरंगों की लैंडमार्क खोज में भा.प्रौ.सं. गांधीनगर का योगदान

कोलाइडिंग ब्लैक होल्स से आती हुई गुरुत्वाकर्षण तरंगो की लैंडमार्क वैज्ञानिक खोज में भा.प्रौ.सं. गांधीनगर एक वैश्विक साझेदार है। अलबर्ट आइन्सटाइन ने 100 वर्ष पहले 1915 में अपने सामान्य सापेक्षता सिद्धांत में गुरुत्वाकर्षण लहरों के बारे में भविष्यवाणी की थी। गुरुत्वाकर्षण लहरों की खोज लेजर इन्टरफेरोमीटर, गुरुत्वाकर्षण लहर वेधशाला (एल.आई.जी.ओ.) संसूचक जो लिविंगस्टन, लूसियाना तथा हैनफोर्ड, वॉशिंगटन, संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित है, द्वारा 14 सितम्बर, 2015 को की गई।

प्रा. आनन्द सेनगुप्ता के नेतृत्व में भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के एक शोध समूह ने इस खोज में अपनी भूमिका निभाई। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में इस शोध समूह ने उनमें से कुछ को विकसित करने तथा उन्हें सुपर कम्प्यूटर्स पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पिछले 4 वर्षों में, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर लौकिक संसूचक का प्रयोग कर संवेदनात्मक खोज एलगोरिदम के विकास में तथा उच्च–प्रवाहक्षमता संगणक प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर स्वचालित डाटा विश्लेषण कार्य प्रवाह पर उन्हें स्थापित करने तथा गुरुत्वाकर्षण लहरों का पता लगाने के लिए वैश्विक प्रयासों में एक साझेदार बन गया है।

एल.आई.जी.ओ. वैज्ञानिक सहयोगात्मक (एल.एस.सी) संयुक्त राज्य अमेरिका, तथा 14 अन्य देशों के विश्वविद्यालयों के एक हजार से अधिक वैज्ञानिकों का एक समूह है। प्रा. सेनगुप्ता भारतीय गुरुत्वाकर्षण–तरंग, पर्यवेक्षण (इंड.आई.जी.ओ.) के संरक्षण के अन्तर्गत एल.एस.सी. में शिरकत कर रहे हैं– यह भारत के 9 शोध संस्थानों तथा विश्वविद्यालय के 100 वैज्ञानिकों का एक संघ है, जिन्होंने इस खोज में योगदान दिया है। इंड. आई.जी.ओ. से कुल 37 वैज्ञानिकों ने इस खोज–पत्र में योगदान दिया है।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में गतिविधियां

चतुर्थ दीक्षान्त समारोह

संस्थान का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 01 अगस्त, 2015 को इसके स्थाई परिसर में संपन्न हुआ जिसमें 173 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। इसमें 105 बी.टेक., 31 एम.टेक., 6 पी.एचडी., 25 एम.एससी. तथा 6 पी.जी.डी.आई.आई.टी. विद्यार्थी शामिल थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ***श्री बाबा एन कल्याणी***, अध्यक्ष तथा एम.डी. भारत फोर्ज लि.,

तथा अध्यक्ष कल्याणी ग्रूप ऑफ कंपनीज थे। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर शासकीय मण्डल के अध्यक्ष ***डा. बलदेव राज*** ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की है। संस्थान ने शैक्षणिक, खेलकूद, नेतृत्व तथा समुदाय–सेवा में उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए 40 मेडल प्रदान किए। इस पुरस्कार के प्राप्तकर्ता हैं–

राष्ट्रपति स्वर्ण पदक, बी.टेक. (***प्रीत शाह***), राष्ट्रपति स्वर्ण पदक एम.टेक. (***गुणदीप कौर सूडन***), राष्ट्रपति स्वर्ण पदक, एम.एससी. (***विशाखा***), संस्थान स्वर्ण पदक, बी.टेक. (***प्रथमेष गणेश भाट, सुदीक्षा श्रीधर, प्रीत शाह***) संस्थान स्वर्ण पदक, एम.टेक. (गुणदीप ***कौर सूडन, प्रीती राठी, गनेरीवाला मोहित दिनेशकुमार, कृष्ण कुमार सक्सेना***), संस्थान स्वर्ण पदक, एम.एससी. (***अमरज्योति दास महापात्र, विशाखा, पमनानी उज्जवल अशोककुमार***), संस्थान रजत पदक, बी.टेक. (***आयुश चौधरी, तुष्टि शाह, मिशिता जयसवाल***), निदेशक स्वर्ण पदक, बी.टेक. (***हर्ष गुप्ता***), निदेशक स्वर्ण पदक एम.टेक. (***तरुणा यादव***), निदेशक स्वर्ण पदक, एम.एससी. (***गोल्डी यादव***), निदेशक रजत पदक, बी.टेक. (***सोहम हर्षे, मोनीश भांगले, राज शाह***), उत्कृष्ट नवाचार (***ध्येय शाह***), उत्कृष्ट समाज सेवा (***आकाश केशव सिंह***), सत्यनिष्ठा व अनुकरणीय मानवीय गुण (***इप्सित तिवारी***), उत्कृष्ट शोध, बी.टेक. (***रोहन पाटीदार***), उत्कृष्ट शोध, एम.टेक. (***गनेरीवाला मोहित दिनेशकुमार***), उत्कृष्ट शोध, एम.एससी. (***विशाखा***), खेलकूद में समग्र उत्कृष्ट प्रदर्शन (***पार्थ साणे***), तैराकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन (***पार्थ साणे***), इनडोर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन (***मोनीष भांगले***), आउटडोर खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन (***चेतन पाटिल***), ऐथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन (***तरुणा यादव***), कला व संस्कृति में उत्कृष्ट प्रदर्शन (***इप्सित तिवारी***), उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए अग्रणी बैच पुरस्कार (***आकाश केशव सिंह***), अभियांत्रिकी ग्राफिक्स व निर्माण और कार्यशाला अभ्यास के मूल पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन (***प्रथमेष गणेश भट***), गणित के मूल पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन (***मिशिता जयसवाल***), भौतिक विज्ञान व रसायन विज्ञान के मूल पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन (***प्रीत शाह***), मानविकी तथा समाज विज्ञान के मूल पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन (***निशांत राव***), मानविकी तथा समाज विज्ञान विषयों में समग्र सर्वोत्तम प्रदर्शन (***सुकृति गाखर***)।

फाउन्डेशन कार्यक्रम 2015

23 जुलाई से 28 अगस्त, 2015 के दौरान संपन्न 5 सप्ताह तक चलने वाले ***फाउन्डेशन कार्यक्रम*** के दौरान अवर–स्नातक के नव प्रवेशित छात्रों के लिए भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने, साहसिक खेलकूद से खजाने की खोज तक, अभिनय पद्धति के व्यूह का प्रयोग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ***प्रा. उर्जित याजनिक***, भा.प्रौ.सं. बॉम्बे के प्राध्यापक तथा भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के शैक्षणिक व विद्यार्थी मामलों के प्रथम डीन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ***प्रा. एस. पी. मेहरोत्रा*** द्वारा किया, फिर डीन तथा विषयों के शैक्षणिक समन्वयकों के साथ इन्टरएक्टिव बैठकें हुईं। इन 5 सप्ताह के दौरान कहानी सुनाना, फोटोग्राफी, रेखाचित्रण, संगीत, चित्रकारी, हास्य पुस्तकें बनाना, मूर्तिकला, योग, खेलकूद विरासत की सैर, थियेटर गतिविधियां, सड़क की सफाई, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों के स्वतंत्र विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए नेतृत्व, लिंग–संवेदनशीलता, नीति शास्त्र तथा मूल्य–शिक्षा पर कई आकर्षक वार्ताएं आयोजित की गईं। शहर के सर्वोत्तम नृत्य व थियेटर समूह, दर्पण एकेडमी, ने कलारिपयत्तु तथा लोकनृत्य पर कार्यशाला आयोजित किया। इसके बाद सुप्रसिद्ध नृत्यांगना सुश्री मल्लिका साराभाई द्वारा व्याख्यान व प्रदर्शन हुए। कार्यक्रम का समन्वय ***प्रा. अभय राज सिंह गौतम, प्रा. मधुमिता सेनगुप्ता, प्रा. भारद्वाज कोलप्पा*** तथा ***प्रा. सौरिन्द्र चौधरी*** ने किया।

वैश्विक स्वास्थ्य व विकास पर ग्रीष्मकाल संस्थान

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने 15 मई से 15 जून, 2015 तक ***वैश्विक स्वास्थ्य व विकास*** पर सस्काचवान विश्वविद्यालय, कनाडा के सहयोग से एक ***ग्रीष्मकाल संस्थान*** का आयोजन किया। भारत के अग्रणी शैक्षणिक व शोध संस्थानों से कुल 42 प्रतिभागियों का चयन किया गया। इस कार्यक्रम को गुजरात अलकालिज व केमिकल्स लि. (जी.ए.सी.एल.), बड़ोदरा ने समर्थन दिया तथा एक स्वस्थ, साम्यिक तथा सतत विश्व के लक्ष्य के लिए युवा शोधकर्ताओं को संलग्न करने तथा तैयार करने के लिए शिक्षा–विज्ञान व शोध का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। महत्वपूर्ण संसाधन व्यक्तियों में, ***प्रा. तन्निष्ठा सामन्त*** (संयोजक), ***प्रा. मालविका सुब्रमण्यम*** तथा ***प्रा. शिवकुमार जोलाड***, सभी भा.प्रौ.सं. गांधीनगर, ***प्रा. लीजा वर्गो***, ***प्रा कालोवाटी देवनन्दन***, ***प्रा डेविड जे पर्किंसन***, ***डा. लाचलान मैक विलियम्स***, ***डा. रॉबर्ट एलेक्जेन्डर ईन्स***, ***श्री जयसन डिसानो*** और ***सुश्री सुगन्धी डेल कैंटो***, सभी कला व विज्ञान महाविद्यालय सास्काचवानय तथा ***डा. रेवत देवनन्दन***, ओटावा विश्वविद्यालय, कनाडा शामिल थे। ग्रीष्म संस्थान ने आमंत्रित वक्ताओं की भी मेजबानी की जिसमें ***प्रा. दिलीप मावलांकर***, भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान, गांधीनगर महत्वपूर्ण वक्ता; ***प्रा. ईरुदया राजन***, विकास अध्ययन केन्द्र, केरल, ***डा. सुभारती घोष***, टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (टी.आई.एस.एस.), बॉम्बे; ***प्रा. तारा नायर***, गुजरात शोध विकास संस्थान, अहमदाबाद; तथा ***श्री गौतम पटेल***, जे.–पी.ए.एल. दक्षिण एशिया शामिल हुए।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर अन्वेषक अध्येतावृत्ति 2015

2015 के ग्रीष्मकाल के लिए भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के 22 विद्यार्थियों ने भा.प्रौ.सं. गांधीनगर अन्वेषक अध्येतावृत्ति प्राप्त की। विद्यार्थियों को 8 टीमों में विभाजित किया गया और प्रत्येक टीम को मई–जून, 2015 के दौरान 6 सप्ताह के लिए भारत के विभिन्न राज्यों में यात्रा करने के लिए 45 हजार रुपए दिए गए। इन अध्येतावृत्तियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश के अद्भुत सांस्कृतिक तथा भौगोलिक विविधता से परिचय करवाना है। इसके अंतर्गत छात्रों को 6 या अधिक राज्यों का अन्वेषण करने की आवश्यकता है जिसमें देश के दक्षिणी, उत्तरी तथा उत्तर–पूर्वी प्रदेशों से कम से कम एक राज्य शामिल होना चाहिए। छात्रों को रेल के शयनयान श्रेणी या राज्य सरकार की बसों से सेवा करनी होती है तथा किफायती आवासों में ठहरना होता है।

प्रथम भा.प्रौ.सं. गांधीनगर पूर्व विद्यार्थी बैठक

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के पूर्व विद्यार्थी संस्था द्वारा 1 अगस्त, 2015 को प्रथम वार्षिक पूर्व विद्यार्थी बैठक आयोजित की गयी, जिसमें 50 पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लिया। एक पूर्व विद्यार्थी इन्टरएक्सन संगठन में काम कर रहे पूर्व विद्यार्थियों से मिलने जुलने तथा उनके साथ विचार विनिमय करने के अवसर प्रदान किए गए। पूर्व विद्यार्थियों के लिए स्थाई परिसर के लिए संचालित दौरे का भी आयोजन किया गया। पूर्व विद्यार्थी संघ के कार्यकारिणी परिषद के सदस्य ***श्री प्रत्युल कपूर*** ने सदस्यों को संबोधित किया तथा आगे की गतिविधियों के लिए विभिन्न विषयों तथा संघ की योजनाओं के बारे में चर्चा की, इसके बाद विद्यार्थी मामलों के डीन ***प्रा. जयसन मंजली*** ने भी संबोधिन किया। ***श्री अंशुल गुप्ता*** ने 2015 की कक्षा द्वारा जमा किए 6 लाख रुपए का उपहार निदेशक प्रा जैन को पेश किया। इस सम्मेलन का समापन रात्रि–भोज पर विद्यार्थी–संकाय की परस्पर बातचीत से हुआ। कार्यक्रम का संयोजन ***मुजम्मिल रावत, सूर्य निलय ठाकोर, दर्शिल चौहान*** तथा ***अनिकेश कामथ***, विद्यार्थी संयोजन, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर पूर्व छात्र प्रकोष्ठय तथा ***प्रा. सुपर्ब मिश्रा***, संकाय सलाहकार, पूर्व छात्र मामले, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने किया है।

स्थाई परिसर में प्रथम महत्वपूर्ण कार्यक्रम

02 मई, 2015 को पालज में स्थाई परिसर के एक नए छात्रावास का उद्घाटन किया गया इसके बाद भा.प्रौ.सं. गांधीनगर समुदाय के सभी सदस्यों के लिए एक ***बड़ा खाना*** का आयोजन किया गया जिसमें निर्माण मजदूर, निर्माण ठेकेदार, परियोजना प्रबंधन टीम, संस्थान के कर्मचारी तथा अन्य शुभ चिंतक शामिल हुए। नए निर्मित हॉस्टल में पूर्व बैच के 100 से भी अधिक छात्रों ने रात बिताई।

www.iitgn.ac.in/administration_aac.htm

www.iitgn.ac.in/administration_leadership.html

पांचवी शैक्षणिक सलाहकार परिषद बैठक

पंचम शैक्षणिक सलाहकार परिषद की बैठक 28 दिसम्बर, 2015 को हुई जिसमें संकाय के लिए कार्यकाल प्रणाली से संबंधित विषयों, समान पदस्थ द्वारा समीक्षा व संकाय के लिए मार्गदर्शन, तथा संकाय उत्पादकता और विद्यार्थी सहायता दोनों के लिए फंड के कुशल उपयोग पर चर्चा की गई। एक वार्षिक बैठक के रूप में, शैक्षणिक सलाहकार परिषद संस्थान के विकास के महत्वपूर्ण विषयों पर रणनीतिक व बाह्य इनपुट प्रदान करती है।

छठा नेतृत्व कॉनक्लेव

29 दिसम्बर, 2015 को संपन्न ***छठा नेतृत्व कॉनक्लेव*** में, संस्थान में एक उद्यमिता संस्कृति को मजबूत करने के लिए, समुदाय–संलग्नता को मुख्य धारा एजेन्डा का हिस्सा बनाने, अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी के लिए ढांचा, तथा बाह्य हित धारकों को संलग्न करने के उपक्रमों के बारे में चर्चा की गई। संस्थान के अल्प–कालीन, मध्य–कालीन, तथा दीर्घकालीन अवधि के रणनीतिक विषयों से सम्बन्धित मार्ग दर्शन के लिए इस वार्षिक कॉनक्लेव का आयोजन किया जाता है। इस कॉन्क्लेव में पूरे विश्व तथा भारत से प्रसिद्ध शिक्षाविदों के साथ ही साथ उद्योग व सरकार से प्रतिभागी शामिल हुए।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर का मोनोग्राफ प्रकाशन

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने '***साबरमती पर परिसर***' श्रंखला के अंतर्गत आवासीय निर्माण के लिए प्रथम मोनोग्राफ "***सीमित चिनाई***" हाल ही में प्रकाशित किया। इस प्रकाशन में 30 भवनों से ज्यादा (छात्रावास तथा संकाय व स्टाफ आवास) के लिए सीमित चिनाई प्रौद्योगिकी के उपयोग की चर्चा की है। इस मोनोग्राफ से सीमित चिनाई की उत्कृष्ट विशेषताओं के बारे में भारत तथा अन्यत्र निर्माण पेशेवर लोगों को संवेदनशील बनाने व शिक्षित करने में सहायता की अपेक्षा की जाती है। सम्पर्क करने के लिए पूर्ण विवरण निम्नलिखित है। श्रंखलाओं का उद्देश्य भा.प्रौ.सं. गांधीनगर परिसर के विकास की चर्चा करना है।

Monograph | www.iitgn.ac.in/sites/default/files/ConfinedMasonry.pdf

अंडर्राइटर्स प्रयोगशाला चुनौती 2014

अंडर्राइटर्स प्रयोगशाला (यू.एल.) 2009 से हर वर्ष भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के अवर–स्नातक विद्यार्थियों के लिए एक अभियांत्रिकी चुनौती जारी करता है। इस वर्ष इस प्रतियोगिता ने ***विद्युत अग्नि*** पर ध्यान केन्द्रित किया। ***श्री निवासन डेसिकन वी.***, निदेशक, ऑपरेशन ऑफ यू.एल. दक्षिण एशिया ने 23 अप्रैल, 2015 को विजेता टीम की, उद्घोषणा की। 8 विद्यार्थी (***सूरज कुमार भोसले, मयंक खेवरिया, अक्षय वर्मा, अमित यादव, सूर्य कुमार माणे, प्रथम गोयल, कपिल पाठक*** तथा ***दीपेन सोमानी***) यू.एल. चैलेंज, 2014 के विजेता चुने गए। फेज 2 के दौरान अधिक गहराई में कम वोल्टेज अनुप्रयोगों में विद्युत अग्नि के कारणों का अध्ययन करने के लिए टीम ने भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में प्रयोगों व विश्लेषण की प्रतिकल्पना पर काम को शिकागो में अंडर्राइटर्स प्रयोगशालाओं में प्रयोगशाला सुविधाओं का प्रयोग करते हुए बढ़ाया। 7 विद्यार्थियों ने यू.एल. शिकागो तथा राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा प्रयोगशाला डेनवर कोलोराडो, (एन.आर.ई.एल.) प्रयोगशाला का दौरा किया। यह टीम वर्तमान में अपने काम पर आधारित एक तकनीकी पत्र तथा सुरक्षित विद्युत पात्रों पर एक डिजाइन परयोजना पर कार्य कर रही है।

एस.आर.आई.पी. 2015

देश की प्रमुख संस्थाएं भा.प्रौ.सं. खड़गपुर, भा.प्रौ.सं. मद्रास, भा.प्रौ.सं. बीएचयू, आई.एस.एम. धनबाद, आई.आई.एस.टी. त्रिवेन्द्रम तथा एस.वी.एन.आई.टी. सूरत, से 74 विद्यार्थियों ने 2015 के ***ग्रीष्मकालीन शोध अंतःशिक्षुता कार्यक्रम*** (एस.आर.आई.पी.) में भाग लिया। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के 126 विद्यार्थियों के साथ–साथ सास्काचवान विश्वविद्यालय से भी एक विद्यार्थी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। एस.आर.आई.पी. 2015 एक मई से दस जुलाई, 2015 के दौरान आयोजित किया गया। ***प्रा. चेतन पहलजानी*** तथा ***प्रा. शन्मुगनाथन रमण*** ने ***प्रा. भास्कर दत्ता*** के मार्ग दर्शन में इस कार्यक्रम का संयोजन किया।

आर.ई.एफ.ई.सी.ओ.'15

रिसर्च फेरेट कॉनफैब 2015 (आर.ई.एफ.ई.सी.ओ.'15) भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के पीएच.डी. विद्यार्थियों की एक पहल है जिसके द्वारा वे समाज को प्रभावित करने वाले विज्ञान व प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त विचारों व चुनौतियों के सहभाजन के साथ सहचर्य में शोध के अन्तरविषयक प्रकृति की खोजबीन करना चाहते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन 11–12 अप्रैल, 2015 के दौरान हुआ। शिरकत करने वालों में भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के विद्यार्थियों के साथ, आई.आई.एस.ई.आर., मोहाली, भा.प्रौ.सं. दिल्ली, आई.आई.एस.ई.आर., पुणे, निरमा विश्वविद्यालय, वी.जी.ई.सी., एल.डी. महाविद्यालय, पी.डी.पी.यू., तथा एम.एस. विश्वविद्यालय वडोदरा के विद्यार्थी शामिल हैं। कार्यक्रम में 55 मौखिक प्रस्तुतीकरण तथा 18 पोस्टर प्रस्तुतीकरण पेश हुए। आमंत्रित वक्ताओं में ***प्रा. अनिल के गुप्ता***, भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद; ***डा. तारा नायर***, जी.आई.डी.आर; तथा ***प्रा. राजगोपालन श्रीनिवासन***, भा.प्रौसं गांधीनगर शामिल थे।

बुनियादी अभियांत्रिकी विषयों पर ग्रीष्मकालीन विद्यालय

जून 8 – जुलाई 4, 2015 के दौरान अभियांत्रिकी के शुरुआती दो वर्षों में सामान्य रुप से सिखाये जाने वाले बुनियादी अभियांत्रिकी विषयों को पढ़ाने की पद्धति को बेहतर बनाने हेतु एक चार–सप्ताह का ग्रीष्मकालीन विद्यालय आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय अभियांत्रिकी महाविद्यालयों से करीब 120 संकाय सदस्य तथा 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

संज्ञान, मस्तिष्क तथा आकलन पर तृतीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के संज्ञानात्मक विज्ञान केन्द्र ने 5–7 दिसम्बर, 2015 के दौरान ***तृतीय संज्ञान, मस्तिष्क तथा आकलन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन*** की मेजबानी की। यह सम्मेलन संज्ञान के अध्ययन में स्नायु विज्ञान तथा कम्प्यूटेशनल पहुंच के मध्य एक अन्तरविषयक संवाद को साथ लाया। इस कार्यक्रम में पूरे भारत से 150 सदस्यों ने शिरकत की ***प्रा. कृष्ण पी मियापुरम***, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने सम्मेलन का संयोजन किया।

एफ.एफ.ई. विद्वानों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने 15 जून से 4 जुलाई 2015 के दौरान एफ.एफ.ई. विद्वानों के लिए एक ***ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम*** की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में पूरे देश से कुल 58 अभियांत्रिकी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी प्रशिक्षण, संचार कला तथा अंग्रेजी बोलना–सीखना था। इस कार्यक्रम का संयोजन ***सुश्री सुषमा अब्बूरी***, मु.का.अ., फाउण्डेशन फॉर एक्सिलेंस इंडिया ट्रस्ट तथा ***प्रा. जयसन मंजली*** ने किया।

प्रथम भारत–चीन युवा अभियंता नेता कॉनक्लेव

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने अक्टूबर 7–9, 2015 को भारतीय राष्ट्रीय अभियंता एकेडमी (आई.एन.ए.ई.) तथा चीन अभियंता एकेडमी के सहचर्य से प्रथम ***भारत–चीन युवा अभियंता नेता कॉनक्लेव*** की मेजबानी की। इस कॉनक्लेव के 4 थीम में: सुरक्षा प्रौद्योगिकी तथा संस्कृति; स्वास्थ्य देखभाल उपकरण; विशाल डाटा, तथा स्वच्छ जल शामिल हैं। ***डा. के. कस्तूरीरंगन***, भारतीय परमाणु सुरक्षा केंद्र के पूर्व अध्यक्ष, इसके मुख्य अतिथि थे। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में ***डा. बलदेव राज*** भा.प्रौ.सं. गांधीनगर शासकीय मण्डल के अध्यक्ष, ***श्री एम. बी. कोतवाल***, लार्सन व टुब्रोय ***डा. झोंग झिउहा***, चीन अभियंता एकेडमी के महासचिव शामिल थे। इस कार्यक्रम में 15 चीनी व 25 भारतीय प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का संयोजन ***प्रा प्रणब महापात्र***, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने किया था।

कचरे से खिलौने

अपने ***स्कूल आउटरीच गतिविधियों*** के एक भाग के रूप में भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने 12 अक्टूबर 2015 को 2 केन्द्रीय विद्यालय स्कूलों के 11वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए ***कचरे से खिलौने*** बनाने का आयोजन किया। ***श्री मनीष जैन***, भा.प्रौ.सं. कानपुर स्नातक जो अब विज्ञान व गणित को स्कूलों में लोकप्रिय बनाने के लिए पूरा समय कार्य करते हैं ने रोजमर्रा की चीजों से बने खिलौनों के द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान की अद्‌भुत अनुभूति प्रदान की।

विज्ञान–दिवस

12 मार्च, 2016 को भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में विज्ञान के विभिन्न रहस्यों को प्रदर्शित किया गया जिन्हें लाइफ हैक्स या मनोरंजन के तौर पर उपयोग किया जा सकता है। यह प्रदर्शन संस्थान का विज्ञान दिवस मनाने का हिस्सा था जिसका उद्देश्य विज्ञान की शक्ति के बारे में जनता में ज्यादा जागरुकता लाना है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रदर्शनों के साथ करीब 50 स्टॉल थे। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर द्वारा प्रदर्शित प्रयोगों के अलावा कार्यक्रम में भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पी. आर.एल.), विक्रम साराभाई समुदाय विज्ञान केन्द्र द्वारा कई दिलचस्प प्रदर्शन तथा कार्यशालाओं की मेजबानी की गई। इस कार्यक्रम ने हजारों स्कूल–विद्यार्थियों तथा अन्य आगन्तुकों की मेजबानी की। भौतिक विज्ञान रसायन विज्ञान तथा इलेक्ट्रॉनिक्स विज्ञान प्रश्नोत्तरी, जादू का खेल, रॉकेटरी कार्यशालाओं के साथ प्रयोगों के अलावा अन्य गतिविधियां भी आगन्तुकों के लिए प्रदर्शित की गईं। यह कार्यक्रम भा.प्रौ.सं. गांधीनगर की राष्ट्रीय आविष्कार अभियान (आर.ए.ए.) गतिविधियों का एक हिस्सा है जो सर्व

भारत की खोज

14–23 दिसम्बर, 2015 के दौरान आयोजित ***भारत की खोज*** के चतुर्थ संस्करण में जापान उन्नत विज्ञान व प्रौद्योगिकी संस्थान (जे.ए.आई.एस.टी.) के 3 सदस्यों की एक टीम के साथ केलटेक के 12 विद्यार्थी तथा भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के 16 विद्यार्थी शामिल हुए। प्रमुख वक्ताओं में ***प्रा. रोवेना रॉबिनसन*** भा.प्रौ.सं. बॉम्बेय ***डा. लिंन्डा हेंस***, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालयय ***प्रा. सुरिन्द्र जोद्याका***, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालयय ***सुश्री अमृता शाह***, स्तम्भकार, गैर कक्षा लेखक, शामिल थे। भारत की खोज की धारणा पहली बार विदेशी विद्यार्थियों के लिए भारत में एक सांस्कृतिक दर्शन की

मेजबानी करने के लिए 2011 में बनाई गई। कार्यक्रम का संयोजन ***प्रा. जयसन ए. मंजली*** तथा ***प्रा. रीता कोठारी*** ने किया।

शिक्षा अभियान (एस.एस.ए) तथा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आर.एम.एसए.) द्वारा समर्पित है। इस कार्यक्रम का संयोजन ***प्रा. श्रीराम कन्वाह*** तथा ***प्रा. शिवकुमार जोलाड*** ने किया।

केनरा बैंक की शाखा का उद्घाटन

संस्थान के स्थाई परिसर में 19 नवम्बर, 2015 को निदेशक, ***प्रा. सुधीर कु जैन*** ने केनरा बैंक की एक शाखा का उद्घाटन किया। यह बैंक उसी दिन से विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के साथ संचालित हो गया जिसमें 24 घंटे ए.टी.एम. सेवा भी शामिल हैं।

अवर स्नातक शोध पर चर्चा

केलटेक के विद्यार्थी–संकाय कार्यक्रम की निदेशक ***सुश्री कैन्डेक रिपिजी*** ने 17 दिसम्बर, 2015 को संकाय तथा शोध विद्यार्थियों से मुलाकात की। इस बैठक का मुख्य विषय, केलटेक के अत्यधिक प्रशंसनीय एस.यू.आर.एफ. कार्यक्रम के संदर्भ में "अवर–स्नातक अनुसंधान में उत्कृष्टता की विशेषता" तथा अवर–स्नातक स्तर से ही शोध को बढ़ावा देने के लिए भा.प्रौ.सं. गांधीनगर की दृष्टि के बारे में चर्चा करना था।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने एक दिन के लिए 150 बालिकाओं की मेजबानी किया

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने एक दिन के लिए 11 फरवरी, 2016 को 150 विद्यार्थियों के एक समूह की मेजबानी की। एम.बी.आई.सी.टी. न्यू वल्लभ विद्यानगर के बी.टेक. विद्यार्थियों के साथ 9 संकाय सदस्यों का परिसर में उपलब्ध सुविधाओं से परिचय कराया गया जिसमें इलेक्ट्रॉनिक प्रयोगशाला, संज्ञानात्मक विज्ञान प्रयोगशाला, कम्प्यूटेशनल न्यूरोसाइंस प्रयोगशाला, तथा यांत्रिक अभियांत्रिकी प्रयोगशाला, छात्रावास, इत्यादि शामिल हैं। दिन के बचे हुए भाग में भा.प्रौ. सं. गांधीनगर संकाय के द्वारा परस्पर संवादात्मक बैठक ने महिलाओं के उपलब्ध अवसरों को पहेलियों तथा खेलों के जरिए कम्प्यूटर विज्ञान की कुछ रोचक सूचना प्रदान की गईं। ***प्रा. बिरेस्वर दास*** ने इस मेजबानी का संयोजन किया।

वार्षिक पिकनिक

14 फरवरी, 2016 को गुजरात वन्य शोध व प्रशिक्षण संस्थान, गांधीनगर में वार्षिक पिकनिक का आयोजन हुआ। 200 से अधिक व्यक्ति पूरे दिन के कार्यक्रम का हिस्सा रहे जिसमें संकाय, स्टाफ तथा उनके परिवार के सदस्य शामिल थे। खेल और हाइक्स के अलावा भा.प्रौ.सं. गांधीनगर परिवार ने मंच पर अंताक्षरी कार्यक्रम का आनंद लिया जिसे ***प्रा. मालविका सुब्रमणयम*** तथा ***सुश्री सौम्या हरीश*** ने संचालित किया। प्रा. अतुल दीक्षित तथा अन्य ने कई सांस्कृतिक प्रदर्शन दिए। इस भ्रमण का संयोजन ***प्रा. नीलधारा मिश्रा*** ने किया।

विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियां

योग्यता सह–साधन छात्रवृत्तियां

2015–16 के दौरान सामान्य और अन्य पिछड़े वर्ग के 87 अवर–स्नातक तथा 11 अधिस्नातक विद्यार्थियों को योग्यता सह–साधन छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। यह योग्य छात्रों को (प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए उच्च जे.ई.ई./जे.ए.एम. श्रेणी तथा वरिष्ठ विद्यार्थियों के लिए 6.5 से ऊपर सी.पी.आई.) प्रदान की जाती है, जिनके मातापिता की आय सीमित है (4.5 लाख प्रति वर्ष तक)। एक एम.सी.एम. छात्रवृत्ति में शिक्षण शुल्क छूट (वर्तमान वैल्यू 90,000 प्रति वर्ष) तथा 10 महीने के लिए प्रति माह एक हजार रुपए दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षण शुल्क छूट 14 अवर–स्नातक विद्यार्थियों को प्रदान की गई जो एम.सी.एम. में नहीं आते लेकिन जिन्हें वित्तीय सहायता की जरूरत है।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के सभी विद्यार्थियों को शिक्षण–शुल्क छूट है। इसके अतिरिक्त, 15 अवर–स्नातक तथा 7 अधिस्नातक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के विद्यार्थियों को निःशुल्क भोजन तथा 10 महीने के लिए प्रति माह रु 250/– दिए जाते हैं जिनके माता–पिता की आय एम.सी.एम. छात्रवृत्ति के लिए दी गई राशि के अंतर्गत आती है।

गीता और पृथ्वीश गोस्वामी छात्रवृत्ति

गीता और पृथ्वीश गोस्वामी पुरस्कार प्रथम वर्ष के एक छात्र को दी जाती है। इसमें प्रति माह 10 महीने के लिए रु 1500 दिए जाते हैं। एम.सी.एम. छात्रवृत्ति मापदण्ड के साथ चयनित छात्र इस छात्रवृति के लिए योग्य हैं। 2015–16 वर्ष के लिए यह छात्रवृत्ति ***हरदीप*** को दी गई है।

एस सी मेहरोत्रा छात्रवृत्ति

एस. सी. मेहरोत्रा छात्रवृत्ति द्वितीय वर्ष के सिविल अभियांत्रिकी में अवर–स्नातक छात्र को अगले 6 सत्रों के लिए दी जाती है। एम.सी.एम. छात्रवृत्ति मापदण्ड के साथ चयनित छात्र इस छात्रवृत्ति के लिए योग्य हैं। इसमें प्रति माह रु 1500 दिए जाते हैं। ***वाड्डीनेनी सृजा*** तथा ***बी. प्रणव चक्रवर्ती*** 2015–16 वर्ष के लिए छात्रवृत्ति के प्राप्तकर्ता हैं।

नितिन पी संत छात्रवृत्ति

नितिन पी संत छात्रवृत्ति अगले 6 सत्रों के लिए सिविल अभियांत्रिकी तथा पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के द्वितीय वर्ष के छात्रों को दी जाती है। एम.सी.एम. छात्रवृत्ति मापदण्ड के साथ चयनित छात्र इस छात्रवृत्ति के लिए योग्य हैं। इस छात्रवृत्ति में रु 20 हजार प्रति वर्ष के साथ शिक्षण शुल्क की छूट दी जाती है। सिविल अभियांत्रिकी की ***प्रेरणा सिंह*** तथा पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के ***दीपक धरीवाल*** 2015–16 वर्ष के लिए इस छात्रवृत्ति के प्राप्तकर्ता रहे।

प्रा. एम. एच. दीवेकर छात्रवृत्ति

प्रा. एम. एच. दीवेकर छात्रवृत्ति तृतीय वर्ष बी.टेक. (रसायन अभियांत्रिकी) के उस छात्र को दी जाती है जिसने तृतीय वर्ष के अंत में रसायन अभियांत्रिकी में उच्चतम ग्रेड प्राप्त किए हैं। इस छात्रवृत्ति में रु 2 हजार प्रति माह 10 माह के लिए दिए जाते हैं। एम.सी.एम. छात्रवृत्ति मापदण्ड के साथ चयनित छात्र इस छात्रवृत्ति के लिए योग्य हैं। ***निशीत शेट्टी*** 2015–16 वर्ष के लिए इस छात्रवृत्ति के प्राप्तकर्ता हैं।

उत्कृष्टता के लिए छात्रवृत्ति

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने शैक्षणिक, खेलकूद, कला तथा संस्कृति, व सामाजिक कार्य व नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कई योग्यता छात्रवृत्तियां स्थापित की हैं। यह छात्रवृत्तियां योग्यता–सह–साधन छात्रवृत्तियों से भिन्न हैं तथा मात्र संबंधित क्षेत्रों में उत्तकृष्ट उपलब्धियों के आधार पर ही दी जाती हैं। इस छात्रवृत्ति में 10 महीने के लिए प्रति माह दो हजार रुपए की छात्रवृत्ति मिलती है। 2015–16 के शैक्षणिक वर्ष के लिए उत्कृष्टता छात्रवृत्तियां निम्नलिखित मापदण्डों पर दी गई हैं:

शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए छात्रवृत्ति

निशीत शेट्टी (सी.पी.आई. 8.82), *जतिनदीप सिंह* (सी.पी.आई. 9.48) तथा राधिका पाटिल (सी.पी.आई. 9.69), तृतीय बैच के 2015–16 वर्ष के लिए शैक्षणिक क्षेत्र में छात्रवृत्ति के नए प्राप्तकर्ता हैं:

अनुराग सिंघानिया (सी.पी.आई. 9.35), *ऋषभ आनंद* (सी.पी.आई10.00), *भार्गव चौहान* (सी.पी.आई. 9.68) तथा *श्रीनिवासन ए* (सी.पी.आई 9.33) द्वितीय बैच के 2015–16 वर्ष के शैक्षणिक क्षेत्र में छात्रवृत्ति के नए प्राप्तकर्ता हैं। *वासुदेव गोहिल* (सी.पी.आई. 9.02) *क्षितिज सेठ* (सी.पी.आई. 9.50), *विनोद रामकृष्णन* (सी.पी.आई 9.65), *वरुण अग्रवाल* (सी.पी.आई. 9.22) तथा *आयुष्मान त्रिपाठी* (सी.पी.आई 9.48) प्रथम बैच के 2015–16 वर्ष के शैक्षणिक क्षेत्र में छात्रवृत्ति के नए प्राप्तकर्ता हैं।

खेलकूद में उत्कृष्टता के लिए छात्रवृत्ति

खेलकूद में उत्कृष्टता के लिए छात्रवृत्ति अंतर– भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खेलकूद स्पर्धा या समकक्ष राष्ट्रीय कार्यक्रमों में प्रदर्शित उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अधिकतम 6 विद्यार्थियों को प्रदान की जाती है। *प्रदीप दिवाकर, अनिमेश सिंह कुमावत* तथा *निशा रावत* को 2015–16 वर्ष के लिए यह छात्रवृत्ति दी गई।

कला व संस्कृति में उत्कृष्टता के लिए छात्रवृत्ति

दो छात्रों को सांस्कृतिक तथा अन्य कला महोत्सवों में अंतर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान सांस्कृतिक मिलन समारोह या समकक्ष राष्ट्रीय कार्यक्रमों में प्रदर्शित उत्कृष्ट प्रदर्शनों के लिए दी जाती है। *ऋषभ जैन* को यह छात्रवृत्ति वर्ष 2015–16 के लिए दी गई।

सामाजिक कार्य व नेतृत्व में उत्कृष्टता के लिए छात्रवृत्ति

सामाजिक कार्य व नेतृत्व में उत्कृष्टता के लिए छात्रवृत्ति दो विद्यार्थियों तक को संस्थागत मामले (कार्यक्रमों के आयोजन तथा विद्यार्थी–मामलों में जिम्मेवारियां निभाना शामिल हैं) या सामाजिक कार्य में प्रदर्शित उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए दी जाती है। *पलक सदानी* व *कुशल सलेचा* को 2015–16 के लिए यह छात्रवृत्ति दी गई।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर नवाचार व उद्यमिता केंद्र

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने ***नवाचार तथा उद्यमिता, उद्भवन***, आइ.पी. प्रबंधन तथा व्यवसायिकता को बढ़ावा देने के लिए संपूर्ण रणनीति लागू करने के लिए एक पृथक सेक्शन 8 कंपनी "भा.प्रौ.सं. गांधीनगर नवाचार व उद्यमिता केन्द्र" (आई.आई.ई.सी.) को निगमित किया है। इस कंपनी को भा.प्रौ.सं. गांधीनगर की सेवा भुजा माना गया है जो उद्यमी मनोवृत्ति तथा सफल स्पिनआउट्स को बढ़वा देने के लिए एक सतत् पारिस्थितिक तंत्र बनाने की तरफ कार्य करेगा।

स्टार्टअप शीतकालीन अंतःशिक्षुता कार्यक्रम (एस.डब्लू.आई.पी.)

अपने विद्यार्थियों को विभिन्न काम के माहौल से रूबरू कराने की प्रतिबद्धता, साथ ही अपने पूर्व छात्र तथा विद्यार्थियों द्वारा आरम्भ किए स्टार्टअप में सहायता करने व पोषण करने के लिए, संस्थान ने एक अंतःशिक्षुता कार्यक्रम शुरू किया है जहां जूनियर अवर स्नातकों को सत्रों के बीच के अंतराल के दौरान अपने विद्यार्थियों द्वारा स्थापित स्टार्टअप कंपनियों में प्रशिक्षु के तौर पर काम करने के लिए प्रायोजित किया जाता है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को अत्यधिक विकसित व गतिशील स्टार्टअप माहौल में काम करने का अनुभव प्राप्त करने में सहायता करता है। ***स्टार्टअप शीतकालीन अंतःशिक्षुता कार्यक्रम*** में चयनित छात्रों को प्रति सप्ताह लगभग 3 हजार रुपए अंतःशिक्षुता प्रदान किया गया। इसी तरह 2016 के ग्रीष्मकाल में इस कार्यक्रम को जारी रखने की योजना है।

वर्तमान इनक्यूबेटीज

क्रेटिफ की स्थापना सड़क की सुरक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य के साथ, 2015 कक्षा के ***आकाश केशव सिंह, हर्ष गुप्ता*** तथा ***सुशील कुमार शिसोदे*** ने किया। क्रेटिफ ने एक एप्लिकेशन बनाई है जो वाहन चालकों को उनकी ड्राइविंग का आकलन करने तथा उसे बेहतर बनाने के लिए वाहनों से डाटा इकट्ठा करती है। इसे राइस विश्वविद्यालय के सहयोग द्वारा आयोजित अहमदाबाद चैप्टर ऑफ इन्टरनेशनल बिजनेस प्लान प्रतियोगिता के लिए विजेता घोषित किया गया है। इस सम्बन्ध में अतिरिक्त जानकारी http://www.cratif.com/ पर उपलब्ध है।

2015 कक्षा के ***ध्येय शाह, इप्सित तिवारी, प्रीत शाह*** तथा ***अंकित पंडोले*** ने ***4 डी.ई.ए.*** आरम्भ किया है, यह आभासी वास्तविकता तथा इन्टरेक्टिव मीडिया के क्षेत्र में तकनीकी रूप से संचालित स्टार्टअप है। यह 360 डिग्री गोलाकार नयनाभिराम चित्र लेकर वास्तविक स्थानों तथा वास्तविक कार्यक्रमों का आभासी भ्रमण का सृजन करता है। यह एक सूचना–लेयर भी प्रदान करता है जिसे फोटो, वीडियो तथा टेक्स्ट को लगाने/ट्वीट करने के लिए प्रयोग किया जा सकता है, इसे 3डी स्पेस में विशिष्ट सुविधाओं को उजागर करने के लिए प्रयोग किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी http://www.4dea.com/ पर उपलब्ध है।

अरबन हंट एक गैम्बिफायड, माइक्रो–रिवार्ड आधारित संलग्नात्मक मंच जहां ब्रांड्स उपभोक्ता–अंतदृर्ष्टि को खोलने व प्रत्येक टच–प्वाएंट पर खरीदारी की पसंद तथा मुख्य डाटा को जमा करके व्यापक विश्लेषण का प्रयोग करके सहकर्मी–संचालित मार्केटिंग को खोलने के लिए प्रोत्साहन अभियान चला सकते हैं। 2014 कक्षा के ***जितेश शाह*** तथा ***सुमित देशमुख*** ने अरबन हंट को प्रवर्तित किया है। इस सम्बन्ध में अतिरिक्त जानकारी http://www.urbanhunt.in/ पर उपलब्ध है।

जीयो–कार्ट राडार प्रौद्योगिकी प्राइवेट लि. यह ग्राउंड पेनेट्रेटिंग राडार (जी.पी.आर.) का प्रयोग कर उपसतह–जांच के लिए नवाचार पहुंच देने के उद्देश्य से गैर विनाशकारी भूभौतिकीय अन्वेषण के क्षेत्र में काम कर रहा है। इसे ***सिल्की अग्रवाल*** ने स्थापित किया है।

बौद्धिक संपदा

2015–16 के दौरान संकाय सदस्यों द्वारा कुल 9 आविष्कार किये गये जिनमें से 5 को भारतीय पेटेंट कार्यालय में पेटेंट दाखिल करने की अनुमित दी गई। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के ***प्रा. उत्तमा लहिड़ी*** द्वारा ***डा. अनिरबन दत्ता,*** आई.एन.आर.आई.ए. तथा कोलकता के वरिष्ठ स्नायु विशेषज्ञ सलाहकार, ***डा. अभिजीत दास*** के सहयोग से विकसित एक अन्वेषण के लिए भी एक पी.सी.टी. आवेदन दाखिल किया है।

वाइब्रैंट सौराष्ट्र में भागेदारी

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने राजकोट में गुजरात सरकार द्वारा जनवरी 8–10, 2016 के दौरान आयोजित ***वाइब्रैंट सौराष्ट्र एक्सपो तथा समिट 2016*** में भाग लिया। वाइब्रेंट सौराष्ट्र 2016 का मुख्य जोर महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सम्मिलत विकास था जैसेः नवाचार निरंतरता, उद्योग, प्रौद्योगिकी, युवा व कौशल विकास, जानकारी साझेदारी तथा नेटवर्किंग। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने एक्सपो में तकनीक, नवाचार तथा उद्यमिता पहल का प्रदर्शन किया जो आगन्तुकों द्वारा सराहा गया।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में शोध पार्क की स्थापना

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने एक नवाचार–समूह के निर्माण करने के उद्देश्य से, अपने परिसर के नजदीक एक शोध–पार्क की स्थापना का प्रस्ताव पेश किया जो भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के शोधकर्ताओं, स्थानीय उद्योगों, वैश्विक अनुसंधान एवं विकास फर्मों को केन्द्र, स्टार्टअप्स तथा उद्भवन की अनवरत संलग्नता को कामयाब बनाता है। इस प्रस्ताव का मा.सं.वि.मं. तथा डी.एस.टी की संयुक्त समिति ने मूल्यांकन किया तथा इसने 70 करोड़ रुपए की सहायता के साथ भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में शोध पार्क की स्थापना का अनुमोदन किया है।

सम्मेलन/कार्यशाला/संगोष्ठी/ विचार–गोष्ठी

महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियां हैं जो विषयों के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा प्रोत्साहित करने में सहायता करती हैं। इनमें से कई गतिविधियां अन्य संगठनों से भागीदारी आमंत्रित करती हैं तथा बाह्य विश्व में संस्थान की दृश्यता में वृद्धि करती हैं। 2015–16 के दौरान निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गईं

- ***उद्यमिता विकास कार्यशाला***, 2–6 अप्रैल 2015 तथा जून 8–12, 2015 के दौरान, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर समुदाय आउटरीच कार्यक्रम नीव/एन. ई.ई.बी., ***सुश्री श्रद्धा जैन, सुश्री स्वाति वर्मा, सुश्री सौम्या हरीश, श्री बी. आर. वेण्कटेश*** तथा ***श्री जोसफ पियुस*** के द्वारा।
- ***अन्तःस्थापित प्रणाली तथा सामग्रियों के इंटरनेट*** (आई.ओ.टी.), ***प्रा. जॉयसी मेकी***, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर द्वारा, 30 अप्रैल–2 मई, 2015 के द्वारा।
- ***इन्टेल गैलीलियो प्रयोग करते हुए डिजाइनिंग अन्तः स्थापित प्रणाली तथा सामग्रियों के इन्टरनेट*** (आई.ओ.टी.) पर, हैंड्स–ऑन कार्यशाला, ***प्रा. जॉयसी मेकी***, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर, 4–5 मई, 2015 के द्वारा।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के साथ ***इतिहास, स्टोन बीड्स का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी***, पर अल्पकालीन पाठ्यक्रम–सह–कार्यशाला, 10–14 अगस्त, 2015 संसाधन व्यक्तियों में, ***प्रा. जे. एम. केनोयर, डा. रानडाल लॉ***, विस्कॉनसीन–मेडिसन विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका, ***प्रा. मैस्सीमो विडाले***, पाडोवा विश्वविद्यालय, इटली; ***डा. बेरेनीस बेलिना***, राष्ट्रीय वैज्ञानिक शोध केंद्र, फ्रांसय ***डा. बुंचर पोंगपैनिक***, बुद्धादासा इंडापैन्नो आर्काइव–बी.आई.ए., थाईलैंडय ***डा. एल. डुस्सूबियुक्स***, दि फिल्ड म्यूजियम, शिकागो; ***प्रा. मनाबू कोइसो***, कोबे यामाटे विश्वविद्यालय, जापान; शामिल हैं।
- ***आपदा के बाद आवास और पुनःशहरीकरण के लिए पात्रों*** पर कार्यशाला 19–21, अगस्त, 2015। इसमें बहुविषयक टीमें शामिल हुईं जिसमें अभियंता आर्किटेक्ट तथा ई.पी.एफ.एल. लौसेन्ने, यू.टी.एम. मलेशिया से समाजिक मानवविज्ञानी, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर तथा अन्य शामिल थे।
- टी.ई.क्यू.आई.पी–2 के अंतर्गत ***शैक्षणिक नेतृत्व तथा सर्वोत्तम अभ्यास*** पर एक दिवसीय कार्यशाला 19 सितम्बर, 2015 गुजरात में शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय से 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संसाधन व्यक्ति थे ***प्रा. सुधीर कु जैन*** तथा ***प्रा. अमित प्रशांत***।
- ***डाटा के साथ प्रतिकल्पना*** पर एक कार्यशाला, 27 अक्टूबर, 2015 को ***सुश्री हर्षदा पाटिल***, डिजाइनर, ग्लोबल नोमाद।
- ***शोध प्रणाली विज्ञान*** पर एक कार्यशाला, भा.प्रौ. सं. गांधीनगर में 27 अक्टूबर, 2015 को टी.ई. क्यू.आई.पी–2 के संरक्षण में, ***प्रा. अमित प्रशांत*** ने समन्वय किया।
- ***सृजनात्मक कार्य*** पर कार्यशाला, 27 जनवरी, 2016 को ब्रिटिश कांउसिल के साथ सहयोग से बरमिंघम विश्वविद्यालय के ***श्री ल्यूक केन्नाई***।
- ***लिंग और लैंगिकता*** पर ***एक कार्यशाला. भारत में सिद्धांत और राजनीति***, 4 फरवरी, 2016, ***प्रा. स्वाति शाह*** मैसेशुसेट्स विश्वविद्यालय, एमहर्स्ट।

- ***वैश्वीकरण तथा हाशिए*** पर एक कार्यशाला 9 फरवरी, 2016 को आयोजित की गयी। ***प्रा. जैन ब्रेमैन***, एम्सटरडैम विद्यालय ने प्रमुख व्याख्यान दिया। इसमें ***प्रा. घनश्याम शाह***, पहले जेएनयू में थे, ***प्रा. इंदिरा हिरवे***, वैकल्पिक विकास केन्द्र, अहमदाबाद तथा ***प्रा. तारा नायर***, गुजरात शोध विकास संस्थान, अहमदाबाद शामिल हुए।
- ***विधाओं पर चर्चाएं. शिक्षण और अधिगम*** पर ***एक विचार–गोष्ठी*** 13 फरवरी, 2016 को आयोजित की गयी। ***प्रा. रमेश गाँवकर***, तथा ***प्रा. सुधीर कु जैन***, निदेशक, इस कार्यक्रम के सभापति थे। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के अलावा इस कार्यक्रम में ***प्रा. सहाना मूर्ति***, भा.प्रौ.सं. बॉम्बे तथा ***प्रा. श्रीपद करमारकर***, भा.प्रौ.सं. मद्रास शामिल हुए।
- ***शिक्षक कार्यशाला–2, श्री मनीष जैन, डा. प्रोचेता मल्लिक, श्री अरविंद गुप्ता*** द्वारा ली गई। Arvindguptatoys.com ने 9–12 कक्षा के शिक्षकों को लक्षित किया, यह कार्यक्रम 25–26 फरवरी, 2016 को संपन्न हुआ।

दीर्घकालिक विकास पर कार्यशाला

01 मई, 2015 को रणनीतियां, अहम जरूरतों तथा अवसरों की पहचान, साथ ही क्षमतावान भागीदार संस्थाओं, संगठनों तथा व्यक्ति जो ***दीर्घकालीक विकास कार्य*** में संलग्न हैं, उनका पता लगाने के लिए दीर्घकालिक विकास पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भा.प्रौ.सं. गांधीनगर द्वारा प्रस्तावित, दीर्घकालिक केन्द्र (सी.एस.डी.) के लिए इसकी योजनाओं को मजबूत करने में सहायता करने के लिए, सरकार, शैक्षणिक संस्थानों तथा सिविल समाज के महत्वपूर्ण व्यक्तियों के एक चयनित समूह को एक साथ लाया गया है। शिरकित करने वालों में ***श्री राज मशूरूवाला***, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर प्रतिष्ठान, पालो अल्टो, केलिफोर्निया, संयुक्त राज्य अमेरिका, ***श्री श्रीकर डोले***, आई.एल.एंड.एफ.एस एकेडमी ऑफ एप्लायड डेवलेपमेंट (आई.ए.ए.डी.), ***श्री अखिलेश मगाल***, गुजरात ऊर्जा शोध व प्रबंधन संस्थान (जी.ई.आर.एम.आई.), गांधीनगर, ***सुश्री निधि पासी***, वाटर एड, नई दिल्ली, ***श्री भरत पाठक***, जी.ई.ई.आर. प्रतिष्ठान, गांधीनगर, ***प्रा. मिलन्द सोहोनी***, भा.प्रौ.सं. बॉम्बे, ***श्री अजय गज्जर***, एस.एफ.सी. पर्यावरणीय टेक, मुंबई, ***सुश्री जीनत नियाजी***, विकल्प–विकास, नई दिल्ली, ***डा. शंबू प्रसाद***, ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आनंद (आई.आर.एम.ए.), ***प्रा. अमित गर्ग***, भा.प्र.सं. अहमदाबाद, ***प्रा. अजय कतूरी***, सेप्ट विश्वविद्यालय; तथा ***प्रा. विजय राघवन चैरिआर***, भा.प्रौ.सं. दिल्ली। ***प्रा. अचल मेहरा*** तथा ***प्रा. विमल मिश्रा*** ने इस कार्यशाला का संयोजन किया।

वैज्ञानिक व गणितीय संकल्पना की कार्यशाला

फरवरी 5–6, 2016 के दौरान सर्व शिक्षा अभियान द्वारा प्रायोजित विज्ञान–शिक्षकों के लिए एक कार्यशाला संस्थान में आयोजित की गई। गांधीनगर तथा अहमदाबाद जिले के 6–8 कक्षा के करीब 100 विज्ञान शिक्षकों ने इसमें भाग लिया। भा.प्रौ.सं. कानपुर के पूर्व छात्र ***श्री मनीष जैन*** तथा भा.प्रौ.सं. दिल्ली के पूर्व छात्र ***श्री विशाल भट्ट*** द्वारा आयोजित तथा ***प्रा. श्रीराम कन्वाह***, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर द्वारा संयोजित यह कार्यक्रम राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का एक हिस्सा है, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आरम्भ की गई एक पहल है।

सी.ओ.सी.ओ.ए. 2016

कम्प्यूटेशनल विनिमय बीजगणित के लिए एक सॉफ्टवेयर प्रणाली पर आधारित एक अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय, जिसे सी.ओ.सी.ओ.ए कहा जाता है, का आयोजन 22–26 फरवरी, 2016 के दौरान आयोजित किया गया। कम्प्यूटेशनल विनिमय बीजगणित में समकालीन शोध की एक प्रदर्शनी को शोधकर्ताओं को अर्पित करने के उद्देश्य से 1999 से सी.ओ.सी.ओ.ए. स्कूल्स का आयोजन होता रहता है। पहली बार यह विद्यालय भारत में आयोजित किया गया है। प्रतिभागियों में इटली व जर्मनी के विद्यार्थी व संकाय के साथ–साथ भारत के कई संस्थान जैसे टी.आई.एफ.आर., भा.प्रौ.सं. बॉम्बे, आई.एम.एस.सी., सी.एम.आई., आई.आई.एस.ई.आर., डी.आर.डी.ओ., आई.आई.एस.एस.टी. तथा कई अन्य विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी व संकाय शामिल हैं। इस विद्यालय का संयोजन ***प्रा. इन्द्रनाथ सेनगुप्ता*** ने किया।

संक्षिप्त पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम–पेशकश के चुनाव व लचीलेपन को बढ़ाने के लिए तथा विभिन्न पृष्ठभूमि के अभ्यागत संकाय जो कम समय के लिए परिसर में आते हैं की विशेषज्ञता से लाभ उठाने के लिए, यहाँ वर्ष पर्यन्त विभिन्न तरह के पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। अपने–अपने क्षेत्र के मान्यता प्राप्त विशेषज्ञों द्वारा 2015–16 के दौरान निम्नलिखित संक्षिप्त पाठ्यक्रम आयोजित किए गए:

- ***श्री रमन भूषण*** तथा ***श्री संजय ओझा***, एकसेंचर (भारत) द्वारा ***वाणिज्य विश्लेषण*** पर संक्षिप्त पाठ्यक्रम, अप्रैल 11–12, 2015।
- ***प्रा. अमित अरोड़ा***, भा.प्रौ.सं. गांधीनगरः ***प्रा. पार्थ सारथी***, भा.प्रौ.सं. भुवनेश्वर तथा ***प्रा .सतीश वासु कैलास***, भा.वि.सं. बेंगलोर, द्वारा ***घर्षण स्टर वेल्डिंग व प्रोसेसिंग*** पर संक्षिप्त पाठ्यक्रम, 26–28 जून, 2015।

- ***इतिहास, विज्ञान व पत्थर के मनकों*** की तकनीक पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सहयोग से अल्प–काल पाठ्यक्रम–सह–कार्यशाला, 10–14 अगस्त, 2015। संसाधन व्यक्तियों में ***प्रा. जे एम केनोयर, डा. रनडाल लॉ***, विस्कॉनसिन–मैडिसन विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका, ***प्रा. मैस्सिमो विडाले***, पाडोवा विश्वविद्यालय, इटली; ***डा. बेरेनीस बेल्लिना***, राष्ट्रीय वैज्ञानिक शोध केंद्र, फ्रांस; ***डा. बुंचर पोंगपेनिक***, बुद्धादास इंडपन्नो आर्काइव–बी आइ.ए., थाइलैंड, ***डा. एल डुसुबीक्स***, दि फील्ड म्यूजियम, शिकागो, ***प्रा. मानाबू कोईसो***, कोबे यामाते विश्वविद्याल, जापान, शामिल थे।
- ***ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी*** पर अल्प पाठ्यक्रम, ***प्रा. टी रामाचंद्रन***, ऐलुफ्लोराइडा लि., 10–14 अगस्त तथा 17–21 अगस्त, 2015।
- ***कॉनफिगरिंग डिजिटल ह्यूमेनिटीज*** पर संक्षिप्त पाठ्यक्रम, ***प्रा. निशांत शाह***, इंस्टीट्यूट ऑफ कल्चर एंड एस्थेटिक्स ऑफ डिजीटल मीडिया, लियूफाना विश्वविद्यालय, द्वारा 22–23 अगस्त, 2015।
- ***ई–बिजनेस व ई–कॉमर्स के परिचय*** पर संक्षिप्त पाठ्यक्रम, ***श्री सुनील गुप्ता***, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आइ.टी.सी. इन्फोटेक, 5–6 सितम्बर, 2015।
- ***भूकंप, भूकंप विज्ञान व आर्किटेक्चर***, ***डा. जे आर कयाल***, भारतीय भूगर्भीय सर्वेक्षण के पूर्व सदस्य, कोलकाता, 15–16 सितम्बर, 2015।
- ***उडी ज्यामिति व संरचनाएं: हैंड्स–ऑन विज्ञान व गणित***, ***श्री मनीष जैन*** द्वारा, आई.यू.सी.ए.ए, पुणे, 10–11 अक्टूबर, 2015।
- ***अभियांत्रिकी तथा मूल्य सृजन***, ***श्री गौतम महाजन***, अध्यक्ष, उपभोक्ता मूल्य प्रतिष्ठान, 10, 16 व 17 अक्टूबर, 2015।
- संरचनात्मक अभियांत्रिकी के लिए ***जैव तकनीक अन्वेषण*** पर अल्प पाठ्यक्रम, ***प्रा. वी.एस. राजू***, प्रतिष्ठित मानद प्राध्यापक, ***प्रा. अजंता सचान***, 15–17, अक्टूबर, 2015।
- ***एक्स–रे विवर्तन*** पर अल्प पाठ्यक्रम, ***प्रा. टी. रामचन्द्रन***, पूर्व प्राध्यापक भा.प्रौ.सं. कानपुर, 26 अक्टूबर से 17 नवम्बर, 2015
- ***भूमि सुधार*** पर संक्षिप्त कार्यक्रम, ***डा. जी वेण्कटप्पा राव***, पूर्व में भा.प्रौ.सं. दिल्ली में कार्यरत, नवम्बर 7,8,14 व 15, 2015।
- ***विकास अध्ययन*** पर संक्षिप्त कार्यक्रम, ***डा. संदीप पाण्डे***, सह–संस्थापक, शिक्षा के लिए आशा, 8–10 नवम्बर, 2015।
- ***राजनीतिक अर्थव्यवस्था*** पर अल्प पाठ्यक्रम, ***श्री अतुल सिंह***, संस्थापक, प्र.का.अ. तथा मुख्य संपादक, फेयर ऑबजर्वर, 12–16 नवम्बर, 2015।
- ***समय–श्रृंखला विश्लेषण*** & ***ए.आर.एम.ए.*** पर एक अल्प पाठ्यक्रम, ***डा. ऐश पहवा***, शिक्षाविद् , लेखक, उद्यमी, तथा प्रौद्योगिकी दूरदर्शी, 21–26 दिसम्बर, 2015।
- ***टेराकोटा डिजाइन*** पर एक संक्षिप्त पाठ्यक्रम, निकुंज वकानी, क्ले क्लब इनोवेशन्स ***प्रा. लि.***, 23–24 जनवरी, 2016।
- ***संगीत के द्वारा समाजिक परिवर्तन की खोज*** पर एक संक्षिप्त पाठ्यक्रम, ***डा. सुसना सरडो***, एवेरियो विश्वविद्यालय, 27 व 28 जनवरी, 2016।
- ***दक्षिणी संचालन*** पर अल्प पाट्यक्रम: ***ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में एशिया व अफ्रीका कइयो सिमोज डे अराउजो***, अंतर्राष्ट्रीय व विकास अध्ययन का ग्रेजुएट संस्थान, जेनेवा, 30–31 जनवरी, 2016।
- ***नवाचार व उद्यमिता वित्त का अर्थशास्त्र***, ***डा. हैरी युकलीया***, प्रबंधन सलाहकार, 21–28 मार्च, 2016।

संवेदन के लिए ट्यून करने योग्य डायोड लेजर स्पेक्ट्रोस्कोपी पर ग्यान पाठ्यक्रम

इसके सिद्धांत व अनुप्रयोगों पर एक पाठ्यक्रम 1–5, फरवरी 2016 के दौरान भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में आयोजित किया गया। ***प्रा. वाल्टर जॉनस्टोन***, स्ट्राथक्लाइड ग्लासगो, यू.के., तथा ***प्रा. अरूप लाल चक्रवर्ती***, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने अपने व्याख्यान दिए। कई व्यवसायिओं, सरकारी प्रयोगशालाओं के शोधवैज्ञानिकों, स्थानीय तथा राष्ट्रीय शैक्षिक संस्थाओं से शिक्षाशास्त्रियों तथा विद्यार्थियों में से कुल 21 प्रतिभागियों का चयन किया गया। प्रतिभागी विभिन्न संस्थाओं से जुड़े हुए थे, जैसे डी.ई.बी.ई.एल – डी.आर.डी.ओ. बेंगलोर, भा.प्रौ. सं. मद्रास, एम.एस. विश्वविद्याल, वडोदरा, एस.आर. एम. विश्वविद्यालय, चेन्नई, सरकारी अभियांत्रिकी महाविद्याल, गांधीनगर, अभियांत्रिकी और प्रबंधन विश्वविद्यालय, कोलकाता, अभियांत्रिकी कॉलेज, ग्यूइन्डी–अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई, अभियांत्रिकी और प्रबंधन विश्वविद्यालय, जयपुर। पाठ्यक्रम का मुख्य आकर्षण था प्रयोगशाला सत्र जो फोटोनिक संवेदक प्रयोगशाला में आयोजित हुआ जिसने पाठ्यक्रम के सैद्धांतिक पहलू पूरित किया।

आमंत्रित व्याख्यान

विविध श्रेणी के विषयों में विद्वतापूर्ण अभिरुचि जगाने के लिए आमंत्रित विशेषज्ञों को अपने क्षेत्र में अपनी अंतरदृष्टि को साझा करने के लिए दिए गए व्याख्यान निम्नलिखित हैं।

- *टूवर्ड्स ए साइन्स ऑफ सेक्युरिटी गेम्स की अलगोरिदमिक प्रिन्सिपल्स, डिप्लॉयड एप्लिकेशन्स एंड रिसर्च चैलेन्जेज - प्रा. मिलिन्द ताम्बे*, हेलेन एन एंड एम्मेट एच जोन्स अभियांत्रिकी में प्राध्यापक, दक्षिणी केलिफोर्निया विश्वविद्यालयय ***रोड्डाम नरसिंहा लेक्चर सीरीज*** के अंतर्गत, 10 अगस्त, 2015।
- *उच्च–प्रदर्शन कम्प्यूटिंग की चुनौतियां, डा. सुनील शेरलेकर*, इंटेल प्रयोगशाला, बेंगलोर द्वारा, अप्रैल 2, 2015।
- *गरीबी से लड़ने के लिए विज्ञान का प्रयोग – श्री गौतम पटेल* द्वारा, इन्टेल लैब्स, बेंगलोर, 2 अप्रैल, 2015।
- *ऊर्जा लैंडस्केप को समझने के लिए रूपात्मक विश्लेषण तथा एक विकसित भारत पाने के लिए पंचायत स्तर पर सहयोगात्मक रणनीतिक प्लानिंग* जरूरी है – *डा. सोम कर्माचेट्टी* पूर्व में संयुक्त राज्य सेना शोध प्रयोगशाला, ऐडेल्फी, मैरीलैंड, 9–10 अप्रैल, 2015।
- *ऑन लोकली लिप्सकीट्ज फंक्शंस यूनीफार्म कंटीन्यूटी ऑफ दि प्रोडक्ट ऑफ रियल फंक्शंस, डा. गेराल्ड बीयर*, इमेरीटस प्राध्यापक, केलिफोर्निया स्टेट विश्वविद्यालय, 9–10 अप्रैल, 2015।
- *एशिया में आहार–सुरक्षा तथा उर्वरक–प्रयोग नीतियां, मार्केट, तथा फार्म–स्तर का परिणामः डा. बालू बंब*, बी.एल.वी. एसोसिएट्स फ्लोरेंस, एलबामा, सं.रा.अ., 13 अप्रैल, 2015।
- *पुरातत्व अन्वेषण में वैज्ञानिक तकनीक तथा पुरातत्व विज्ञान में वैज्ञानिक अनुप्रयोगों* पर कुछ केस–स्टडीज– *डा. रानडाल लॉ* द्वारा विस्कॉनसिन–मैडिसन विश्वविद्यालय, सं.रा.अ., 17–21, 2015 क्रमशः।
- *ऑनलाइन मीडिया व मार्केटिंग* (ई–कॉमर्स पर फोकस के साथ) *श्री भानु मिधा*, इन्फीबीम, अहमदाबाद द्वारा, 2 अप्रैल, 2015।
- *भारत में विलय–ऊर्जा शोध, प्रा. प्रेधिमान कृष्णन* कॉ, प्लाज्मा शोध संस्थान, अहमदाबाद, द्वारा, 27 अप्रैल, 2015।
- *निष्क्रिय–2–फेज ताप–स्थानांतर प्रौद्योगिकी – प्रा. समीर खान्डेकर*, भा.प्रौ.सं. कानपुर द्वारा 12 मई, 2015।
- *जेनेरेशन एंड एप्लिकेशन ऑफ हाई ब्राइटनेस सब–माइक्रोन सॉफ्ट एंड हाई एक्स–रे बीम्स, डा. ज्ञानेन्द्र लोधा*, राजा रमन्ना उन्नत तकनीक केंद्र द्वारा, 10 जून, 2015।
- *लोथल व सिन्धु सरस्वती सभ्यता, प्रा. नलिनी राव* द्वारा सोका विश्वविद्यालय अमेरिका, 13 जुलाई, 2015।
- *क्वान्टम सूचना प्रसंस्करण इन मेनी–बॉडी सिस्टम, डा. देवराज रक्षित*। हरीष चन्द्र शोध संस्थान, इलाहाबाद, 14 जुलाई, 2015।
- *नेव टी सेल इम्यून रेसपोन्सेज में कोरोनीन–मेडिएटेड सिगनलिंग के लिए भूमिका, डा. राजेश जयचन्द्रन*, बेसल विश्वविद्यालय, 30 जुलाई, 2015।
- *शोध का क्या और क्यूं क्यूं और कैसे* प्रकाशित करें; सुपरवाइजर और सुपरवाइज्ड *डा. दिनेश कांत कुमार*, रॉयल मेलबर्न प्रौद्योगिकी संस्थान ऑस्ट्रेलिया, 17–18 अगस्त, 2015।
- *भारत में कॉमनवेल्थ, श्री टेलर रॉचील*, वॉशिंगटन विश्वविद्यालय, सियाटल, 18 अगस्त, 2015।
- *आदर्शों का निर्माण. मुगल–ए–आजम एवं शोले, प्रा. उमेश गर्ग*, नाट्रेडम विश्वविद्यालय द्वारा नेहरू–फुलब्राइट विशेषज्ञ, अगस्त 19, 2015।

प्रथम इंदिरा प्रतिष्ठान विशिष्ट व्याख्यान

सिन्धु सभ्यता का वैज्ञानिक व प्रौद्योकीय योगदान. वर्तमान में उनकी प्रासंगिकता – प्रा. जोनाथन मार्क केनोयर, विस्कॉनसिन – मैडिसन विश्वविद्यालयय ***इंदिरा प्रतिष्ठान विशिष्ट व्याख्यान*** श्रृंखला, 12 जनवरी, 2016। ***श्री अविनाश मनुधाने***, संस्थान के एक शुभचिंतक ने अपनी मां की याद में इस श्रृंखला की शुरुआत की है। यह व्याख्यान कई विषयों तथा नवीनतम शोधों पर दर्शकों की अभिरुचि के क्षेत्र में हर वर्ष आयोजित होती है। अविनाश ने अपना बी.टेक. भा.प्रौ.सं. बॉम्बे, एम एस साईराक्रूज विश्वविद्यालय, न्यू यॉर्क तथा एम.बी.ए. पूर्वपश्चिमी विश्वविद्यालय, शिकागो से किया है। वे 1987 में गोल्डमैन सैक्स से जुड़े, 1989 में वे उपाध्यक्ष के पद पर पहुँचते हुए 1996 में एम.डी. बने। 1998 में उनका चयन पार्टनर ऑफ दि फर्म के लिए किया गया।

- *ऊष्म प्रवैगिकी प्रणाली के तौर पर अंतरिक्ष–समय, श्री सुमान्ता चक्रवर्ती* द्वारा, आई. यू.सी.ए.ए, पुणे, 2 सितम्बर, 2015।
- *सामाजिक उद्यमिता, श्री उल्लास मरार,* विल्लग्रो प्रतिष्ठान, चेन्नई, 7 सितम्बर, 2015 द्वारा।
- *लाइट फील्ड इमेजिंग एंड डिसप्ले – एक सिस्टम पर्सपेक्टिव, डा. निखिल बलराम,* अध्यक्ष व मु.का.अ., रीको नवाचार निगम, द्वारा 10 सितम्बर, 2015।
- *क्वांटम गुरुत्वाकर्षण में रीनॉर्मलाइजेशन समूह पहुंच – डा. गौरव नारायण,* के.आई.टी.पी.सी., बीजिंग, 16 सितम्बर, 2015।
- *इनक्यूबेटीज व स्टार्ट–अप्स के लिए व्यक्तिगत योग्यता* कार्यक्रम पर बैठक, *डा. मीनाक्षी किर्तने,* मानस की संस्थापक सदस्य तथा मनोचिकित्सक, 30 सितम्बर, 2015।
- *सिलीकॉन नैनोडिवाइसेज – कुछ शोध प्रवृत्तियां तथा चुनौतियां, डा. एम. के. राधाकृष्णन,* संस्थापक निदेशक, नैनोरेल, तकनीकी सलाहकार सिंगापुर द्वारा, 5 अक्टूबर, 2015।
- *ग्राफ सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य से नदी के नेटवर्क का निरीक्षण करने पर– प्रा. आर.एन सिंह,* पूर्व निदेशक, सी.एस.आई.आर– राष्ट्रीय पर्यावरणीय शोध संस्थान, द्वारा 16 अक्टूबर, 2015।
- *भवन निर्माण में संरचनात्मक प्रैक्टिस – सुश्री संगीता ब्रिज,* तकनीकी निदेशक (संरचना), बिल्डिंग इंजीनियरिंग, इंडिया, ए.ई.सी.ओ.एम. द्वारा, 16 अक्टूबर, 2015।
- *भारतीय अभियंताओं के लिए चुनौतियां व अवसर – प्रा. वी.एस. राजू,* पूर्व निदेशक, भा.प्रौ.सं दिल्ली, 26 अक्टूबर, 2015।
- *गुरुत्वाकर्षण में समरूपता, प्रा. आलोक लद्धा,* चेन्नई गणितीय संस्थान द्वारा, 27 अक्टूबर, 2015।
- *एस.सी.आई. फाइन्डर डेटाबेस – आपके शोध के लिए एक आवश्यक उपकरण, श्री प्रथमेश कुलकर्णी,* साई – एज इनफोर्मेशन, सं.रा.अ. द्व ारा, 29 अगस्त, 2015।
- *भारत में ऊर्जा विभाजन. मुद्दे–* श्री मुरली रंगनाथन, पूर्व निदेशक, टोरेन्ट ऊर्जा लि., 30 अक्टूबर, 2015।
- *स्ट्रिंग सिद्धांत में ब्लैक होल – प्रा. अमिताभ वीरमणि,* भौतिक विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर, द्वारा, 4 नवम्बर, 2015।
- *विकीपीडिया से संस्थाओं के लिए खनन रुचिकर सामान्य ज्ञान – डा. धवल पटेल,* भा.प्रौ.सं. रुड़की द्वारा, 13 नबम्बर, 2015।
- *कम्प्यूटेशनल व उपयोग विधि. उद्योग व विलक्षण मूल्य अपघटन से जोड़ने वाला गणित तथा इसके प्रयोग, प्रा. बिस्वनाथ दत्ता,* उत्तरी इलीनॉइस विश्वविद्यालय, द्वारा 17–18 नवम्बर, 2015।
- *नवाचार, अन्वेषण तथा उद्यमी सोच, प्रा. मीर इमरान,* चेयरमैन इन्क्यूब, लैब्स, 30 नवम्बर, 2015।
- *एक्सेंचर संचालन नवाचार नेटवर्क तथा शोध कार्यक्रम, श्री कौशल मोदी,* एक्सेंचर, 11 दिसम्बर, 2015।
- *मेरुदंड–चोट के इलाज के लिए संयोजन उपचार जैव अभियांत्रिकी रणनीतयों का प्रयोग करना. सुश्री अनीता सिंह,* वाइडनर विश्वविद्यालय, सं. रा.अ. द्वारा, 16 दिसम्बर, 2015।
- *महाविद्यालय के दौरान कैरियर की शुरुआत, श्री सार्थक जैन,* सह–संस्थापक व प्र.का.अ., क्यूबेट, व भा.प्रौ.सं. गांधीनगर, पूर्व छात्र, द्वारा 30 दिसम्बर, 2015।
- *सहायक व पुनर्वास रोबोटिक्स, प्रा. प्रशांत जामवाल* – नजरबायेव विश्वविद्यालय, अस्ताना द्व ारा, 30 दिसम्बर, 2015।
- *एक सफल व्यवसाय तथा ब्रांड के निर्माण की यात्रा. श्री राहुल गौतम,* प्रबंध निदेशक, शीला फोम प्रा. लि., गाजियाबाद, द्वारा, 30 दिसम्बर, 2015। श्री गौतम ने उद्यमशीलता में रुचि रखने वाले स्टार्ट–अप्स, विद्यार्थियों तथा न्यासा के सदस्यों से भी बातचीत की जहाँ उन्होंने प्रतिभागियों को बहुमूल्य सुझाव दिए।
- *ऑन–चिप उपकरण तथा सर्किट्स. अनिवार्य, चीजें तथा शोध अवसर, प्रा. मयंक श्रीवास्तव* भा. वि.सं. बेंगलोर द्वारा, 31 दिसम्बर, 2015।
- *रामानुजन विस्तार तथा ट्विन टाइम्स,* द्वारा *प्रा. राम मूर्ति,* क्वीन्स विश्वविद्यालय, किंग्सटन, कनाडा, 1 जनवरी, 2016।
- *भौतिक गणित क्या है? तथा 100 पर आइंसटाइन जी.आर.टी. – प्रा. किशोर मराठे,* ब्रुकलिन विद्यालय तथा सिटी विश्वविद्यालय, न्यू यॉर्क, 4–5 जनवरी, 2016।
- *डिराक फरमिओन्स व मैजोराना मोड़स के डिटेक्टर के तौर पर अतिचालक जंक्शन, डा. भोएत्री मैईती,* बोगोलियूबोव सैद्धांतिक भौतिक विज्ञान संस्थान, जे.आई.एन.आर., ब्राजील, द्वारा, 5 जनवरी, 2016।
- *इन्टरनेट युग में नेटवर्क अलगोरिदम– प्रा. देवमाल्या पाणिग्रही,* ड्यूक विश्वविद्यालय, 6 जनवरी, 2016।
- *अंतरिक्ष – समय की क्वांटम प्रकृति के बारे में ब्लैक होल्स कैसे हमें सिखाते हैं, प्रा. समीर मूर्ति,* किंग कॉलेज, लंदन, 6 जून, 2016।
- *मॉडलिंग समुदाय (भूकंपीय) लचीलापन, प्रा. बोजिदार स्टोजाडीनोविक,* स्विस संघीय प्रौद्योगिकी संस्थान (ई.टी.एच.) ज्यूरिख, स्विटजरलैंड, जनवरी 7, 2016।
- *ऊर्जा अनुप्रयोगों के लिए श्रेणीबद्ध झरझरा बहुपरत मिट्टी का विश्लेषण तथा साइमलेशन*

निर्देशित प्रसंस्करण – प्रा. राजेन्द्र बोर्डिया, क्लेम्सन विश्वविद्यालय, 7 जनवरी, 2016।

- *क्वेरी विवरण के साथ टेमिंग दि बिग डाटा एलिफैंट – प्रा. सुदीपा रॉय*, ड्यूक विश्वविद्यालय, 7 जनवरी, 2016
- *सार्वजनिक सेवा वितरण में लेवरेजिंग प्रौद्योगिकी द्वारा परिवर्तन प्रबंधन – श्री जयघम अली खान*, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, अहमदाबाद, 9 जनवरी, 2016।
- *वायु प्रदूषण नियंत्रण प्रौद्योगिकी – श्री मिनेश किंखाबवाला*, संयुक्त राज्य में कोलफाइड पावर प्लान्ट्स के लिए आधुनिकतम वायु प्रदूषण नियंत्रण तकनीक प्रणाली के डिजाइन व निर्माण पर अग्रणी विशेषज्ञ, 12 जनवरी, 2016।
- *स्थिर न्यूट्रोन व एक्सदृरे स्कैटरिंग का प्रयोग कर परमाणु कंपन व जांच – डा. दीपांशु बंसल*, ओकरिज राष्ट्रीय प्रयोगशाला, 13 जनवरी, 2016।
- *बिना कारण के इस युग में विज्ञान व कारण तथा न्यूट्रोन्सरू आउटर स्पेस से रहस्यमयी संदेशकर्ता – प्रा. परवेज हुडभॉय*, एफ.सी. विद्यालय, लाहौर, 13–14 जनवरी, 2016।
- *प्रौद्योगिकी उद्यमिता – सुश्री इलेना डोनेट्स*, स्टारताउ, तेल–अवीव विश्वविद्यालय नवाचार व उद्यमिता इनक्यूबेटरय व *श्री डैनी हडर*, वी.सी. पेरेग्रीन, 1 फरवरी, 2016।
- *ग्लोबल वॉर्मिंग की गणना के लिए कथा डिजाइन बाढ़ आकलन के दिशा निर्देशों को परिवर्तित करना चाहिए? – प्रा. आशीष शर्मा*, न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया, 3 फरवरी, 2016।
- *दृष्टि यथार्थवादी प्रतिपादन* – प्रा. ब्रायन बर्सकी, यू.सी.बर्कले, 3 फरवरी, 2016।
- *सतत्धटिकाउ प्राकृतिक व निर्मित पर्यावरण के लिए डेटा संचालित समाधान की ओर – डा. सांतनू गोस्वामी*, न्यू यॉर्क विवि, 3 फरवरी, 2016।
- *महान परिवर्तन के समय सेवा का प्रबंध करना: एक व्यक्तिगत यात्रा – डा. राहुल जिंदल*, फुलब्राइट नेहरू विशिष्ट चेयर, किडनी संस्थान, अहमदाबाद सिविल अस्पताल, 4 फरवरी, 2016।
- *भारतीय उच्चतर शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण करना. चुनौतियां व अवसर, प्रा. सचिदानंद मोहन्ती*, उड़ीसा केन्द्रीय विवि, कोरापुट, 5 फरवरी, 2016।
- *भारत में नदी व तटीय अनुप्रयोगों के लिए जियोसिन्थेटिक प्रोड्क्ट के विकास उपयोग तथा अनुभव – श्री एम. वेंकटारमण*, गारवारे – वाल रोप्स लि. (सेवानिवृत्त), 6 फरवरी, 2016।
- *नदियां व नदी–संरचनाय तथा बाग्लिहार डैम तथा सिंधुजल संधि – प्रा. के जी रंगाराजू*, पूर्व में भा.प्रौ.सं. रूड़की के साथ, 10–11 फरवरी, 2016।
- *विषम संश्लेषण में अनुकृति एनदृसल्फीनाइल इमीन्स के प्रयोग में हाल की प्रगति, प्रा. मिग्यूल यूस*, अलीकेंट विश्वविद्यालय, 11 फरवरी, 2016।
- *बाई फंक्शनल चीरल औरगानोकेटालिस्ट्स डिराइव्ड फ्रोम ट्रांस– साईक्लोहेक्सेने-1,2–डायामीन्स, प्रा. कारमेन नजेरा*, अलीकेन्टे विवि, 12 फरवरी, 2016।
- *डिवाईस मॉडलिंग – दि आर्ट ऑफ मेकिंग एप्रोक्सीमेशन, प्रा. एस कारमाल्कर*, भा.प्रौ.सं. मद्रास, 12 फरवरी, 2016।
- *कम उत्सर्जन विद्युत उत्पादन के लिए ठोस ईंधन ऊष्म रसायनिक रूपान्तर प्रक्रियाएं: डा. कल्पित शाह*, न्यूकेसल विवि, 16 फरवरी, 2016।
- *सौंदर्यात्मक अनुभवों का तंत्रिका जीवविज्ञान. प्रा. सेमीर जेकी*, लंदन कालेज विवि, यू.के., 18 फरवरी, 2016।
- *दि बोईंग ड्रीमलाइनर 787 व लीथियम आयन बैटरी इन्सीडेंट* – एक विषय का अध्ययन – *डा. जे थॉमस चापिन*, अंडर्राइटर्स प्रयोगशाला, 26 फरवरी, 2016।
- *क्वान्टम मेकानिक्स बाई पाथ इंटीग्रल – प्रा. सौमित्र सेनगुप्ता*, इंडियन एसोसिएशन फॉर दि कल्टीवेशन ऑफ साइंस, कोलकाता, 2–5 मार्च, 2016।
- *दिल्ली मेट्रो की अनूठी अभियांत्रिकी विशेषताएं शीर्षक से प्रथम डा. ए एन खोसला* व्याख्यान *– श्री मंगू सिंह*, एम.डी., डी.एम.आर.सी. 5 मार्च, 2016।
- *भारतीय संदर्भ में चिनाईय व भूकंप प्रतिरोधी चिनाई – प्रा. के एस जगदीश*, भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलोर (सेवानिवृत्त) 10 मार्च, 2016।
- *स्मार्ट डिस्ट्रीब्यूशन ग्रिडदृए साइबर फिजीकल सिस्टम पर्सपेक्टीव – प्रा. बाला नटराजन*, कान्सास राजकीय विवि, 14 मार्च, 2016।
- *हमारे पिछले आंगन में घूमते परमाणु – प्रा. देशदीप सहदेव*, क्वाजर प्रौद्योगिकी, 15 मार्च, 2016।
- *ब्लैक होल्स व गुरुत्वाकर्षण तंरगें – प्रा. सी बी विश्वेष्वर*, पूर्व में भारतीय एस्ट्रोफिजिक्स संस्थान के साथ, बेंगलोर, 17 मार्च, 2016।
- *एक स्वर्णिम भारत का निर्माण – श्री शैल कुमार*, सह–संस्थापक, अखिल भारतीय भा.प्रौ.सं. आंदोलन, 19 मार्च, 2016।
- *वित्त व निवेश बैंकिंग – श्री सैम टुल्ली*, क्रेडिट सुइसे ग्रूप, 25 मार्च, 2016।
- *जी.टी.एस. की अविस्मरणीय कथा (महान त्रिकोणमितीय सर्वेक्षण, भारत – श्री जी.सी. टल्लूर* पूर्व सचिव, लोक निर्माण विभाग, कर्नाटक सरकार, 26 मार्च, 2016।
- *भारत पुर्तगाल कला. धारणा, कला वस्तुएं तथा वर्तमान संरक्षण के मुद्दे, डा. मोनिका इस्टेवेज राइज*, साओ पॉलो विवि, 31 मार्च, 2016।

www.iitgn.ac.in/kn/

टी.ई.क्यू.आई.पी.

किसी भी अभियांत्रिकी पाठ्यक्रम के प्रथम 2 वर्ष में फाउन्डेशन पाठ्यक्रम को पढ़ाना एक बड़ी चुनौती है। इसे प्रभावशाली तरीके से करने की जरूरत है क्योंकि ये शैक्षिक व व्यवहार के अनुसार एक सफल व्यावसायिक जिन्दगी के लिए विद्यार्थियों को उत्साहित करता है। इसको एक उद्देश्य बनाकर भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने एक महत्वपूर्ण पहल की तथा एक ग्रीष्मकाल विद्यालय का आयोजन किया। इस 4 सप्ताह के ग्रीष्म–स्कूल कार्यक्रम में 10 मूल अभियांत्रिकी पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया जिसमें, विद्युत मशीन व पावर इलेक्ट्रॉनिक, अभियांत्रिकी गणित, तरल मेकेनिक्स, प्रयोगात्मक तरल मेकेनिक्स, भू–तकनीकी अभियांत्रिकी प्रयोगशाला, थर्मोडायनामिक्स इत्यादि थे, तथा इसे खासतौर पर शिक्षण विधि को बेहतर बनाने तथा प्रभावशाली शिक्षा देने के लिए डिजाइन किया गया था। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में टी.ई.क्यू.आई.पी. – की एक बहुत बड़ी सफलता रही है जिसमें पूरे भारत से टी.ई.क्यू.आई.पी. महाविद्यालयों से 200 प्रतिभागी (संकाय तथा विद्यार्थी) शामिल थे। इस पर ग्रीष्म स्कूल के अलावा, टी.ई.क्यू.आई.पी. के अंतर्गत भाग लेने वाले महाविद्यालयों में विभिन्न स्तर पर गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से वर्ष पर्यन्त कई गतिविधियां आयोजित की गईं।

इन गतिविधियों में, विभिन्न विषयों पर संकाय तथा विद्यार्थियों का ज्ञान बढ़ाने के लिए आला क्षेत्रों में कार्यशालाएं/संक्षिप्त पाठ्यक्रम शामिल हैं जैसे, कम्प्यूटर एकीकृत विनिर्माण प्रणाली, डिजाइनिंग, इम्बेडेड प्रणाली, अप्लायड डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग, शोध कार्यप्रणाली, संरचना अभियांत्रिकी इत्यादि के लिए भू तकनीकी जांच।

विभिन्न विषयों पर एक दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित हुई जैसे शैक्षणिक नेतृत्व तथा सर्वोत्तम व्यवहार/प्रैक्टिस खासकर महाविद्यालयों के प्रशासकों के लिए। एक दिन शोध व यू.जी. शिक्षा, सिर्फ संयोजकों के लिए, महाविद्यालयों के विभाग के प्रधान तथा वरिष्ठ संकाय के लिए। यह संकाय सदस्यों को शोध कार्यक्रमों से रूबरू कराने तथा अपने संस्थान में शोध की संस्कृति को आत्मसात कराने के लिए लक्षित था।

यह कार्यशालाएं अपने उद्देशयों को समझाने में काफी सफल रहीं जिसमें 50 से अधिक प्रतिभागी थे जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष विभिन्न संस्थानों के संयोजक तथा वरिष्ठ संकाय सदस्य शामिल थे।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने 25 से अधिक गतिविधियों, तथा वर्ष पर्यन्त भारत के विभिन्न टी.ई.क्यू.आई.पी. महाविद्यालयों से पंजीकृत 500 से अधिक प्रतिभागियों की मेजबानी की, इसमें भविष्य में इस तरह के विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम की ज्यादा मांग रखी गई।

आगंतुक

- ***डा. अलबर्ट स्क्राम*** ने कुलपति ***डा. एस गोपालकृष्णन*** के साथ पी.एन.जी. प्रौद्योगिकी विवि. न्यू गिनिया ने 17 दिसम्बर, 2015 को दोनों संस्थानों के मध्य संबंध बनाने के लिए दौरा किया।
- ***प्रा. सतीश त्रिपाठी***, अध्यक्ष सन्नी, बुफेलोय व ***प्रा. स्टीफन डुन्नेट*** उप–प्रोवोस्ट, अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा ने 27–28 अक्टूबर, 2015 को संस्थान का दौरा किया और कुछ संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थी उद्यमियों से बातचीत की।

- भा.प्रौ.सं. रूड़की पूर्व छात्र संघ, अहमदाबाद अध्याय के साथ संयुक्त रूप से, ***दिल्ली मेट्रो की अनोखी अभियांत्रिकी विशेषताएं*** नामक प्रथम डा. ए. एन. खोसला व्याख्यान मार्च 5, 2015 को ***श्री मंगू सिंह***, प्रबंध निदेशक, दिल्ली मेट्रो रेल निगम लि. (डी.एम.आर.सी.) द्वारा दिया गया।

विशिष्ट मानद प्रोफेसर

प्रो. जे. बी. जोशी

प्रो. जे. बी. जोशी रसायन प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.सी.टी.), मुंबई के जे. सी. बोस राष्ट्रीय फेलो तथा रसायन अभियांत्रिकी के प्रसिद्ध प्रोफेसर, साथ ही होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, मुंबई के डी.ए.ई.–होमी भाभा विशिष्ट चेयर प्रोफेसर भी हैं। वे एक रसायन प्रसंस्करण उद्योग के विशाल खंडों के सक्रिय सलाहकार हैं। उन्हें कई राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार तथा सम्मान प्राप्त हैं जैसे महाराष्ट्र विज्ञान अकादमी फेलो (1987), भारतीय विज्ञान अकादमी फेलो (1991), अभियांत्रिकी विज्ञान के लिए शांतिस्वरूप भटनागर पुरस्कार (1991), भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली के फेलो (1995), तथा महाराष्ट्र सरकार द्वारा वर्ष 2004 के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार। उनको 2007 में अमेरिकन रसायन सोसाइटी (ए.सी.एस.) द्वारा 40 वर्षों के अंतराल में औद्योगिक एवं अभियांत्रिकी रसायन विज्ञान में अतिप्रभावशाली प्रकाशनों के आधार पर सर्वोच्च 100 अनुसंधान वैज्ञानिकों में चुना गया।

प्रो. हरिनारायण कोटा

प्रो. हरिनारायण कोटा ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से यांत्रिक अभियांत्रिकी में स्नातक, एयरो–अभियांत्रिकी में भा.वि.सं. बेंगलोर से अधिस्नातक तथा भा.प्रौ.सं. मुंबई से पी.एचडी. की उपाधि प्राप्त की है। वे भारतीय एयरोनॉटिकल सोसाइटी (पूर्व में सोसाइटी के अध्यक्ष), राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी तथा भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी के फेलो हैं।

उन्हें भारतीय विज्ञान संस्थान तथा भा.प्रौ.सं. मुंबई से विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार प्राप्त है। वर्ष 1996 में उन्हें राष्ट्रीय एयरोनॉटिक्स पुरस्कार तथा एफ.आई.ई प्रतिष्ठान पुरस्कार मिला है। उनको 2001 में एस.बी. आई.–प्रग्ना पुरस्कारय डा. वाई नयदुम्मा स्मारक पुरस्कार 2001; तथा डी.आर.डी.ओ. प्रौद्योगिकी लीडरशिप पुरस्कार 2001 प्राप्त हुआ है। उनको भारत सरकार द्वारा वर्ष 2002 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी ने उनको 2006 में अभियांत्रिकी में आजीवन योगदान पुरस्कार से नवाजा। उनको वर्ष 2007 के लिए अभियांत्रिकी के क्षेत्र में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ ऊर्जा ओर एयरोस्पेस में श्री ओम प्रकाश भसीन पुरस्कार दिया गया। उनको डी.आर.डी.ओ. द्वारा 2008 में आजीवन योगदान पुरस्कार मिला। वे अनुसंधान समिति, वायु ऊर्जा प्रौद्योगिकी केंद्र, चेन्नई के सभापति; एयरोस्पेस अभियांत्रिकी विभाग, भा.प्रौ.सं. मुंबई के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर; भारत–ट्रेंटो/इटली एस एवं टी कार्यक्रम के भारतीय तकनीकी संयोजक, हैदराबाद विवि के प्राट एवं व्हिटनी चेयर प्रोफेसर; तथा बेंगलोर स्थित ए.डी.ए. में डा. डी एस कोठारी डी.आर.डी.ओ. चेयर हैं।

प्रो. सुरेन्द्र प्रसाद

प्रो. सुरेन्द्र प्रसाद ने अपनी शिक्षा भा.प्रौ.सं. खड़गपुर तथा भा.प्रौ.सं. दिल्ली से प्राप्त की है। उन्होंने भा.प्रौ.सं. दिल्ली में चार दशकों से भी अधिक रहकर, शैक्षणिक तथा प्रशासनिक पदों के साथ निदेशक पद पर अपनी सेवा प्रदान की है। उनको शैक्षणिक तथा अनुसंधान के लिए कई सम्मान प्राप्त हुए जिनमें इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन के लिए विक्रम साराभाई अनुसंधान पुरस्कार (1988), इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार में शोध के लिए ओम प्रकाश भसीन पुरस्कार (1994), सूचना प्रौद्योगिकी के लिए वसिक पुरस्कार (2006), भारतीय प्रणाली सोसाइटी का आजीवन उपलब्धि सम्मान (2011), और भा.प्रौ.सं. खड़गपुर का विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार शामिल हैं। उनको 2007 में लूगबोरो विवि, यू.के. द्वारा माननीय डाक्टरेट से भी सम्मानित किया गया है। वे भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारतीय विज्ञान अकादमी तथा राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के फेलो हैं और सी.एस.आई.आर एवं सी.एस.आई.आर. सोसाईटी के शासी निकाय के सदस्य होने के साथ–साथ कई भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों तथा अन्य अभियांत्रिकी संस्थानों के शासी मण्डल के सदस्य हैं।

प्रो. वी राजारमण

प्रो. वी राजारमण ने दिल्ली विश्वविद्यालय से भौतिकी में बी.एससी. (ऑनर्स), मेसेशुसेट्स प्रौद्योगिकी संस्थान, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका (सं.रा.अ.) से विद्युत अभियांत्रिकी में एस.एम. तथा विसकॉनसिन विवि, सं.रा.अ. से पी.एचडी. किया है। वे कई महत्वपूर्ण पद संभाल चुके हैं जैसे सूचना प्रौद्योगिकी के आई.बी.एम.

अनुसंधान प्रोफेसर, उच्च वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए जवाहरलाल नेहरू केंद्र, बेंगलोर; प्रोफेसर एवं सभापति, सुपरकम्प्यूटर शिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र, भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलोर; एवं वरिष्ठ प्रोफेसर एवं कम्प्यूटर केंद्र के प्रमुख, भा.प्रौ.सं. कानपुर। वे कई कंपनियों के निदेशक रह चुके हैं जैसे सी.एम.सी. लि., नई दिल्ली; कैनबैंक कम्प्यूटर सर्विसेज लि., बेंगलोर; तथा एनरो सॉफ्टवेयर लि., बेंगलोर। उन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा 1998 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। वे अभियांत्रिकी में शोध का जहीर पदक, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमीय शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार (सी.एस.आई.आर.)य यू.जी.सी. के होमी भाभा पुरस्कार, तथा डाटाक्वेस्टय भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी; भारतीय कम्प्यूटर सोसाइटी, एवं भारतीय प्रणाली सोसाइटी से आजीवन योगदान पुरस्कार भी प्राप्त कर चुके हैं।

प्रो. वी एस राजू

प्रो. वी एस राजू, भा.प्रौ.सं. दिल्ली के पूर्व निदेशक (1995–2000) ने अभियांत्रिकी में आंध्रा विवि से स्नातक की उपाधि, भा.वि.सं. बेंगलोर से अधिस्नातक की उपाधि तथा कार्लश्रू प्रौद्योगिकी विवि. जर्मनी से डाक्टरेट की उपाधि हासिल की है। अपने 42 वर्ष के शैक्षणिक करियर के दौरान वे भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (टी.आर.ए.आई.) के अंशकालीन सदस्य रहे तथा भा. प्रौ.सं. मद्रास में कई पदों पर कार्य किया। वे नौसेना अनुसंधान मण्डल, डी.आर.डी.ओ. के सभापति भी थे तथा कई मण्डलों और समितियों के सदस्य रहे जो भारत में तकनीकी शिक्षा एवं अनुसंधान से संबंधित हैं। वे भारतीय अभियांत्रिकी अकादमी के फेलो हैं एवं उसके माननीय सचिव रह चुके हैं। जर्मनी का संघीय गणराज्य द्वारा किसी भी विदेशी को दिया जाने वाला सर्वोत्कृष्ट सम्मान, कमान्डर्स क्रॉस से उन्हें शोभित किया जा चुका है।

प्रो. सुहास पी सुखात्मे

प्रो. सुहास पी सुखात्मे, भा.प्रौ.सं. मुंबई के प्रोफेसर एमेरिटस 1964 में मेसेशुसेट्स प्रौद्योगिकी संस्थान से एस.डी. की उपाधि प्राप्तकर्ता हैं तथा शिक्षण और शोध में अपने उत्कृष्ट योगदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। वे ऊष्मा स्थानांतरण तथा सौर ऊर्जा पर लिखी गई दो बहु चर्चित पुस्तकों के लेखक हैं। वे कई पुरस्कारों तथा सम्मानों के प्राप्तकर्ता हैं जैसे कि बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय का प्रिंस ऑफ वेल्स स्वर्ण पदक 1958, 1983 का शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार तथा अभियांत्रिकी के लिए ओम प्रकाश भसीन प्रतिष्ठान पुरस्कार 2001। वे 2001 में भा.प्रौ.सं. मुंबई के आजीवन योगदान पुरस्कार के प्रथम प्राप्तकर्ता थे। उनको बनारस हिंदू विश्वविद्यालय द्व ारा 2001 में विज्ञान में माननीय डाक्टर की उपाधि दी गई है। 2001 में ही उनको भारत सरकार द्वारा पद्म श्री पुरस्कार दिया गया है।

प्रो. नितीश ठाकोर

प्रो. नितीश ठाकोर जॉन्स हॉपकिंस विश्वविद्यालय में जैवचिकित्सा अभियांत्रिकी, विद्युत एवं कम्प्यूटर अभियांत्रिकी, तथा न्यूरोलॉजी के प्रोफेसर हैं तथा न्यूरोअभियांत्रिकी प्रयोगशाला का नेतृत्व करते हैं। वे राष्ट्रीय विवि सिंगापुर में सिंगापुर न्यूरोप्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक भी हैं। उन्होंने 1974 में भा.प्रौ.सं. मुंबई से अपनी स्नातक तथा विसकॉनसिन विवि, मैडिसन से 1981 में पी.एचडी. की उपाधि प्राप्त की है। प्रो. ठाकोर राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान से अनुसंधान करियर विकास पुरस्कार तथा राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिष्ठान के अध्यक्षीय युवा खोजकर्ता पुरस्कार के प्राप्तकर्ता हैं। वे अमेरिकन चिकित्सा एवं जैविकी अभियांत्रिकी संस्थान, आई.ई.ई.ई. के फेलो, जैविचिकित्सा अभियांत्रिकी सोसाइटी के संस्थापक फेलो, तथा अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा फेडरेशन व जैविकी अभियांत्रिकी के फेलो हैं। उन्हें अभियांत्रिकी विद्यालय, विसकॉनसिन विवि (2008) का सेंटेनियल पदक, तथा अल्फा एटा मू बीटा जैवचिकित्सा अभियांत्रिकी छात्र की मानद सोसाइटी की माननीय सदस्यता प्राप्त है। उनको औषधि एवं जैविकी सोसाइटी आई.ई.ई. ई. अभियांत्रिकी से न्यूरोअभियांत्रिकी में तकनीकी उत्कृष्टता पुरस्कार तथा भा.प्रौ.सं. मुंबई द्वारा 2012 में विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार मिला एवं 2012 में मैडिसन अभियांत्रिकी विद्यालय, विसकॉनसिन विवि का सेंटेनियल पदक प्राप्त हुआ है।

गेस्ट प्रोफेसर

प्रा. अनिलकुमार अमुरतुर

प्रा. अनिलकुमार अमुरतुर वॉन्डरबिल्ट विवि में एक एयरोस्पेस अभियंता हैं। वे अंतरिक्ष शटल उड़ानों तथा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर सूक्ष्मगुरुत्व तरल बहाव के नासा जांचकर्ता हैं। उनके शोध प्रयोगात्मक तरल आयाम, रॉकेट की उड़ान, बूंद और

बुलबुले के आयाम, जैविक–कैप्सूलीकरणय ऊर्जा रूपांतरण, वायु, थर्मोइलेक्ट्रिक, जैविकईंधनय पदार्थ प्रसंस्करणरू फ्लोट–जोन, दिशानिर्देशित स्थिरता पर केंद्रित हैं।

डा. निखिल बलराम

डा. निखिल बलराम रीको इनोवेशंस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष और प्रमुख कार्यकारी अधिकारी हैं, एक सिलीकॉन घाटी की कंपनी जो रीको कंपनी लि. के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी और नए व्यापार का विकास करती है। उनको कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है जिसमें 9वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पुरस्कार की इलेक्ट्रॉनिक श्रेणी का 2012 स्वर्ण स्टीवी एक्जक्यूटिव पुरस्कार, सूचना एवं प्रदर्शन संस्था(एस.आई.डी.) द्वारा 2012 फेलो पुरस्कार एवं कार्नेजी मेलन विवि द्वारा 2011 पूर्व छात्र सफलता पुरस्कार शामिल है। डा. बलराम कार्नेजी मेलन विवि में विद्युत अभियांत्रिकी के सहायक प्राध्यापक, केलिफोर्निया विवि में दृष्टि विज्ञान के अभ्यागत प्राध्यापक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीगनर में डिजाइन एवं नवीनीकरण के अभ्यागत प्राध्यापक हैं, तथा संत क्लेरा विवि के अभियांत्रिकी विद्यालय में उद्योग सलाहकार मंडल में सेवा प्रदान कर रहे हैं।

डा. अचिंत्य के भौमिक

डा. अचिंत्य के भौमिक इंटल कॉर्पोरेशन में पर्सेप्चुअल कम्प्यूटिंग समूह के संस्थापक महाप्रबंधक और प्रमुख प्रौद्योगिकी अधिकारी हैं। जहाँ वे अनुसंधान व विकास, अभियांत्रिकी, तथा प्राकृतिक संवेदन और परस्पर वार्ता प्रौद्योगिकी, सहजज्ञान संबंधी इंटरफेज, इमर्सिव ऐप्लीकेशन और उपयोगकर्ता अनुभव जिनकी ब्रांडिंग "इंटलोरीयलसेंस टेक्नोलॉजी" है, पर आधारित उच्च कम्प्यूटिंग उत्पादों और साधनों की मार्केटिंग का नेतृत्व करते हैं। एक सहायक और गेस्ट प्रोफेसर के तौर पर वे केलिफोर्निया विवि, बर्कलेय क्यूंग ही विवि, सियोल, कोरियाय केलिफोर्निया विवि, सांता क्रूज एक्सटेंशनय तथा केंट राजकीय विवि के तरल क्रिस्टल संस्थान के अवरस्नातकों को शोध–निबंध और उन्नत संवेदन एवं मानव–कम्प्यूटर परस्पर क्रिया, कम्प्यूटर दृष्टि, डिजिटल चित्र प्रसंस्करण, प्रदर्शन प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रो–ऑप्टिक्स में पाठ्यक्रम लेते हैं।

डा आर एस बिश्ट

डा आर एस बिश्ट, संयुक्त महानिदेशक (सेवानिवृत्त), भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षणय को राष्ट्रीय सम्मारकों में पुरातत्व अनुसंधान, संरक्षण तथा वातावरण और प्रशासन में 35 से भी अधिक वर्षों का अनुभव है। उन्होंने लखनऊ विवि से प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति में एम.ए.; पुरातत्व विद्यालय से पी. जी.डी.सी.ए.य और कुमाऊं विवि से पी.एचडी. किया है। वे हरियाणा संग्रहालय और पुरातत्व विभागय एवं पंजाब संग्रहालय और पुरातत्व विभाग से भी जुड़े हुए हैं। वर्तमान में डा. बिश्ट भारतीय सरकार में संस्कृति मंत्रालय द्वारा नामित राष्ट्रीय स्क्रीनिंग और विकास समिति के सभापतिय तथा समुद्री पुरातत्व संस्था के अध्यक्ष हैं। वे पद्म श्री और आचार्य नरेन्द्र देव अलंकार 2013 के प्राप्तकर्ता हैं।

प्रा. राजेन्द्र बोर्डिया

प्रा. राजेन्द्र बोर्डिया अभी क्लेमसन विवि में पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के चेयर और प्राध्यापक हैं। उनको कई सम्मान प्राप्त हुए हैं जिसमें एलेक्जेडर वॉन हमबोल्ट प्रतिष्ठान का हमबोल्ट वरिष्ठ अनुसंधान वैज्ञानिक पुरस्कार, जर्मनी (2007); राष्ट्रीय युवा जांचकर्ता पुरस्कार (1992–1997); डुपोंट युवा प्राध्यापक पुरस्कार (1993–1996); हेमबर्ग तकनीकी विवि का अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ पुरस्कार, हेमबर्ग, जर्मनी (1996, 2001 और 2002), शामिल हैं। वे वॉशिंगटन विवि के मार्शा लेंडोल्ट विशिष्ट स्नातक मेंटर पुरस्कार (2007) और अमेरिकन सेरामिक संस्था (2012) की सेरामिक शैक्षणिक परिषद के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार (2012) के एक मात्र प्राप्तकर्ता हैं।

प्रा. बिजय एच बोरुआ

प्रा. बिजॉय बोरुआ, वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से जुड़े हैं, उन्होंने डिबरूगढ़ विवि, भारत से दर्शन में बी. ए. (ऑनर्स), बनारस हिंदू विवि से एम.ए.य ऑक्सफोर्ड विवि, यू.के. से एम.लिट.य तथा गुएल्फ विवि, कनाडा से पी.एचडी. किया है। वे भारतीय दर्शन अनुसंधान परिषदय शोध एवं प्रकाशन समिति, आई.सी.पी.आर.य दर्शन केंद्र, सामाजिक विज्ञान विद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विवि के बाह्य सलाहकार समिति, बिरला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, पिलानीय संस्थान नीति समिति, फोर्टिस स्मारक अनुसंधान संस्थान, गुड़गांव के सदस्य रह चुके हैं। वे नॉर्थ ईस्टर्न हिल विवि में मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान के नामित अभ्यागत संकाय भी हैं।

प्रा. स्वेतलाना ब्रेज्व

प्रा. स्वेतलाना ब्रेज्व ब्रिटिश कोलम्बिया प्रौद्योगिकी संस्थान, वेनकूवर, कनाडा में प्राध्यापक हैं। उन्होंने भा.प्रौ.सं. रुड़की से भूकंप अभियांत्रिकी में अपनी पी.एचडी. पूर्ण की है। प्रा. ब्रेज्व 2001–2003 के दौरान भूकंप अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, ऑकलैंड, केलिफोर्निया, सं.रा.अ. में निदेशक और उपाध्यक्ष पद पर भी रह चुकी हैं। वे कई अनुसंधान परियोजनाओं और कार्यक्रमों की सदस्य भी थीं जिसमें राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिष्ठान समीक्षा पैनल, एन.ई.ई.एस. कार्यक्रमय अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान और शिक्षण का एन.एस.एफ. सहभागिता की समीक्षक और एन.एस.ई.आर.सी. अनुसंधान प्रस्ताव शामिल हैं। वे एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय परियोजना विश्व आवास एनसाइक्लोपीडिया की संस्थापक मुख्य संपादक हैं। विश्व बैंक और भारत सरकार, भारत की भूकंप अभियांत्रिकी सलाहकार के रूप में उन्होंने सितम्बर 30, 1993 को लातूर भूकंप में क्षतिग्रस्त हुए 200,000 आवासों के नवनिर्माण और मरम्मत के लिए प्रबंधन योजना और तकनीकी दिशानिर्देश तैयार किये थे।

प्रा. आर पी छाबरा

प्रा. आर पी छाबरा ने रूड़की विवि से रसायन अभियांत्रिकी में अपनी बी.ई., भा.वि.सं. बेंगलोर से एम.ई. तथा मोनाश विवि, ऑस्ट्रेलिया से पी.एचडी. प्राप्त की है। वे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुरय न्यू साउथ वेल्स विवि, सिडनीय स्वासना विद्यालय विविय मोनाश विवि, क्लेटनय एवं सिडनी विवि से जुड़े हुए हैं। वे भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारतीय विज्ञान अकादमी, बेंगलोर, राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारत और भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी के फेलो हैं। प्रा. छाबरा को रसायन अभियांत्रिकी में सर्वोत्कृष्ट मूलभूत अनुसंधान के लिए भारतीय रसायन अभियंता संस्थान का हर्डीलिया पुरस्कार तथा भारतीय रसायन अभियंता संस्थान का 35 वर्षों से कम आयु में रसायन अभियंता के विकास एवं अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए अमर डाई–केम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

श्री मिशैल डैनीनो

श्री मिशैल डैनीनो जब 1977 में भारत आए तक से भारतीय सभ्यता के एक स्वतंत्र छात्र रहे हैं। उन्होंने फ्रेंच और अग्रेजी में पुस्तकों और पत्रों का संपादन किया है। उनकी नवीनतम कृतियां है दि लॉस्ट रिवरः ऑन दि ट्रेल ऑफ दि सरस्वति (पेंगुइन ईंडिया, 2010) व भारतीय संस्कृति एवं भारत का भविष्य (डी के प्रिंटवर्ल्ड, 2011)। वे 2011 में भा.प्रौ.सं. कानपुर के अभ्यागत संकाय रह चुके हैं तथा वर्तमान में भा.प्रं.सं. रांची के अभ्यागत संकाय हैं।

डा. प्रवीणराय डी गांधी

डा. प्रवीणराय डी गांधी यू.एल. में कॉरपोरेट अनुसंधान के निदेशक हैं। उन्हें भा.प्रौ.सं. दिल्ली से बी.टेक. तथा नॉट्रेडेम विवि से पी.एचडी. की उपाधि प्राप्त है। उनका ध्यान आग के खतरों को कम करना व नियंत्रित करना और नए प्रयोगों और सिद्धांतों के निर्माण में है। वे वर्तमान में विश्वविद्यालयों में अग्नि विज्ञान शिक्षा और अग्नि सुरक्षा पर कार्य कर रहे हैं।

प्रा. दीपन के घोष

प्रा. दीपन के घोष अभी भा.प्रौ. सं. मुंबई में भौतिकी के एमेरिटस प्रोफेसर हैं। उन्होंने यांत्रिक एवं थर्मोडायनामिक्स पर एक पुस्तक तथा कई वेब पुस्तकें लिखी हैं। प्रा. घोष भा.प्रौ.सं. मुंबई के डीन और सह–निदेशक रह चुके हैं। उनको भा.प्रौ.सं. मुंबई ने 2000 में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार दिया था। उनको 2011 में संस्थान निर्माण में सहयोग के लिए भा.पौ. सं. मुंबई द्वारा जीवनकाल सफलता पुरस्कार दिया। वे भारतीय भौतिकी संगठन के (2005–07) में अध्यक्ष थे तथा अभी भौतिकी समाचार के प्रमुख संपादक हैं। वे होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान की शैक्षणिक समिति, मुंबई विवि के डी.ए.ई. के मूलभूत विज्ञान केंद्र और आई. आई.एस. विवि, जयपुर के सदस्य हैं। प्रा. घोष 2012 में नवरचना विवि वडोदरा के प्रोवोस्ट रहे जहाँ उन्होंने अभियांत्रिकी कार्यक्रम स्थापित किये।

डा. बिपिन इंदुरख्या

डा. बिपिन इंदुरख्या संज्ञानात्मक विज्ञान प्रयोगशाला, भा.सू.प्रौ.सं. हैदराबाद के प्रमुख तथा कम्प्यूटर विज्ञान के प्राध्यापक हैं। उनको मेसेशुसेट्स विवि से पी.एचडी., तथा फिलिप्स अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी अध्ययन संस्थान, आइंडहोवेन, दि नीदरलैंड्स से ऐमहर्स्ट एवं अधिस्नातक की उपाधि प्राप्त है। उनकी बहुआयामी अनुसंधान गतिविधियों को विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय निधिकरण संस्थाओं का सहयोग प्राप्त है जैसे राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिष्ठान, नीदरलैंड्स वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन, जापान विज्ञान प्रसार संस्था, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी

मंत्रालय, भारत, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, इंटल कॉर्पोरेशन, रेडिफ्फ.कॉम, सैमसंग वैश्विक अनुसंधान बाहरी पहुंच कार्यक्रम तथा जीरॉक्स ओपन नवीनता परियोजना। उन्होंने पुरातत्व विज्ञान में क्षेत्रीय रिमोट सेंसिंग ऐप्लीकेशन में नई गतिविधियां शुरू की हैं तथा उन्हें काफी अनुदान भी प्राप्त हो रहा है।

श्री सुबोध कुमार जैन

श्री सुबोध कुमार जैन ने अपनी बी. ई. की उपाधि सिविल अभियांत्रिकी में रूड़की विवि (अब भा.प्रौ.सं. रूड़की) से 1974 में प्राप्त की है। उन्होंने रेल मंत्रालय में कार्य किया है तथा रेल मंत्रालय के रेल मंडल के अभियांत्रिकी सदस्य जो भारत सरकार के सचिव का एक पद है, के रूप में सेवानिवृत्त हुए हैं। वे वर्तमान में हैदराबाद मेट्रो रेल में सिविल अभियांत्रिकी के विशिष्ट विशेषज्ञ के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनके भारतीय रेल को दिए गए असीम योगदान के लिए उन्हें बहुत से पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। उनको रेल मंडल ने उच्च–वेग के डायमण्ड जिंग के लिए सर्वश्रेष्ठ नवीनता के लिए वार्षिक पुरस्कार 2006–07 दिया और मध्य प्रदेश विधान सभा द्वारा सभापति का औहदा प्राप्त हुआ है तथा राज्य की रेल सेवाओं में उनके बृहत योगदान के लिए उन्हें एक चांदी का फलक देकर सम्मानित किया गया। उनको भारतीय इलेक्ट्रोन माइक्रोस्कोप संस्था द्वारा जुलाई 2012 में जीवनकाल सफलता पुरस्कार दिया गया, भारतीय धातु संस्थान द्वारा उनके एल्युमीनियम उद्योग में किये गए योगदान के लिए 2006 में नाल्को स्वर्ण पदक दिया गया, 1994 में नॉनफेरस मेटालर्जिकल उद्योग में उनके असीम योगदान के लिए भारतीय धातु संस्थान द्वारा हिन्दुस्तान जिंक स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ, तथा ए.आई.एम.ई. द्वारा 1987 में प्रशंसा पत्र दिया गया। उनको 1965 में अमेरिकन धातु संस्था द्वारा आयोजित मेटेलोग्राफिक प्रतियोगिता में भी एक पुरस्कार मिला है।

डा राजेन जसवा

डा राजेन जसवा एक कुशल श्रंखलावार प्रौद्योगिकी उद्यमी हैं। वर्ष 2009–2012 के दौरान वे डाइनो का प्र.का.अ. और सभापति पद पर रहे। उन्होंने वर्ष 2003–2008 तक टी. आई.ई सिलिकॉन वेली में स्वेच्छा से पूरा समय दिया, अध्यक्ष के रूप में 2005–2008 तक तथा 2003–2004 तक निदेशक के तौर पर रहे। डा जसवा सेलेक्टिका के सह–संस्थापक, सभापति और 1996–2002 तक प्र.का.अ. रहे हैं। उनके कार्यकाल के दौरान सेलेक्टिका एक अग्रणी सॉफ्टवेयर कॉन्फीगरेशन विक्रेता बन गई जिस समय जनरल इलेक्ट्रिक, बी.एम.डब्लू, सिस्को, सैमसंग और डैल जैसे उपभोक्ता बने। सेलेक्टिका 2000 में पांच बिलियन डॉलर के सर्वोच्च बाजार मूल्य पर सार्वजनिक हो गई, तथा फोर्ब्स 500, डेलॉइट एवं टूश प्रौद्योगिकी फास्ट 500, सॉफ्टवेयर 500, इंक 500, एवं इंटरेक्टिव वीक 500 द्वारा नामित हुई। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई से विद्युत अभियांत्रिकी में स्नातक, टोरोन्टो विवि से विद्युत अभियांत्रिकी में अधिस्नातक तथा स्टेटसन विवि से एम.बी.ए. की उपाधि प्राप्त की है।

डा. कुमार नीरज झा

डा. कुमार नीरज झा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के सिविल अभियांत्रिकी विभाग के साथ जुड़े हुए हैं। उन्होने अपने करियर की शुरुआत लारसन एंड टुबरो के साथ की तथा कुछ राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण परियोजनाओं की सफलता में भागीदार रहे। उनके द्वारा निर्माण परियोजना प्रबंधन पर लिखी तथा पीयरसन ऐजुकेशन द्वारा प्रकाशित की गई एवं कांक्रीट संरचनाओं का फोर्मवर्क नामक लिखी गई तथा टाटा मेकग्रा हिल द्वारा प्रकाशित की गई टेक्स्ट पुस्तक कई विश्वविद्यालयों में अपनाई गई है। वे निर्माण प्रौद्योगिकी तथा प्रबंधन पर कई पाठ्यक्रम पढ़ाते हैं।

प्रा. लीलावती कृष्णन

प्रा. लीलावती कृष्णन 2014 में भा.प्रौ.सं. कानपुर के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग से सेवानिवृत्त हुई हैं। उनको विभिन्न पदों पर 45 वर्षों के कार्य का अनुभव है। प्रा. कृष्णन ने अपनी पी.एचडी. मेकमास्टर विवि, हेमिल्टन, ओंटेरियो, कनाडा से जून 1978 में प्राप्त की है। उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्रों में शामिल हैं मनोविज्ञान (सामाजिक मनोविज्ञान, व्यक्तित्वय मिलीजुली संस्कृति का मनोविज्ञान)। उनको सितम्बर 5, 2003 को भा.प्रौ.सं. कानपुर द्वारा विशिष्ट शिक्षक पुरस्कार प्राप्त हुआ है। वे राष्ट्रीय मनोविज्ञान अकादमी की अध्यक्ष (1998–99) रहीं।

प्रा. दिनेश कांत कुमार

प्रा. दिनेश कांत कुमार आर.एम. आई.टी. विवि, मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया के प्राध्यापक और जैविकचिकित्सा अभियांत्रिकी के कार्यक्रम निदेशक रहे। उन्होंने भा.प्रौ.सं. दिल्ली से बायोइलेक्ट्रॉनिक्स में अपनी पी. एचडी. तथा भा.प्रौ.सं. मद्रास से विद्युत अभियांत्रिकी में बी.ई. की उपाधि हासिल की है। प्रा. कांत को कई

पुरस्कार मिले हैं जैसे यूरोपियन संघ का इरेसमस मुंडुस शिक्षा पुरस्कार (2009–2010), केप्स का वरिष्ठ व्यावसायिक अध्येतावृत्ति पुरस्कार (2012–2013) एवं ऑस्ट्रेलियन विज्ञान अकादमी (ऑस्ट्रेलिया–भारत अनुसंधान साझेदारी) का वरिष्ठ व्यावसायिक अध्येतावृत्ति पुरस्कार। प्रा. कांत न्यूरल प्रणाली और पुनर्स्थापन अभियांत्रिकी के आई.ई.ई.ई. रिपोर्ट के सहयोगी संपादक हैं। वे चिकित्सा जर्नल और जैविकी अभियांत्रिकी जर्नल के संपादक, तथा पिछले पांच वर्ष से आई.ई.ई.ई. जैविकसिग्नल और जैविकरोबोटिक्स अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के संस्थापक हैं।

डा. के चेलवा कुमार

डा. के चेलवा कुमार ने पेराडेनिया विवि, श्रीलंका के यांत्रिक अभियांत्रिकी से बी.एस., तथा केलिफोर्निया प्रौद्योगिकी संस्थान से एम.एस. एवं पी.एचडी. और केलिफोर्निया विवि, इर्विन से एम. बी.ए. की उपाधि प्राप्त की है। वे ई.पी.आई.आर. प्रौद्योगिकी, इंक, बोलिंगब्रूक, आई. एल. के अध्यक्ष हैं। डा. चेलवा कुमार विभिन्न संस्थानों में कई प्रशासनिक पदों पर भी रह चुके हैं जैसे सेंट लुई क्षेत्रीय अस्पताल, गिलरोय, सी.ए., केरिटस व्यापार सेवाएं, रेडवुड शहर, सी.ए. सेंट फ्रांसिस चिकित्सा केंद्र, लिनवुड, सी.ए. रेप्रोनेट, लॉस एंजिलेस, सी. ए.। इसके पहले वे केलिफोर्निया राजकीय विवि, लॉस एंजिलस एवं फुलरटन परिसरों, सी.ए. कार्नेजी मेलन विवि और पेराडेनिया विवि, श्रीलंका, में संकाय सदस्य रह चुके हैं। वे 1979 और 1980 में राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग चैंपियन भी थे।

प्रा. सुचित्रा माथुर

प्रा. सुचित्रा माथुर, भा.प्रौ.सं. कानपुर में अंग्रेजी की सह–प्राध्यापक, तथा भारतीय अंग्रेजी साहित्य, नारीवादी और उत्तरऔपनिवेशक सिद्धांत, तथा प्रसिद्ध सांस्कृतिक अध्ययन की विद्व ान हैं। इन क्षेत्रों में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशन के अतिरिक्त, वे इन क्षेत्रों में कार्यशालाएं आयोजित करने और विभिन्न संचार कुशलताओं पर देश भर के बहुत से संस्थानों में पाठ सिखाने में संलग्न रहती हैं। उनके नए कार्य में अंतःविषय क्षेत्र को विज्ञान अध्ययन के तौर पर उनकी रुचि को एक सार्थक संवाद के रूप में एस एंड टी फोकस में लिंग और संचार पर स्थापित करता है। 2011 में, उनको भा.प्रौ.सं. कानपुर द्वारा गोपाल दास भंडारी उत्कृष्टता अध्यापन पुरस्कार दिया गया।

प्रा. अचल मेहरा

प्रा. अचल मेहरा को दक्षिणी इलीनॉइस विश्वविद्यालय, कार्बोनडेल से पत्रकारिता में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि (1985) प्राप्त है। उन्होंने यांत्रिक अभियांत्रिकी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (1980) से प्रौद्योगिकी में स्नातक की उपाधि ली है। वे लिटिल इंडिया पत्रिका के संपादक और प्रकाशक हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में सर्वाधिक बिकने वाली एशियाई शीर्षक, तथा विश्व में सबसे बड़ा विदेशी भारतीय प्रकाशन है। पिछले तीन सालों में, इस पत्रिका को स्वतंत्र प्रेस संघ द्वारा 20 इप्पी पुरस्कार, छः न्यू अमेरिकन मीडिया पुरस्कार तथा उटने–आई.पी.ए. पुरस्कार और जी.एल.ए.ए.डी. मीडिया पुरस्कारों में नामांकन मिला है। प्रा. मेहरा ने बिगरइंडिया डॉट कॉम पत्रिका का वेब प्लेटफॉर्म भी विकसित किया है। वे यू.के. की कला रॉयल संस्था के फेलो हैं।

प्रा. अशोक मित्तल

प्रा. अशोक मित्तल ने भा.प्रौ. सं. खड़गपुर से बी.टेक. (ऑनर्स) एवं एम.टेक., तथा एम.एस. और पी.एचडी. केस वेस्टर्न रिजर्व विश्वविद्यालय से प्राप्त किया है। वे भा.प्रौ.सं. कानपुर और केल्लोग प्रबंधन विद्यालय, उत्तरपश्चिमी विवि, सं.रा.अ. से जुड़े हुए हैं। प्रा. मित्तल अभियंता संस्थान, भारत के फेलो, सं.रा.अ. की ऑपरेशंस अनुसंधान संस्था के सदस्य, भारतीय ऑपरेशनल अनुसंधान संस्था के अध्यक्ष तथा आइ.एस.टी.ई. के जीवनकाल सदस्य हैं।

प्रा. एस एल नारायणमूर्ति

प्रा. एस एल नारायणमूर्ति ने ब्रैडफोर्ड विश्वविद्यालय से 1971 में कॉमनवेल्थ विद्वान के तौर पर पी. एचडी. की उपाधि प्राप्त की है। वे भा.प्रौ.सं. मुंबई में चार दशकों तक एक संकाय सदस्य, विभागाध्यक्ष और डीन के पद पर सेवा कर चुके हैं। प्रा. नारायण मूर्ति को भा.प्रौ.सं. मुंबई में 2004 में उनके संस्थान को एक शिक्षक, टीम लीडर, आर एवं डी सहायक, संसाधन संग्रहण और पूर्व छात्र नेटवर्किंग जैसे व्यापक कार्यों के लिए जीवनकाल सफलता पुरस्कार दिया गया। उनको सहयोगियों के साथ प्रसंस्करण/ प्रौद्योगिकी में विकास के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ। उनकी नवीनतम रुचि अभियांत्रिकी शिक्षण, भोजन प्रसंस्करण अभियांत्रिकी तथा मेंटरिंग में है।

डा. संदीप पाण्डे

डा. संदीप पाण्डे ने 1992 में यांत्रिक अभियांत्रिकी में अपनी पी.एचडी. की उपाधि केलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले से अर्जित की तथा वर्तमान में वे लखनऊ में एक समाज सेवक हैं। वे अपने कार्य में गहराई से संलग्न हैं जिसमें शिक्षा का अधिकार, कार्य, भोजन, सूचना, मानवाधिकार, हाशिये पर संप्रदायों का सशक्तिकरण, जमीनी स्तर का लोकतंत्र, भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन, जमीनी सुधार, सांप्रदायिक सौहाद्र, परमाणु निरस्त्रीकरण एवं शांति, भारत पाकिस्तान के बीच शांति और मित्रता, कॉर्पोरेट जवाबदेही और सामाजिक राजनीति शामिल हैं। उनकी संस्था के माध्यम से लोगों को भ्रष्टाचार से लड़ते हुए विभिन्न सरकारी सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त होता है। वे बहुत तल्लीनता से संलग्न हैं ताकि भ्रष्टाचार से ग्रसित मुख्य राजनीति की जगह एक सच्ची राजनीति का विकास हो सके।

प्रा. दुर्गेश सी राय

प्रा. दुर्गेश सी राय भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में सिविल अभियांत्रिकी विभाग के प्राध्यापक हैं। भा.प्रौ.सं. कानपुर से जुड़ने से पहले, वे मिशिगन विवि में एक अनुसंधान फेलो (1996–1997) तथा भा.प्रौ.सं. रुड़की में भूकंप अभियांत्रिकी विभाग के संकाय थे (1997–2001)। उनको भूकंप अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सं.रा.अ.) द्वारा 2000 शाह परिवार नवीनता पुरस्कार तथा भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी द्वारा युवा अभियंता पुरस्कार (1999) प्राप्त हुआ है। वे 2010 में भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी फेलो चुने गए थे। वे राष्ट्रीय सूचना भूकंप अभियांत्रिकी केंद्र (एन.आई.सी.ई.ई) के भा.प्रौ. सं. कानपुर में संयोजक हैं तथा अतंर्राष्ट्रीय भूकंप अभियांत्रिकी संस्था के विश्व भूकंप सुरक्षा पहलों के मण्डल के सदस्य हैं।

प्रा. एम बी रजनी

प्रा. एम बी रजनी ने अपना डॉक्टरल अनुसंधान पुरातत्व जांच पर आधारित क्षेत्र में राष्ट्रीय उच्च शिक्षा संस्थान, बेंगलोर से तथा पी.एचडी. 2011 में मैसूर विवि से की है। उनको इस कार्य के लिए रचपुडी कामाक्षी स्मारक युवा जियोस्पेसियल पुरस्कार प्राप्त हुआ। उन्होंने एक वर्ष तक एन.आई.ए.एस. में डॉक्टरल के बाद अनुसंधान किया तथा तत्पश्चात एन.आई.आई.टी विवि, नीमराना में 2011–1013 के बीच एम.टेक. जी.आई.एस. कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक का पद प्राप्त किया। नालंदा विवि के फेलो के रूप में उनका वर्तमान कार्य नालंदा में पुरातत्व संबंधी सबूतों का अध्ययन करना है (2013–2014)। उनको रिमोट सेंसिंग पर नियमावली लिखने तथा पुरातत्व पर जी.आई.एस. ऐप्लीकेशन लिखने के लिए होमी भाभा अध्येतावृत्ति प्राप्त हुई है।

प्रा. टी आर रामचंद्रन

प्रा. टी आर रामचंद्रन ने भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलोर से 1960 में धातुकर्म में बी.ई., एम.एससी की उपाधी 1965 में मेकमास्टर विवि कनाडा से तथा पी.एचडी 1969 में वेल्स विवि यू.के. से प्राप्त की है। वे दो दशकों तक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में संकाय सदस्य रहे, 1969–89। वे 1989–99 के दौरान जवाहरलाल नेहरू अल्यूमीनियम अनुसंधान एवं डिजाइन विकास केंद्र नागपुर के संस्थापक निदेशक रहे। जवाहरलाल नेहरू अल्यूमीनियम अनुसंधान एवं डिजाइन विकास केंद्र की स्थापना के समय (1989–96) वे यू.एन.डी.पी. परियोजना के राष्ट्रीय परियोजना के निदेशक भी रहे। वे हैदराबाद की नॉनफेरस पदार्थ प्रौद्योगिकी विकास केंद्र के एमेरिटस वैज्ञानिक थे। वे भारतीय अल्यूमीनियम उद्योग राष्ट्रीय अल्यूमीनियम कंपनी (1991–93), भारत अल्यूमीनियम कंपनी (1994–97), पारादीप कार्बन्स (2002–2006) के साथ मजबूती से जुड़े हुए थे तथा वर्तमान में अलूफ्लोराइड के कार्यकारी निदेशक के तौर पर काम कर रहे हैं। उनके नॉनफेरस धातु के क्षेत्र में अतिविशिष्ट योगदान के लिए उन्हें 1994 में हिंदुस्तान जिंक स्वर्ण पदक, तथा 2006 में भारतीय धातु संस्थान की स्थापना वर्ष में नालको स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

प्रा. ए रामनाथन

प्रा. ए रामनाथन ने मुंबई विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पी.एचडी. किया है। वे मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान के भा.प्रौ. सं. मुंबई में वरिष्ठ प्राध्यापक तथा विभागाध्यक्ष हैं। उन्हें मात्रात्मक अर्थशास्त्र, खासकर उन्हें सामाजिक विज्ञान में शिक्षण और अनुसंधान पद्धतियों के लिए शौहरत हासिल है। वे प्रबंधन अर्थशास्त्र, व्यावहारिक अर्थमिति और सामान्य लागत–लाभ की समीक्षा के विशेषज्ञ हैं। प्रा. रामनाथन ने कई राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में लेख लिखे हैं।

प्रा. मैथिली रामस्वामी

प्रा. मैथिली रामस्वामी एक प्राध्यापक तथा वर्तमान में टाटा मूलभूत अनुसंधान केंद्र संस्थान बेंगलोर में

व्यावहारिक गणित की डीन हैं। वे देश की पार्शियल डिफ्रैंशियल समीकरण के क्षेत्र की अग्रणी व्यक्ति हैं खासकर समीक्षा और नियंत्रण समस्याओं में लागू करने के लिए। उन्होंने अपनी बी.एससी. और एम.एससी. की उपाधि मुंबई विवि तथा पी.एचडी. पेरिस विवि, फ्रांस से प्राप्त की है।

डा. जी वेण्कटपा राव

डा. जी वी वेण्कटपा राव का भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली में तीन दशकों (1975–2007) का विशिष्ट करियर रहा है जिसके दौरान वे सिविल अभियांत्रिकी विभाग के प्रमुख तथा छात्र मामलों के डीन रहे। उन्होंने जियोसिंथेटिक अभियांत्रिकी प्रयोगशाला का निर्माण किया, पूरे देश में एकमात्र ऐसी सुविधा। उनके अमूल्यवान योगदानों को 25 प्रतिष्ठित पुरस्कारों द्वारा सराहा गया है, जिसमें जल संसाधन में अतिविशिष्ट योगदान के लिए सी.बी.आई. पी. जवाहरलाल नेहरू जन्म शताप्दी पुरस्कार (1994), अंतर्राष्ट्रीय जियोसिंथेटिक संस्था–नेतृत्व तथा मान्यता पुरस्कार (2008) उनमें से कुछ के नाम हैं। वे भारतीय जियोतकनीकी संस्था के माननीय फेलो, भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी और संस्थान अभियंता (भारत) के फेलो हैं। वे दो सत्रों तक अंतर्राष्ट्रीय जियोसिंथेसिस संस्था के भारतीय चेप्टर के अध्यक्ष रहे तथा आई.जी.एस. परिषद के सदस्य थे। वे भारतीय जियोकनीकी संस्था के 5 वर्षों तक माननीय सचिव तथा भारतीय जियोतकनीकी पत्रिका के संपादक के रूप में भी रहे। वे 2010–2013 के दौरान भारत सरकार के सार्वजिनिक क्षेत्र का उपक्रम, इरकॉन अंतर्राष्ट्रीय लि. के स्वतंत्र निदेशक भी थे।

प्रा. धीरज सांघी

प्रा. धीरज सांघी वर्तमान में कम्प्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली में अभ्यागत संकाय हैं। उनके ऊपर भा.सू.प्रौ. संस्थान दिल्ली में शैक्षणिक मामले तथा बाह्य संबंध के डीन होने का दायित्व है। वे 2008–2010 तक एल.एन. एम. सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर विवि की एक सरकारी–निजी भागीदारी, के निदेशक पद पर रहे। वे भा.प्रौ.सं. कानपुर में शैक्षणिक मामले के 2011 से 2014 तक डीन थे। उनकी शोध रुचि कम्प्यूटर नेटवर्क्स के क्षेत्र में है खासकर विभिन्न परतों के प्रोटोकॉल, आईपीवी6, गतिशीलता और सुरक्षा पर। वे भारत में तकनीकी शिक्षण के लिए उत्साही रहते हैं और नियमित रूप से पत्रिकाओं और ब्लॉग्स में उसके लिए लिखते हैं। उनको भा.प्रौ.सं. कानपुर से बी.टेक., तथा मैरीलैंड विवि, कॉलेज पार्क से एम.एस. और पी. एचडी. की उपाधि प्राप्त है।

डा. शिलादित्य सेनगुप्ता

डा. शिलादित्य सेनगुप्ता वर्तमान में हार्वड ब्रिघम चिकित्सा विद्यालय एवं महिला अस्पताल में औषधि और चिकित्सा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सहायक प्राध्यापक हैं। उन्होंने भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान से बी.एस. और एम.एस., तथा कैम्ब्रिज विवि (ट्रिनिटी महाविद्यालय) से पी.एचडी. किया है। वे अमेरिकन फार्माकोलॉजी और प्रयोगात्मक थेरापिटिक्स एवं अमेरिकन केंसर अनुसंधान संगठन के सदस्य हैं। डा. सेनगुप्ता डीओडी स्तन केंसर अनुसंधान कार्यक्रम सहयोगात्मक अन्वेषक पुरस्कार, मैरी के ऐश प्रतिष्ठान करियर पुरस्कार, होप विद्वान डीओडी पुरस्कार, इंडस टेक्नोवेटर पुरस्कार एवं जैविकअभियांत्रिकी का कोल्टर प्रतिष्ठान युवा जांचकर्ता पुरस्कार के प्राप्तकर्ता हैं।

प्रा. कोशी थारकन

प्रा. कोशी थारकन गोवा विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में प्राध्यापक हैं। उन्होंने हैदराबाद विवि से दर्शनशास्त्र तथा सामाजिक विज्ञान में पी.एचडी. की उपाधि प्राप्त की है। उनकी रुचि सामाजिक विज्ञान और घटनाओं के दर्शन में है, जिसमें उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने पर्यावरण नीतियों के क्षेत्र में भी योगदान दिया है तथा इस क्षेत्र में छात्रों को पी.एचडी. कराया है।

डा. हैरी यूक्लिया

डा. हैरी यूक्लिया टेक्नियन इजरायल में शोध प्राध्यापकय ओ.आर.टी. उरूगे विवि और सेन एंड्रियास विवि अर्जेंटीना में अभ्यागत प्रध्यापकय तथा एक स्वतंत्र प्रबंध सलाहकार हैं। उन्होंने ईशाई, रोमानिया के तकनीकी विवि "घ असाची" से विद्युत अभियांत्रिकी में एम.एस., बॉस्टन विवि से प्रबंधन में एम.एस.य तथा हिब्रू विवि - जेरुसलेम, इजरायल से व्यापार प्रबंधन में पी.एचडी. किया है। वे उद्यमिता एवं नवीनता (2010–वर्तमान तक) के लिए इजरायल पुरस्कार के प्रधान मंत्री समिति के सदस्य; तथा आईक्रिएट, भारत के सलाहकार मण्डल के सदस्य (2012–वर्तमान तक) हैं। वे नवीनता एवं उद्यमिता अंतर्राष्ट्रीय वित्त के लिए रोजनफेल्ड पुरस्कार, 2004 के प्राप्तकर्ता हैं।

आधारभूत ढांचा व सुविधाएं

स्थाई परिसर विकास

पालज गांव के नजदीक स्थाई परिसर का फेज–1ए का विकास समापन के नजदीक है तथा जुलाई, 2015 में करीब 1000 विद्यार्थी नव–निर्मित छात्रावास में आ चुके हैं। जुलाई 2015 में शुरू हुई शैक्षणिक गतिविधियां अब पूर्ण पैमाने पर चल रही हैं। 2 वर्ष से कम समय में नए परिसर में आने की प्रक्रिया विभिन्न इकाइयों की उच्च स्तरीय दलगत कार्य को दर्शाता है। कुल 270 संकाय व स्टाफ आवासीय इकाई तथा अन्य शैक्षणिक इमारतें भी पूर्ण है तथा संस्थान का पूर्ण संचालन अब नए परिसर से होना आरम्भ हो गया है।

परिसर का माहौल शैक्षणिक प्रयासों के अनुकूल है तथा ऐसी जगह स्थित है जो अच्छी तरह से शहरों से जुड़ा हुआ है तथा तेजी से विकसित हो रहा है। स्थाई परिसर के नजदीक गिफ्ट सिटी अपने संचालन की तैयारी कर रहा है, सड़क तथा सेवा नेटवर्क काफी आगे बढ़ा है, अन्य राष्ट्रीय संस्थान परिसर के इर्द गिर्द तैयार हो रहे हैं तथा पिरसर के आस–पास कई सुरक्षा प्रतिष्ठान और वन का विशाल क्षेत्र स्थित है।

बुनियादी खेलकूद सुविधाएं जिसमें एक क्रिकेट मैदान, अभ्यास पिच सहित, एक फुटबॉल मैदान, वॉलीबॉल कोर्ट तथा बास्केटबॉल कोर्ट विकसित किए गए हैं। जमीन के अविकसित पॉकेट (भविष्य निर्माण के लिए चिन्हित) को वर्तमान में फूलों वाले पौधे, कुछ सब्जियां तथा कुछ उपयोगी पौधों के मिश्रित रूप में वृक्षारोपण के उद्देश्य से प्रयोग की जा रही है। इस क्षेत्र में आधुनिकतम खेलकूद सुविधाओं की प्लानिंग मास्टर प्लान में निर्धारित है और उनकी शुरुआत हो गई है। समानांतर में भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने जैव विविधता को बढ़ावा देने और उन्हें स्थिर करने के लिए परिसर में कुछ नाले विकसित करना शुरू कर दिया है।

छात्रावास तथा शैक्षणिक इमारतों की छत पर स्थापित 200 केडब्लूपी सौर ऊर्जा पीवी प्लांट नर्धारित माप पर अब पूरा हो गया है। यह प्रति दिन करीब 1000 के डब्लूएच की बिजली उत्पन्न करेगा तथा प्रति माह करीब 1 लाख रुपए की बचत करेगा।

जैविक अपशिष्ट को संसाधित करने के लिए 1 एमटी क्षमता का केंद्रीय बायोगैस संयत्र भी पूरा हो गया है। इससे उत्पन्न बिजली परिसर में रौशनी के उद्देश्य के लिए इस्तेमाल की जाएगी।

इसके अलावा, 1200–1400 विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, आतिथ्य गृह, स्थाई खेलकूद सुविधाएं तथा कुछ और आवास के निर्माण के दूसरे फेज की आर्किटेक्चरल प्लानिंग शुरू हो गई है।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर पालज परिसर देश का प्रथम परिसर है जिसे गृहा काउंसिल द्वारा 29 दिसम्बर, 2015 को "फाइव स्टार" गृहा एलडी वी2 मास्टर प्लान रेटिंग दी गई है। मूल्यांकन समिति ने कुल 35: जरूरतों के मुकाबले 25.9: प्रतिशत का एक फाइनल इंपैक्ट स्कोर प्रदान किया है।

सूचना प्रणाली व प्रौद्योगिकी सुविधा

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में आई.एस.टी.एफ. नए परिसर में आ गया है तथा संस्थान की स्थापना के बाद भा.प्रौ.सं. गांधीनगर समुदाय को उपयोगकर्ता स्तर की सेवाएं देना जारी रखा है। आई.एस.टी.एफ. का अत्याधुनिक नेटवर्किंग आधारभूत ढ़ांचा भा.प्रौ.सं. गांधीनगर परिसर के अन्दर–बाहर सभी उपयोगकर्ताओं को सूचना प्रणाली तथा कम्प्यूटेशनल सुविधाओं के प्रावधान में समर्थ बनाता है। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर समुदाय में करीब 1200 उपयोगकर्ता हैं जिसमें संकाय, विद्यार्थी तथा स्टाफ शामिल हैं। पिछले वर्ष के दौरान आई.एस.टी.एफ. द्वारा ली गई महत्वपूर्ण गतिविधियों का सारांश निम्नलिखित है।

सूचना प्रणाली

परिचालन दक्षता प्राप्त करने तथा बुनियादी परिचालन गतिविधियों से परे सोचने में भा.प्रौ.सं. गांधीनगर को सक्षम बनाने के लिए, संस्थान ने एक कार्यालय स्वचालन प्रणाली को अपनाया है तथा सफलतापूर्वक लागू किया है। इसे संस्थान प्रबंधन प्रणाली (आई.एम.एस) के नाम से भी जाना जाता है जिससे भा.प्रौ.सं. गांधीनगर कागज रहित कार्यालय बनने के लिए तैयार हो चुका है। आई.एम.एस. परियोजना जून, 2014 में आरम्भ की गई तथा सभी मॉडूल लागू होने में 13 महीने का रिकॉर्ड समय लगा। आई.एम.एस. विभिन्न प्रक्रियाओं के कार्यप्रवाह का गठन करता है जो विभिन्न अनुभागों जैसे, शैक्षणिक, सामान्य प्रशासन, सामग्री प्रबंधन, वित्त व लेखा, शोध व विकास, सूचना प्रणाली तथा प्रौद्योगिकी सुविधा (आई.एस.टी.एफ.), निदेशक–कार्यालय इत्यादि को परस्पर जोड़ता है। इसके अतिरिक्त आई.एम.एस. संस्थान को, विद्यार्थी, जीवनचक्र, सामग्री (खरीदारी से भुगतान) ग्रीष्म अंतःशिक्षुता, संकायध्कार्मिक नियुक्ति, दाखिले, तथा पूर्व छात्र संबंध को केंद्रीय रूप से प्रबंधन की अनुमति देता है। आई.एम.एस. के सफल कार्यान्वयन ने भा.प्रौ.सं. गांधीनगर को, एक सामान्य मंच के जरिए सभी प्रक्रियाओं से जोड़ते हुए एक व्यापक कार्यालय स्वचालन प्रणाली अपनाने वाला प्रथम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बना दिया है।

कम्प्यूटिंग व नेटवर्क आधारभूत संरचना

पालज में भा.प्रौ.सं. गांधीनगर का नया परिसर 10 जी.बी.पी.एस. उच्च गति प्रकाशीय फाइबर आंतरिक नेटवर्क के ऊपर 1 जी.बी.पी.एस. इन्टरनेट लिंक के साथ राष्ट्रीय नॉलेज नेटवर्क (एन.के.एन.) से जुड़ा है। शैक्षणिक भवन, आवासीय–स्थान तथा छात्रावास क्षेत्र एल.ए.एन. व वाई–फाई सक्षम हैं। आई.एस.टी.एफ. को एक नया फायर वॉल उपकरण मिलने वाला है जो सिंगल साइन ऑन (एस.एस.ओ.) का प्रयोग कर मल्टीपल लॉगिन की जरूरत को पूरा करेगा। सभी महत्वपूर्ण सेवाएं हाई–एवेलेबिलटी (एच.ए.) मोड में कार्य करेंगी।

सी.सी.टी.वी. कैमरा विभिन्न परिसर स्थानों में स्थापित हैं जो सुरक्षा कर्मियों को एक केन्द्रीय स्थान से प्रबंध व निगरानी रखने में सक्षम बनाता है। सभी सर्वर कक्ष तथा महत्वपूर्ण प्रयोगशालाएं, बायोमेट्रिक सेन्सर्स के प्रयोग से नियंत्रित होती हैं जो अधिकृत कार्मिकों के प्रवेश और प्रस्थान में सक्षम बनाता है। सभी कम्प्यूटर उपकरण जहां भी आवश्यक हो, रातदिन कूलिंग के साथ यू.पी.एस. से जुड़े हैं। पूरे परिसर में अग्नि–चेतावनी स्मोक डिटेक्टर स्थापित किए गए हैं। आई.एस.टी.एफ ने वॉयस–ओवर–आईपी (वी.ओ.आई.पी.) सेवाओं के लिए रिडंडेन्ट इन्टरनेट सेवाओं (पी.आर.आई. लाइसेन्स के साथ) के लिए एक अतिरिक्त इन्टरनेट लीज लाइन प्राप्त करने के लिए अपना प्रारम्भिक कार्य शुरू कर दिया है।

आई.एस.टी.एफ. विभिन्न विषयों की जरूरतों के लिए एक व्यापक सॉफ्टवेयर कोष संभालता है। सबसे अधिक लोकप्रिय सॉफ्टवेयर में हैं – ए.एन.एस.वाई.एस, स्टार सीसीएम, ऑटोडेस्क इन्वेन्टर, एस्पेनटेक, मैथमैटिका, पी.एस.सी.ए.डी 4.2, एस.टी.ए.टी.ए 11.1, ऑटोकैड, लैब–वियू, कैडेंस, टीकैड, मैटलैब, जिलिंक्स, आई.एस.ई. ओरिजिन, ईटैब, आर्क–जिस। संस्थान में वेगा, एक उच्च निष्पादन कम्प्यूटिंग क्लस्टर (एच.पी.सी.सी.) है जो प्रयोगकर्ताओं को अपनी शोध अभिरुचियों से संबंधित समानांतर व जी.पी.यू. कम्प्यूटिंग निष्पादन में सक्षम बनाता है। इसके अतिरिक्त, एच.पी.सी.सी. के अलावा, संस्थान में एनवीडिया के 20 एक्सएम, शिक्षण केन्द्र के पार्ट के तौर पर एनवीडिया सी.यू.डी.ए. के 20 एक्सएम टेस्ला कार्ड्स के 2 हाई–एंड नोड्स द्वारा एक पृथक सेटअप है। यह नोड्स सी–डीएसी प्रदत्त पूरे देश के गरुड़, नेटवर्क से जुड़े हैं।

आई.एस.टी.एफ. गैर–भा.प्रौ.सं.गांधीनगर प्रयोगकर्ताओं के निवेदनों को पूरा करने तथा संभावित आंतरिक विद्वानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए नवीनतम तकनीक के नए नोड्स में वृद्धि कर वर्तमान एच.पी.सी.सी. को बढ़ाने की योजना बना रहा है।

नई पहल

आई.एस.टी.एफ. टीम कौशल को बढ़ाने के लिए तथा आधुनिक तकनीक के साथ सामयिक रहने के लिए निरंतर विभिन्न आंतरिक योजनाओं का दायित्व लेती है। इस टीम ने सफलतापूर्वक निम्नलिखित योजनाओं को पूरा किया है–

- प्रयोगकर्ताओं को केन्द्रीकृत निर्देशिका सेवाओं तथा प्रमाणीकरण प्रदान करने के लिए एक लाइटवेट डाइरेक्टरी एक्सेस प्रोटोकॉल (एल.डी.ए.पी.) सर्वर लगाया गया है।
- रेडियस सर्वर लगाया जो एडूरोम सेवाओं के साथ होने वाला है। रेडियस सर्वर एल.डी.ए.पी. के साथ एकीकृत किया गया है ताकि भा.प्रौ.सं. गांधीनगर प्रयोगकर्ता अपने परिचय–पत्र के साथ, भारत व विदेशों के किसी भी संस्थान में लागिंन कर सके तथा अपने लैपटॉप, स्मार्ट फोन तथा अन्य पोर्टेबल उपकरणों का प्रयोग कर परिसर के बाहर वाई–फाई के द्वारा इन्टरनेट कनेक्टीविटी प्राप्त कर सके।

आउटरीच गतिविधियां

आइ.एस.टी.एफ. संस्थान को कई पहलों तथा कार्यक्रमों को एक सक्रिय योगदान देने वाला साझेदार रहा है। यह टीम विभिन्न कार्यक्रमों तथा गतिविधियों के लिए व्यापक समर्थन देती है। इस वर्ष आई. एस.टी.एफ. ने टी.ई.क्यू.आई.पी. के भाग के रूप में 'क्लाउड कम्प्यूटिंग' पर 2 सप्ताह के ग्रीष्म स्कूल का आयोजन किया जिसमें व्याख्यान तथा व्यावहारिक सत्र हुए। इस स्कूल को, गुजरात तथा अन्य राज्यों के अभियांत्रिकी महाविद्यालयों से कई प्रतिभागियों की तरफ से, जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है।

शोध सुविधाएं

कम्प्यूटेशनल नैनोफोटोनिक्स प्रयोगशाला

यह प्रयोगशाला इमेजिंग, सेन्सिंग तथा ऊर्जा संचयन में अनुप्रयोगों को ध्यान में रखने के साथ नैनोसंरचित सामग्रियों के साथ प्रकाश इन्टरेक्शन के मौलिक भौतिक विज्ञान का अन्वेषण करता है। विशेषतयः, यह उच्च–रिफ्रेक्टिव इन्डेक्स सामग्रियोंरू नोबल धातुओं, से बना नैनोसंरचनाओं का अन्वेषण करता है जो प्लाजमोनिक व्यवहार तथा सेमीकंडक्टर्स को प्रदर्शित करता है जो बढ़े हुए चुम्बकीय प्रतिक्रिया को प्रदर्शित करता है। असंख्य अनुप्रयोगों, जिनकी यह प्रयोगशाला अन्वेषण करती है उसमें शामिल हैं– हाई रिजोल्यूशन व बहुत विस्तृत फील्ड ऑफ वियू माइक्रोस्कोप, मोनोलिथिक एकीकृत अल्ट्रा–मिनिएचर कैमरा, अल्ट्रा–संवेदनशील गैर–विध्वंसक आभासी माप तकनीक (चीजों की जांच के लिए) तथा नैनोस्केल पर गतिकी, जैवप्रेरित टिकाऊ ऊर्जा संचयन तथा भंडारण तकनीक। संस्थान प्रयोगशाला में कम्प्यूटेशनल संसाधनों पर काफी निर्भर है तथा आन्तरिक कोड के साथ–साथ व्यावसायिक सॉफ्टवेयर उपकरणों का प्रयोग करता है।

शुष्क प्रक्रिया प्रौद्योगिकी (ड्राई प्रो टेक) प्रयोगशाला

नव आर्दता निलंबित ग्लव बाक्स तथा फाराडे कप इलेक्ट्रोस्टेटिक चार्ज माप सुविधा के साथ शुष्क प्रक्रिया प्रौद्योगिक (ड्राईप्रोटेक) प्रयोगशाला में स्थापित किया गया है। इस सुविधा का उपयोग नियंत्रित आर्दता (25% से 90% आर.एच.) करने तथा 65 डिग्री सेन्टीग्रेड के अंतर्गत कोई भी प्रयोग करने के लिए किया जाएगा। किसी भी सामग्री का इलेक्ट्रोस्टेटिक चार्ज फाराडे कप तथा इलेक्ट्रोस्टेटिक चार्ज माप उपकरण का प्रयोग कर मापा जा सकता है। सामग्रियों के इलेक्ट्रोस्टेटिक चार्ज पर आर्दता के किसी प्रभाव से बचने के लिए यह ग्लव बॉक्स के अन्दर भी किया जा सकता है।

घर्षण स्टर वेल्डिंग फ्रिक्शन स्टर

वेल्डिंग (एफ.एस.डब्लू.) एक ठोस अवस्था में शामिल होने की प्रक्रिया है, जहाँ एक घूर्णन उपकरण तीव्र प्लास्टिक विरूपण के कारण जोड़ बनाता है। उच्च घूर्णीगति पर घूमने वाला उपकरण – वर्कपीस सम्पर्क सतह पर घर्षण के कारण ताप उत्पन्न करता है। घूमने वाला वेल्डलाइन के साथ घूमता है तथा सॉफ्टेन प्लास्टिसाइज्ड सामग्री का विरूपण करते हुए एक जोड़ बनाती है। एफ.एस.डब्लू. के दौरान विलय की कमी दरारों को ठोस करना, सरंध्रता, विरूपण तथा यांत्रिकी गुणों जैसे मुद्दों को टालता है। एफ.एस.डब्लू. मशीन ठोस स्थिति में विभिन्न सामग्रियों को जोड़ने में समर्थ है जैसे अल्यूमीनियम, तांबा, मैग्नेशियम, इस्पात इत्यादि। मशीन में उपकरण के घूमने के लिए 12.5एच.पी. विद्युतीय मोटर है तथा सख्त सामग्रियों को जोड़ने के लिए पर्याप्त टॉर्क है। मोटर को 3000 आर.पी.एम. तक घुमाया जा सकता है। यह मशीन घर्षण स्टर वेल्डिंग के दौरान विभिन्न प्रक्रिया – मापदंडों को मापने में समर्थ है। मुख्य मशीन के अलावा, विभिन्न सामग्रियों को जोड़ने के लिए विभिन्न उपकरण विकसित किए गए हैं। जिसमें पोलिमेयर्स, तथा वर्कपीस सामग्रियों के विभिन्न आकारों को जोड़ने वाले फिक्सर्स, शामिल हैं।

ग्लोबल नेवीगेशन उपग्रह प्रणाली (जी.एन.एस.एस.) प्रयोगशाला

नेवीगेशन में प्रयोग–उन्मुख शोध करने के लिए जी.एन.एस.एस. प्रयोगशाला में आई.एस.आर.ओ.,

अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, अहमदाबाद प्रदत्त उपग्रह प्राप्तकर्ता हैं। प्राप्तकर्ता भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (आई.आर.एन.एस.एस.) तथा ग्लोबल पोजीशनिंग प्रणाली (जी.पी.एस.) दोनों का प्रयोग करते हुए अपने स्थान, वेग तथा समय को निर्धारित करने में सक्षम हैं।

प्रणाली विवरण: यह प्राप्तकर्ता एल5 (1176.45 एमएचजेड) तथा एस1 (2492.028 एमएचजेड) का प्रयोग कर दोहरे आवृत्ति मोड में संचालित होता है। इसके अतिरिक्त, जी.पी.एस. से एल1 (1575.42 एमएचजेड) कोर्स/एक्वीजीशन सिग्नल संसाधित कर सकता है। यह प्रणाली 34 चैनलों को सहयोग देता हैः एल5 तथा एस बैंड प्रत्येक के लिए 11 चैनल, तथा एल1 बैंड के लिए 12 चैनल। विभिन्न मोड का प्रयोग कर रिसीवर नेविगेशन सोल्युशन उत्पन्न करता हैः सिर्फ एल5; सिर्फ एस; एल5एस; एल5एल1 एवं एल5एसएल1। रिसीवर द्वारा उत्पन्न नेविगेशन सॉल्यूशन में हैं – ई.सी.ई.एफ. कार्टेसिन कोऑर्डिनेट्स (एक्स, वाई, जेड) तथा जियोडेटिक कोऑर्डिनेट्स (अक्षांस, देशान्तर तथा ऊंचाई) दोनों में रिसीवर का स्थान, ई.सी.ई.एफ. कार्टेसियन कोऑर्डिनेट्स में वेग तथा रिसीवर क्लाक बायस। नेवीगेशन सोल्यूलेशन 1 या 5 एचजेड पर दिया जाता है। रिसीवर्स विभिन्न दर्शनीय जैसे शीउडो रेंज, डोप्लर, तथा करियर फेज प्रदान करते हैं ताकि शोधकर्ता अपना अल्गोरिदम प्रयोग कर सही नेविगेशन सोल्यूशन उत्पन्न करने के लिए इन्हें प्रयोग कर सकें। फिर, रिसीवर, अंतरिक्ष–आधारित, आवर्धन प्रणाली – गगन, (जिओस्टेशनरी आगुमेन्टेड जी.पी.एस. – एडेड नेविगेशन) से सुधार संदेश प्राप्त करने में सक्षम है – जो कि आगे नेविगेशन सोल्युशन, की शुद्धता को बेहतर बनाने के लिए प्रयोग किया जा सकता है। रिसीवर्स में बैटरी बैकअप तथा डाटा लॉगिंग सुविधा है, जो उन्हें मोबाइल प्लेटफार्म पर प्रयोग करने में समर्थ बनाता है। वे रिनेक्स 3.03 तथा एन.एम.ई.ए आउटपुट प्रदान करता है।

माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स प्रयोगशाला

माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स प्रयोगशाला मुख्य रूप से, माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स एनालॉग तथा डिजिटल वी. एल.एस.आई. डिजाइन तथा सेमीकंडक्टर डिवाइस संबंधित शोध तथा अधिस्नातक प्रयोगशाला शिक्षण पाठ्यक्रम के लिए प्रयोग होता है। यह अपेक्षित हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर से सुसज्जित है। संस्थान ने यू.एम.सी. टी.एस.एम.सी के लिए आई.एम.ई.सी. के साथ एन.डी.ए.एस., तथा डिजाइन पुस्तकालय सहयोग तथा आई.सी. फेब्रिकेशन के लिए सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला – (एस.सी.ए.) भारत के साथ हस्ताक्षर किया है। चिप्स यू.एम.सी. 180 एनएम तथा यू.एम.सी 65 एनएम में निर्मित हुए हैं। प्रयोगशाला कैडेन्स मेंटर ग्राफिक्स, साइनोप्सिस, मिलिन्स आइ.एस.ई. उपकरणों के लिए मल्टीयूजर्स लाइसेंस के साथ सुसज्जित हैं। प्रयोगशाला कई एफ.पी.जी.ए. बोर्ड के साथ बेसीज बोर्ड, नेक्सस बोर्ड, स्पार्टन बोर्ड तथा अत्याधुनिक किनटेक्स & 7 बोर्ड तथा करीब 30 कम्प्यूटर तथा एक सर्वर मशीन से सुसज्जित है जिसमें सारे उपकरण हैं।

उपशिष्ट जल उपचार प्रयोगशाला

वर्तमान में उपशिष्ट जल उपचार प्रयोगशाला में निम्नलिखित अत्याधुनिक सुविधाएं हैं:

- ***सीओडी माप*** – यह उपकरण व्यर्थ पानी सैंपल के रासायनिक ऑक्सीजन मांग (सी.ओ.डी.) को निर्धारित करने के लिए क्लोज्ड रिफ्लेक्स विधि प्रयोग करता है। यह 2 घंटे में 12 सैंपल का विश्लेषण कर सकता है।
- ***कुल जेल्डन नाइट्रोजन (टी.के.एन.) माप*** – इस अग्रणी उपकरण में हीटिंग डाईजेस्टर से जुड़ी इनबिल्ट स्वाचालित स्क्रबर तथा डिस्टीलेशन प्रणाली है जो वातावरण में किसी हानिकारक गैस के रिसाव को रोकता है।
- ***नाइट्रस व नाइट्रिक ऑक्साइड सेंसर्स*** – यह सेंसर्स (भारत में अपनी तरह का प्रथम) उपशिष्ट जल के एरोबिक उपचार के दौरान बने घुलनशील नाइट्रस और नाइट्रिक ऑक्साइड को मापने के लिए किया जाता है।
- ***पी.एच., डी.ओ., कंडक्टीविटी व टी.डी.एस. इलेक्ट्रोड्स*** – यह तहकीकात उपशिष्ट जल के नमूने में संबंधित मापदण्ड का सही इकाई देते हैं।
- ***एस.आई.एम.बी.ए. सिमुलेशन सॉफ्टवेयर*** – यह सॉफ्टवेयर एक महत्वपूर्ण स्तर तक पैमाने पर उपशिष्ट जल उपचार प्लान्ट्स की रूप रेखा प्रस्तुत कर देता है।

प्रयोगशाला सुविधाएं

जीवविज्ञान अभियांत्रिकी

प्रयोगशाला का आणविक जीव विज्ञान अनुभाग, एक प्लेट रीडर, ग्रेडिएंट थर्मोसाइक्लर, जेल डॉक्यूमेंटेशन प्रणाली, रियल टाईम पी.सी.आर., इन्वरटेड फ्लोरसेंस माइक्रोस्कोप, वॉटर प्यूरीफायर, लेमिनार फ्लो हुड, –80 डिग्री से. फ्रीजर्स, 20 डिग्री से., रेफ्रिजेरेटर्स, शेकर–इनक्यूबेटर्स, वाइब्रेशन–रहित क्रिस्टेलाइजेशन इनक्यूबेटर, रेफ्रिजेरेटेड सेंट्रीफ्यूग (कम व मध्यम क्षमताएं), वेस्टर्न ब्लॉटिंग एप्रेटस, पी.एच. मीटर्स व वॉटरबाथ्स। नैनो ड्रॉप प्रणाली प्रोटीन व डी.एन.ए. की संकेदण नापता है। एफ.पी.एल.सी. प्रणाली (जी.ई.) विभिन्न कॉलम के साथ, प्रोटीन के शुद्धि करण के लिए प्रयोग में आता है। प्रयोगशाला में एक जैविक संश्लेषण मॉडूल के साथ एक माइक्रोवेव – आधारित पेप्टाइड सिन्थेसाइजर तथा छोटे अणुओं तथा पेप्टाइड्स को संस्लेषित करने के लिए 3 रोटर्स के साथ एक अल्ट्रासेन्ट्रीफ्यूज है। सेल कल्चर सुविधा, मैमेलियन सेल कल्चर से संबंधित सभी गतिविधियों की सहायता के लिए, जैव सुरक्षा कैबिनेट, सी.ओ. इन्क्यूबेटर, उच्च गति सेन्ट्रीफ्यूज, स्वचालित सेल काउंटर तथा तरल एन2 क्रायो–प्रिजर्वर, के साथ सुसज्जित है। यह प्रयोगशाला, सेल्स में डी.एन.ए. नुकसान का अध्ययन करने के लिए एक यू.वी. क्रॉस लिंकर से भी सुसज्जित है।

रासायनिक अभियांत्रिकी

रासायनिक अभियांत्रिकी विषय की प्रयोगशाला सुविधा में आधुनिक प्रयोगात्मक व्यवस्था की विस्तृत श्रेणी है। तरल यांत्रिक प्रयोगात्मक व्यवस्था में रेनॉल्ड्स प्रयोग उपकरण, बर्नौलिस उपकरण, विभिन्न पाईप के जरिए घर्षण फैक्टर, पाईप फिटिंग की बराबर की लंबाई, ऑरीफीस व वेन्टुरीमीटर, तथा सेन्ट्रीफ्यूगल पंप विशेषताएं शामिल हैं। यूनिट ऑपरेशन/मास ट्रांसफर स्थानांतरण व्यवस्था में बॉलमिल, छननी सामान्य आसवन, पैक्ड बेड अवशोषण टावर, तथा ठोस–तरल/ठोस–गैसध्तरल–गैस मास ट्रांसफर शामिल हैं। ऊष्मा स्थानांतरण ऑपरेशन से संबंधित प्रयोगात्मक व्यवस्था में विभिन्न तरह के ताप एक्सचेंजर जैसे शेल व ट्यूब/डबल पाइप/कुंडलित प्लेट/ द्रवीकृतधफिन्ड ट्यूब तथा अन्य प्रयोग जैसे एजिटेटेड पात्र में ताप – स्थान्तरण लेमीनार/टर्बुलेंट प्रवाह, तथा विभिन्न पदार्थों की अवसोषण शामिल हैं। रासायनिक रिएक्टर्स अभियांत्रिकी व्यवस्था में बैच/पी.एफ.आर./ सी.एस.टी.आर. रिएक्टर्स शामिल हैं। प्रक्रिया नियंत्रण तथा डायनामिक्स व्यवस्था में सामान्य पेण्डुलम, बल्ब थर्मोमीटर, इन्टरएक्टिंग तथा नॉन–इन्टरएक्टिंग टैंक्स, ऑन–ऑफ नियंत्रक तथा पी.आई.डी. नियंत्रण शामिल हैं। इस सुविधा में विशेष निरूपण सुविधा जैसे यूवी स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, एच.पी.एल.सी., जी.सी., तथा पार्टिकल साइज एनेलाइजर, तथा प्रक्रिया साइमलेशन शामिल है। साइमलेशन उपकरण जैसे, ए.एन.एस.वाई.एस., स्टार–सी. सी.एम., एस्पेनटेक सूट, मैटलेब तथा कोमसोल भी उपलब्ध है।

रसायन विज्ञान

रसायन विज्ञान विभाग में कई शोध सुविधाएं उपलब्ध हैं। इनमें एक 500 एम.एच.जेड. एसेन्ड एफ.टी. एन.एम.आर. (ब्रूकर), एक सिनप्त जी2एस ई.एस.आई.दृक्यू.टी.ओ.एफ. मास स्पेक्ट्रोमीटर (वाटर्स) तथा साइक्लिक वोल्टामीटर (सी.एच. उपकरण), एक चूर्ण एक्स आर.डी. (ब्रूकर), एक लाइफ स्पेक–11 टी.सी.एस.पी.सी. (एडिनबर्ग), एक

मल्टीमोड ४ परमाणु ऊर्जा माइक्रोस्कोप (ब्रूकर), एक स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (जे.ई.ओ.एल.), एक सर्कुलर डाइक्रोइज्म (सी.डी.) स्पेक्ट्रोमीटर (जे.ए.एस.सी.ओ.), ३ फ्लेक्स–बी.ई.टी. सतही क्षेत्र विश्लेषक (माइक्रोमेरिटिक्स, यू.एस.ए.), टी.जी.ए. – डी.एस.सी. तथा गैस क्रोमेटोग्राफी शामिल हैं। अन्य शोध उपकरण जैसे डिजिटल पोलेरीमीटर (एन्टॉन–पार), एक एफ.टी.आई.आर. स्पेक्ट्रोफोटोमीटर (ऊष्म वैज्ञानिक) डिजिटल मेल्टिंग प्वाइंट उपकरण (एम.आर. – वी.आई.एस.), एक फोटोकेमिकल उपकरण (लुजचेम), यू.वी.–विस उपकरण (शिमाड्जू व एनेलिटिक जेना), एक स्पेक्ट्रोफ्लूरीमीटर (होरिबा–जॉबिन युवोन), उच्च दाब तरल क्रोमेटोग्राफी प्रणाली (एजीलेंट) भी अध्यापक तथा शोध के लिए प्रयोग किए जाते हैं। वेटलैब फ्यूम हुड्स, रोटरी वाष्पक (बुची, आई.के.ए.) विश्लेषणात्मक संतुलन (शिमाड्जू, मेटलर) तथा सामान्य सुविधाएं जैसे श्लेंक रेखाएं, हीटिंग मेंटल्स, अवन, फ्रीजर्स, हॉट प्लेट तथा स्टरर्स के साथ सुसज्जित है।

सिविल अभियांत्रिकी प्रयोगशाला

सिविल अभियांत्रिकी

सिविल अभियांत्रिकी विषय में संरचनात्मक अभियांत्रिकी, भूतकनीकी अभियांत्रिकी, जल संसाधन अभियांत्रिकी तथा सर्वेक्षण करना/जी.आई.एस. प्रयोगशालाएं संचालन में है।

संरचनात्मक अभियांत्रिकी प्रयोगशाला में अवर स्नातक विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित सामग्री–जांच सुविधाएं हैं: कंक्रीट की संघनन जांच; व्यवहार्यता के लिए कंक्रीट का स्लंप जाँच; कंक्रीट की सुदृढ़ता जाँच; कंक्रीट का विस्तृत घनत्व आकलन, विशिष्ट गुरुत्वाकर्षण जाँच; सीमेंट की सेटिंग समय जाँच; एग्रेगेट्स की ग्रेडिंग; गारा की व्यापक मजबूती, ईंटों की व्यापक मजबूती, चिनाई के लिए प्रिज्म जाँच; ईंटों की जल अवशोषण–जाँच, तथा ईंटों के अवशोषण की आरम्भिक गति, इसके अतिरिक्त, अधिस्नातक विद्यार्थियों के लिए अन्य सुविधाओं में संरचनात्मक डयनामिक्स के कुछ मौलिक घटकों को प्रदर्शित करना है, जिसमें शामिल हैं इलेक्ट्रो–डायनामिक्स शेकर, स्लेज इंपल्स हैमर, सेन्सर्स तथा डाटा प्राप्ति प्रणाली, वेबफोर्म उत्पत्तिकर्ता व डायनामिक सिगनल एनेलाइजर जैसे उपकरण। सेन्सर्स में विभिन्न एक्सेलेरोमीटर्स, वेलोसिटी सिस्मोमीटर्स तथा प्रयोगों पर आधारित डिसप्लेसमेंट ट्रांसड्यूसर्स शामिल हैं। इनके अलावा, अधिस्नातक विद्यार्थियों को अल्ट्रासोनिक पल्स वेलोसिटी माप तथा इंपैक्ट कॉनक्रीट हैमर के जरिए कुछ मूलभूत एक्सपोजर दिए जाते हैं।

भूतकनीकी अभियांत्रिकी प्रयोगशाला मूल मृदा जांच उपकरणों तथा हाई–एंड शोध उपकरणों से सुसज्जित है। उपकरणों का प्रयोग मृदा के यांत्रिक गुणों को नापने के लिए किया जाता है, जिसमें इंडेक्स, पारगम्यता, दबाव, कतरनी ताकत तथा डाइनामिक गुण शामिल हैं।

अध्यापन के उद्देश्य के लिए **जल संसाधन अभियांत्रिकी प्रयोगशाला** में निम्नलिखित उपकरण प्रयोग में लाए जाते हैं:
एक हाइड्रॉलिक बैंच, पिटोट ट्यूब, रेनॉल्ड्स उपकरण, शार्प क्रेस्टेड वेयर (नॉच), बरनॉली उपकरण, वेंचुरीमीटर और ऑरीफाइसमीटर, नॉजलमीटर, हाइड्रॉलिक टिलटिंग फ्लूम, बुनियादी हाइड्रोलॉजी उपकरण, मुक्त और दबाव वाले बहाव का उपकरण।

सर्वेक्षण तथा जी.आई.एस. प्रयोगशाला को विभिन्न हाई एंड सर्वे उपकरण तथा जी.आई.एस. सॉफ्टवेयर की सहायता से विकसित किया गया है। सर्वेक्षण उपकरण में उन्नत एकीकृत सर्वेक्षण किट शामिल है जो काइनेमेटिक जी.पी.एस., रोबोटिक्स टोटल स्टेशन, तथा सम्बन्धित क्षेत्र व कार्यालय सॉफ्टवेयर है। यह जी.पी.एस. तथा टोटल स्टेशन को एक कॉमन फाइल तथा उपयोगकर्ता इन्टरफेस प्रदान करता है जो एक दूसरे के पूरक हैं। एकीकृत सर्वेक्षण एक मंच प्रदान करता है जहां जी.पी.एस. तकनीक बिना व्यापक ट्रेवर्सिंग की जरूरत के एक टोटल स्टेशन सर्वे का विस्तार कर सकता है। इसके

अलावा, कई टोटल स्टेशन, ऑटोलेवल, डिजिटल लेवल तथा हैंड–हैल्ड जी.पी.एस. भी खरीदे गए हैं, जिन्हें उन्नत एकीकृत सर्वेक्षण किट के साथ प्रयोग किया जाएगा। मल्टी–यूजर ए.आर.सी.जी.आई.एस. इनफो किट भी अध्यापन तथा शोध गतिविधियों में जी.आई.एस. विश्लेषण के लिए खरीदे गए हैं। आर्क जी.आई.एस. पैकेज उपग्रह जानकारी को संभालने के लिए पहले से मौजूद इमेज प्रसंस्करण सॉफ्टवेयर में वृद्धि करेगा।

संज्ञानात्मक विज्ञान

चक्षु–मार्गन

चक्षु मार्गन सुविधा में एक टोबी टी.एक्स 300 चक्षु मार्ग शामिल है और इसमें टोबी स्टूडियो टीम चक्षु मार्गन सॉफ्टवेयर है। यह एक अति आधुनिक चक्षु मार्ग सुविधा है जिसे उपभोक्ता–व्यवहार शोध और विजन शोध के साथ विभिन्न उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जा सकता है। इस सुविधा में, टोबी टूलबॉक्स शामिल है जो मैटलैब का प्रयोग करते हुए डाटा संग्रह में सहायता करता है, इस प्रकार प्रयोगात्मक डिजाइन के लिए टोबी स्टूडियो के प्रयोग को कम करता है। टोबी के विस्तार के द्वारा ई–प्राईम के लिए सहायता उपलब्ध है।

वायरलेस फिजियोलॉजी आधारित आंकड़े प्राप्ति प्रणाली

बायोपैक प्रणाली इंक द्वारा विकसित तथा निर्मित बेतार फिजियोलॉजी आधारित डाटा प्राप्ति प्रणाली फिजियोलॉजी संकेतों के आंकड़े प्राप्ति में समय की सुविधा प्रदान करती है। यह प्रणाली फिजियोलॉजी के संकेतों जैसे ई.सी.जी., ई.एम.जी., ई.डी.ए. के विस्तृत क्षेत्र को सम्मिलित करती है और 16 बिट्स के उच्च रीजोलूशन और 400 किलोहर्ट्ज जितनी ऊंची गति के साथ आंकिक प्रसारण के साथ उत्कृष्ट संकेत गुणवत्ता प्रदान करती है।

आभासी वास्तविकता पर आधारित उपकरण व प्रोग्रामिंग मंच

यह सॉफ्टवेयर–प्रोग्रामिंग मंच है जिसमें वर्ल्डविज इंक से विजार्ड नामक सॉफ्टवेयर हैं। विजार्ड उच्च निष्पादक ग्राफिक्स प्रयोगों के विकास के लिए एक उच्च स्तरीय ग्राफिक्स टूलकिट है जिसमें आभासी वास्तविकता (वी.आर.) वैज्ञानिक विजुलाइजेशन गेम्स तथा उड़ान साइमुलेशन शामिल हैं।

आभासी वास्तविकता गति कैप्चर प्रणाली

यह कस्टम–विकसित प्रणाली शैक्षणिक समक्षेत्र में बनी आर्म मूवमेंट को रिकॉर्ड करने के लिए इलेक्ट्रोचुम्बकीय सेंसर (एसेनसन ट्रैकस्टार, नार्थन डिजिटल) का प्रयोग करता है।

128 चैनल ई.ई.जी.

उच्च घनत्व ई.ई.जी. सुविधा 128–चैनल ई.ई.जी. सेन्सर्स एम्प्लीफायर, तथा सॉफ्टवेयर के साथ एक संपूर्ण प्रणाली है। जियोडेसिक सेन्सर नेट (जी. एस.एन.) सेन्सर्स के घने ऐरेज को तेजी से लागू करने की एक सरल विधि प्रदान करता है। आपके प्रतिभागियों के लिए परिणाम आरामदायक तथा कम दबाव का अनुभव कराते हैं, यहाँ तक कि शिशु, बच्चे, या व्यावराहिक चुनौतियों की जनसंख्या भी जी.एस. एन को आसानी से स्वीकार करती है। नेट स्टेशन सॉफ्टवेयर पूर्ण प्राप्ति, पुनरावलोकन, तथा विश्लेषण कार्य प्रदान करता है।

इमोटिव ई.पी.ओ.सी. 16 चैनल वायरलेस ई.ई.जी. प्रणाली अनुसंधान संस्करण

इमोटिव ई.पी.ओ.सी./ई.पी.ओ.सी. में 14 ई.ई.जी. चैनल्स तथा सटीक स्थानिक रेजोलेसन की उपयुक्त स्थिति के दो संकेत देता है।

मोशन कैप्चर प्रणाली

एसेन्सन ट्रैक स्टार में 6 इलेक्ट्रोचुंबकीय सेन्सर्स तथा एक इलेक्ट्रोचुंबकीय ट्रांसमीटर है। यह सेन्सर्स 140 एच.जेड. तक मांसपेशियों के जोड़ों की गति को रिकॉर्ड करने में बहुत लाभदायक है।

डिजिटाइजिंग टेबलेट

जी.टी.सी.ओ. कैलकॉम्प डिजिटाइजिंग टेबलेट हाथ के अंतिम बिंदु गति को रिकॉर्ड करता है। इसमें 36•24 से.मी. का कार्यात्मक क्षेत्र है। यह टेबलेट के सतह पर स्टाइलस की गति को रिकॉर्ड करता है। यह स्टाइलस की गति को 60 एच.जेड. के दर पर रिकॉर्ड कर सकता है।

व्यवहार कक्ष

वर्तमान में यहाँ 3 व्यवहारात्मक क्यूबिकल्स आवास कम्प्यूटर हैं जो व्यवहारात्मक डाटा संग्रह में सहायता करता है। यह कक्ष अनुकूलनीय प्रकाश के साथ ध्वनिरोधी और प्रकाशविहीन कमरे हैं। कम्प्यूटर में साइकोफिजिक्स उपकरण बॉक्स के साथ मैटलैब है। इन सुविधाओं का उपयोग निर्णय लेने, ध्यान एजेन्सी इत्यादि पर शोध के लिए अधिस्नातक विद्यार्थी तथा संकाय सदस्यों द्वारा किया जाता है।

विद्युत अभियांत्रिकी

विद्युत अभियांत्रिकी विषय वर्तमान में अपने अधिस्नातक विद्यार्थियों के लिए 6 प्रयोगशाला पाठ्यक्रमों तथा अन्य अभियांत्रिकी विषयों के विद्यार्थियों के लिए एक मूलप्रयोगशाला पाठ्यक्रम प्रदान करता है, यह प्रयोगशालाएं उन्नत प्रयोगों तथा शोध के लिए भी सुसज्जित हैं।

इलेक्ट्रोनिक्स अभियांत्रिकी प्रयोगशाला हाई एंड परीक्षण तथा मापन उपकरण के साथ पूरी तरह सुसज्जित है जिसमें 100 मेगाहर्ट्ज दो–चैनल



विद्युत अभियांत्रिकी प्रयोगशाला

डिजिटल स्टोरेज ऑस्किलोस्कोप्स (टेकट्रोनिक्स) तथा दो–चैनल फंक्शन जनरेटर्स (एजिलेंट) शामिल हैं। एंटेना तथा माइक्रोवेव सेक्शन में आर.एफ. विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने के लिए गुन्न डायोड–आधारित माइक्रोवेव टेस्ट बेंचेज तथा एन्टेना–ट्रेनर किट्स हैं। एक आर.एफ. स्पेक्ट्रम एनेलाइजर (एजिलेंट) प्रयोगशाला की स्पेक्ट्रल विश्लेषण क्षमता को बढ़ाता है। माइक्रोप्रोसेसर तथा माइक्रोकंट्रोलर–आधारित एमबेडेड प्रणाली ट्रेनर किट्स की विस्तृत श्रेणी प्रयोगशाला प्रयोगों तथा विभिन्न पाठ्यक्रम परियोजना करने के लिए विद्यार्थियों को उपलब्ध हैं। विद्युतीय मशीनरी प्रयोगशाला में 5 परीक्षण बेंच हैं, प्रत्येक सेट में निम्नलिखित मशीनरी तथा नियंत्रण मॉडल समाविष्ट है: एक डी.सी. मशीन, एक सिनक्रोनस मशीन तथा एक इंडक्शन मशीन। इस बैंच में पैनल मीटर्स, स्पीड टॉर्क माप के लिए सेन्सर्स, फील्ड व आर्मचेयर विद्युत आपूर्ति के लिए पावर इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रक, इन्डक्शन मोटर्स के लिए परिवर्तनशील आवृत्ति ड्राइव तथा अल्टरनेटर्स के समानान्तर संचालन के लिए सिनक्रोनाइजर शामिल हैं।

पावर इलेक्ट्रोनिक्स एवं ड्राइव्स प्रयोगशाला में एफ.पी.जी.ए. आधारित (स्पार्टनधजिलिंक्स) डी.एस.पी. नियंत्रक तथा इंडक्शन मोटर्स, बी.एल.डी.सी. मोटर्स, पी.एम.ए.सी. मोटर्स, डी.सी. (शंट या पृथक रूप से उत्तेजित) मोटर्स तथा स्विच्ड पावर मॉडूल्स हैं। नियंत्रण प्रणाली प्रयोगशाला में प्रक्रिया नियंत्रण प्रशिक्षक मोडूल्स हैं जिसमें विभिन्न तरह के फीडबैक नियंत्रण प्रणाली के सिमुलेटर शामिल हैं। पी.आई.डी. नियंत्रक तथा शीशा अतिपूरक भी अपने स्थान पर हैं। पेरामीटर जैसे ताप, स्तर स्थान, वेग तथा त्वरण को मापने के लिए प्रक्रिया नियंत्रक किट्स उपलब्ध हैं। प्रयोगशाला में, लचीली संरचना में कंपन के अध्ययन के लिए एक बृहत 2 चैनल कंपन विश्लेषक है।

विषय की शोध सुविधाएं निम्नलिखित प्रयोगशालाओं में हैं:

फोटोनिक सेन्सर्स प्रयोगशाला मीथेन एसिटिलीन कार्बन डायऑक्साइड, अमोनिया तथा जल, वाष्प का पता लगाने के लिए कई नैरोलाइन विथ, नियर–इनफ्रारेड तथा मिड इनफ्रारेड लेजर डियोड्स से सुसज्जति है। प्रयोगशाला में मिडइनफ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी के लिए एक 100 एम.डब्लू., 4500 एन. एम. क्वान्टम कॉसकेड लेजर (डेलाइट सोल्यूसन्स) है।

एक अत्याधुनिक **वेफर विवरण प्रयोगशाला** में एक 6" वेफर प्रोब स्टेशन, एक सेमी कंडक्टर पारामेट्रिक विश्लेषक (4 एस.एम.यू., 1 एल.सी.आर. मीटर, 1 पल्स इकाई), एक डायनामिक सिगनल विश्लेषक, एक लो डायनामिक सिग्नल विश्लेषक, एक लो नॉयस करेंट प्री एम्प्लीफायर तथा आई.सी.सी.ए.पी. मॉडलिंग सॉफ्टवेयर है।

एक **इंटेलिजेंट पुनर्वास तथा प्रभावशाली कम्प्यूटिंग प्रणाली प्रयोगशाला** शोध के लिए फिजियोलॉजिकल सिगनल डाटा प्राप्ति प्रणाली, आभासी वास्तविकता प्रोग्रामिंग मंच, हैप्टिक उपकरण तथा चक्षु मार्गन, एडेप्टिव साइकोफिजियोलॉजी आधारित प्रणाली से सुसज्जित है जो स्ट्रोक पुनर्वास तथा आटिज्म शोध पर प्रत्युक्त किया जाता है। वी.एल.एस.आई. डिजाइन प्रयोगशाला सुविधाओं में अब करीब सभी आवश्यक सॉफ्टवेयर तथा हार्डवेयर सहायता की उचित मात्रा के साथ वृद्धि की गई है।

रियल टाइम ऊर्जा अभियांत्रिकी सिमुलेशन (आर.टी.–पी.ई.एस.) परीक्षण बेड कस्टमाइज्ड मोडूलर आधारित हार्डवेयर प्रोटोटाइप के साथ एक सम्पूर्ण डिजिटल वास्तविक समय समुलेशन मंच है। इसकी स्थापना विद्युत प्रणाली के व्यवहार को एक "आभासी" प्रोटोटाइप के तौर पर अध्ययन करने के लिए की

गयी है। वास्तविक कम्प्यूटर नियंत्रित एच.आई.एल. तथा आर.सी.पी. सामर्थ्य, आर.टी.पी.ई.एस. परीक्षण बेड की वास्तविक वातावरण में लाने के पूर्व विभिन्न उपकरणों/नियंत्रकों के प्रदर्शन के परीक्षण के अवसर प्रदान करता है।

कम्प्यूटर विजन प्रयोगशाला में फारो फोकस 3डी एक्स330 लेजर स्कैनर है जिसका उद्देश्य बड़े ढांचें का अंकीकरण करना है जो कुछ मिलीमीटर के रेजोलूशन के साथ 330 मीटर दूर है। लेजर स्कैनर के अलावा यहाँ एक वर्क स्टेशन है जिसमें सॉफ्टवेयर हैं जैसे फारो सीन, मेशलैब, एवं जियोमैजिक स्टूडियो।

पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में पदार्थ विज्ञान व अभियांत्रिकी प्रयोगशाला में कई अत्याधुनिक उपकरण तथा सुविधाएं हैं जैसे एमबिएंट स्केनिंग प्रोब माइक्रोस्कोप (मल्टीमोड–8–एएम, ब्रूकर), एक एक्सरे डिफ्रैक्शन प्रणाली (डी 8 डिस्कवर, ब्रूकर) तथा फ्रिक्शन स्टर वेल्डिंग उपकरण।

थिन फिल्म प्रयोगशाला टारगेट से सह–डिसपोजीशन के लिए सुविधा के साथ एक आर.एफ. मैग्नेट्रॉन स्पट्टरिंग इकाई (मॉडलः टेबल टॉप स्पट्टर कोटर एम.एम.–237, प्रदानकताः एम/एस मिलमैन थिन फिल्म सिस्टम्स प्रा. लि.) का प्रयोग करते हुए फिल्म डिसपोजीशन करता है। यह प्रयोगशाला सेमीकंडक्टर थिन फिल्म की प्रतिरोधकता को नापने के लिए एक 4–प्वाइंट माप प्रणाली के साथ सुसज्जित है।

धातु विधा प्रयोगशाला– इस प्रयोगशाला में ऑप्टिकल माइक्रोस्कोप तथा कठोरता परीक्षण के अंतर्गत, सैम्पल सेक्शनिंग, माउन्टिंग, ग्राइन्डिंग–पॉलिशिंग, इचिंग तथा आवलोकन के लिए सुविधा है।

पदार्थ निरुपण प्रयोगशाला में सामग्रियों का माइक्रो संरचनात्मकता, विद्युत, थर्मल, ट्राइबोलोजिकल, ऑप्टिकल, संरचनात्मक तथा संमिश्रित गुणों का मूल्यांकन होता है।

यांत्रिक अभियांत्रिकी प्रयोगशाला

यांत्रिक अभियांत्रिकी

यांत्रिक प्रणाली डिजाइन प्रयोगशाला यांत्रिक घटकों के प्रणाली व्यवहार पर संरचित प्रयोगों के कार्यान्वयन में सहायता करता है। इसमें परीक्षण रिंग्स हैं जैसे प्लानर लिंकेज, कैम्स, गियर बॉक्स, शॉफ्ट का घूर्णन, मशीनों का संतुलन तथा यांत्रिक कंपन। गियर बॉक्स परीक्षण रिंग त्रुटियों का पता लगाने की स्वीकृति देता है जैसे, कंपन निरूपण के तरीके से टूटे टूथ की पहचान।

ठोस व तरल यांत्रिक प्रयोगशाला– इसमें 2 एमटीएस सार्वभौमिक परीक्षण मशीन, 100 के.एन. तथा 200 के.एन. क्षमता के, चार्पी प्रभाव इंपैक्ट परीक्षण, 450 जे क्षमता (एम.टी.एस.) तथा रॉकवेल व वीकर्स हार्डनेस परीक्षण मशीन (ज्वीक रोएल) तथा एक फैटीग परीक्षण मशीन है। तरल मशीन प्रयोगशाला में तरल स्टेटिक्स तथा तरल डाइनामिक्स पर प्रयोग करने की व्यवस्था है। कई सामान्य टर्बो मशीन जैसे गियर पम्प, सेन्ट्रीफ्यूगल पंप, पेलटोन व्हील तथा विभिन्न बहाव मापक उपकरण तथा सहायक उपकरण भी स्थापित किए गए हैं।

विनिर्माण प्रयोगशाला– इस प्रयोगशाला की सुविधाओं में लेथ, मिलिंग मशीन, वर्टिकल मशीनिंग केन्द्र, विद्युत डिसचार्ज मशीन, वेल्डिंग, फिटिंग तथा टिन संबंधी उपकरण हैं। यह विनिर्माण व्यवहार

तथा प्रक्रियाओं पर पाठ्यक्रम में सहायता करता है तथा एकीकृत डिजाइन तथा विनिर्माण पाठ्यक्रम में विनिर्माण गतिविधियों में सहायता करता है। यह अवर–स्नातक विद्यार्थी परियोजना की संरचना के साथ ही शोध–संबंधित उपकरण तथा सहायक उपकरण के लिए कार्यशाला के तौर पर सेवा प्रदान करता है।

नियंत्रण प्रणाली प्रयोगशाला कई विषयों के मध्य साझा किया जाता है तथा यह प्रयोगों की एक श्रेणी को कवर करता है जो विद्यार्थियों को नियंत्रण प्रणाली और सिद्धान्त तथा डिजाइन पहलुओं तथा कार्यान्वयन पहलुओं दोनों को समझने में सहायता करता है। परीक्षण रिंग्स, सेंसर्स के साथ वास्तविक अनुभव, डाटा प्राप्त, मापांकन स्थायित्व विश्लेषण, पी.आई.डी. नियंत्रक–ट्यूनिंग, प्रयोगात्मक डाटा से मॉडलिंग, प्रदर्शन मानदंड को पूरा करने के लिए रूट–लोकस आधारित डिजाइन प्रदान करता है। यहाँ हॉट वाटर बाथ्स के तापमान नियंत्रण, तरल स्तर नियंत्रण, इन्वर्टेड पेन्डुलम नियंत्रण, सर्वो मोटर नियंत्रण, तथा नियंत्रण ट्रेनर किट्स हैं जो नियंत्रण प्रणालियों की एक प्रयोग उन्मुख विचार देने के लिए इस्तेमाल होता है।

भौतिकी

भौतिक विज्ञान अध्यापन प्रयोगशाला अवर स्नातक स्तर पर प्रयोग तथा प्रदर्शन करने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों तथा सुविधाओं से सुसज्जित है। पिछले एक वर्ष के दौरान, इसे महत्वपूर्ण तरीके से एम.एस.सी. स्तर पर उन्नत प्रयोग करने के लिए विस्तृत किया गया है। एम.एस.सी. भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला में प्रयोग होते हैं जो ऑप्टिक, ठोस स्थिति भौतिकी, स्पेक्ट्रोस्कोपी तथा आधुनिक भौतिक विज्ञान जैसे विषयों को कवर करता है। खरीदे गए अत्याधुनिक उपकरणों में शामिल हैं– सेमीकंडक्टर्स में ऊर्जा बैंड गैप की माप तथा हॉल प्रभाव के अध्ययन के लिए उपकरण, एक इलेक्ट्रोन स्पीन के साथ एक बाह्य चुंबकीय क्षेत्र के इन्टरेक्शन तथा इलेक्ट्रोन–स्पीन रेजोनेन्स द्वारा गाइरोमैग्नेटिक की माप का अध्ययन, तथा चुंबकीय क्षेत्र तथा चुंबकीय डी–पोल मोमेंट के मध्य इन्टरेक्शन का अध्ययन जो फैब्री–पेरोट तथा माच–जेहनडर जैसे जीमन इफैक्ट, इन्टरफेस मीटर्स द्वारा इलेक्ट्रॉन आरबिटल एंगुलर मोमेन्टम के साथ जुड़े है जो वेवलेंथ में अति सूक्ष्म परिवर्तनों दूरियों की माप में बृहत रूप से तथा विभिन्न पदार्थों के रिफ्रेक्टिव इन्टीसेज को मापने के लिए प्रयोग होता है। प्रयोगात्मक भौतिक विज्ञान में इलेक्ट्रोनिक यंत्रीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए, यह प्रयोगशाला इलेक्ट्रोनिक घटकों पर विभिन्न आरम्भिक प्रयोग प्रदान करता है जैसे, एफ.ई.टी., एम.ओ.एस.एफ.ई.टी., लॉजिक गेट्स, परिचालन एमप्लिफायर्स, सिगनल मोडूलेशन, (ए.एम., एफ.एम., पी.डब्लू.एम.)। अन्य हाई–एंड उपकरण जो कतार में हैं, वे हैं एक्स–रे डिफ्राएक्टोमीटर, मौलिक विश्लेषण के लिए क्रिस्टल वृद्धि तथा क्रिस्टल घनत्व माप के लिए। स्टैंडर्ड प्रयोगों के अलावा विद्यार्थियों को, स्टैंडर्ड पाठ्यक्रम के एक पार्ट के रूप में नए प्रयोग लाने के लए प्रोत्साहित किया जाता है। भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला में, विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए, तथा इस क्षेत्र में रुचि विकसित करने के लिए एक खगोलीय दूरबीन है। इसमें डॉब्सोनियन माउन्ट पर 1200 एम.एम. के फोकल लेंथ के 8 इंच शीशे के साथ एक प्रतिक्षेपक है जो लुनर साथ ही सोलर फिल्टर्स के साथ लगा है। कई विद्यार्थी नियमित रूप से ग्रहों, तारों का समूह तथा अन्य खगोलीय पिंडों को देखने के लिए इसे प्रयोग करते हैं।

पुस्तकालय

किसी भी शोध प्रमुख संस्थान में पुस्तकालय शैक्षणिक व शोध कार्य का एक अभिन्न अंग है। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के केन्द्रीय पुस्तकालय ने मुद्रित व डिजिटल रूप में, तथा डिजाइन में अपना संग्रह बनाना व बढ़ाना जारी रखा है तथा परिसर में विद्वतापूर्ण गतिविधियों के सभी पहलुओं की सहायता के लिए नवाचार सेवाएं प्रदान करता है। पिछले वर्ष के दौरान पुस्तकालय ने कई महत्वपूर्ण गतिविधियां तथा सेवाएं आरम्भ की है जो इस प्रकार हैं।

पुस्तकालय संग्रह

मुद्रित तथा दृश्य–श्रव्य संग्रह

संस्थान की शैक्षणिक तथा शोध अभिरुचि को पूरा करने वाले पुस्तकालय के शोध, मोनोग्राफ, मौलिक ग्रंथ, उल्लिखित पुस्तकें सम्मेलन की कार्यवाही, सी. डी., वी.सी.डी., डी.वी.डी., इत्यादि में तेजी से वृद्धि हो रही है। नीचे की तालिका 2015–16 वर्ष के दौरान संग्रह पेश करती है–

संग्रह का प्रकार	*वर्ष 2015–16 में की गई वृद्धि*	*कुल संग्रह*
पुस्तकें	2584	22910
बच्चों की पुस्तकें	13	886
हिंदी संग्रह	14	421
सी.डी.	82	904
वी.सी.डी./डी.वी.डी.	96	548
तकनीकी रिपोर्ट	0	456
थीसिस	57	104
कुल	2846	26229

पुस्तकों की ऑनलाइन खरीदारी

पुस्तकालय ऑनलाइन पुस्तक स्टोर से पुस्तकें खरीदता रहा है जिनकी संकाय को अपने अध्यापन कार्य के लिए तत्काल जरूरत होती है। इस अवधि में, पुस्तकालय ने विभिन्न ऑनलाइन पुस्तक स्टोर से 92 पुस्तकें खरीदी हैं, तथा संकाय को उनकी जरूरत के लिए तुरंत उपलब्ध कराया है।

मुद्रित पत्र व पत्रिकाएं

पुस्तकालय ने मुद्रित रूप में विद्वतापूर्ण जर्नल, पत्रिकाएं तथा समाचार पत्रों की बड़ी संख्या की सदस्यता ली है। इस वर्ष के दौरान, पुस्तकालय ने 33 जर्नल बंद कर दिये हैं जिनका उपयोग कम था पर फिर भी उन्हें उपयोग मे लाया जा सकता है, वे अब ओपन एकसेस मोड में उपलब्ध हैं। इनकी जगह, 15 नए जर्नल जोड़े गए हैं जिसकी कुल जर्नल की संख्या 139 हो गई है। ये सदस्यता 12000 विद्वतापूर्ण जर्नल के अतिरिक्त है।

डिजिटल संसाधन

संस्थान में शैक्षणिक व शोध कार्य में सहायता के लिए पुस्तकालय ने ग्रंथसूची तथा पूर्णपाठ प्रपत्र दोनों में कई महत्वपूर्ण ई–संसाधन की सदस्यता ली है। कुछ की सदस्यता आई.एन.डी.ई.एस.टी. व आई.एन.एफ.एल. आई.बी.एन.ई.टी. ई–कॉन्सोर्टियम द्वारा तथा अन्य की सीधे है।

इस वर्ष के दौरान 36 संसाधनों के अतिरिक्त, निम्नलिखित 2 नए संसाधन जुड़ गए हैं और अब कुल 38 ई–संसाधन हो गए हैं।

- लाइट मेटल एज
- परीक्षण व पदार्थ की अमेरिकन संस्था

- सिविल अभियंता संस्था लंदन
- अंतर्राष्ट्रीय भूकंप अभियांत्रिकी तथा भूकंप विज्ञान संस्थान टेक्नो प्रेस

इसके साथ ही ई–शोध सिंधु कंसोर्टियम के एक सदस्य के तौर पर पुस्तकालय ने 11 ई–संसाधन की सदस्यता तथा 7 अतिरिक्त ई–संसाधन तक पहुंचने में सहायता प्राप्त की है जो पहले नहीं मिली थी।

संचालन (उधार देना) एवं सूचना सेवाएं

संचालन सेवाएं

पुस्तकालय द्वारा प्रदत्त एक महत्वपूर्ण सेवा है प्रयोगकर्ताओं के मध्य पुस्तकों तथा अन्य पठन सामग्री का संचालन। प्रत्येक पंजीकृत सदस्य, पुस्तकालय में उपलब्ध पठन सामग्री लेने का हकदार है, वर्ष पर्यन्त डाक्यूमेंट लेने व लौटाने की कुल संख्या क्रमशः 21763 व 21688 है।

सूचना/संदर्भ सेवाएं

पुस्तकालय अपने उपयोगकर्ताओं को सक्रियता से संदर्भ तथा सूचना सेवाओं को (व्यक्तिगत या परिसर नेटवर्क में) बढ़ावा देता रहा है। 2015–16 में पुस्तकालय ने निम्नलिखित सेवाएं आरम्भ की हैं:

- प्रकाशक वेबसाइट पुस्तक आवरण के प्रदर्शन के लिंक के साथ पुस्तकों का नया संस्करण
- विभिन्न सेवाओं तथा दस्तावेजों के लिए क्यू.आर. कोड्स
- संस्थान प्रकाशन साप्ताहिक एलर्ट
- सप्ताह की पुस्तक
- एम.टेक. व पी.एचडी. शोध प्रबंध सूची का निर्माण किया।
- उद्धरण शैली, ई–प्रिंट लेखागार, संदर्भ प्रबंधन सॉफ्टवेयर तथा अन्य के साथ आभासी संदर्भ संग्रह के निर्माण की शुरुआत
- विभिन्न विषयों पर 39 ग्रंथ सूचियों का निर्माण व अद्वैतीकरण
- पुस्तकों तथा अन्य संसाधनों का आभासी पिदर्शन का पुस्तकालय संग्रह में जुड़ना तथा अन्य संबंधित सेवाएं

आर.ई.एफ.ई.सी.ओ.'2015 में पुस्तकालय की भागेदारी

11–12, 2015 के दौरान संस्थान में पुस्तकालय विद्वानों द्वारा आयोजित चौथे शोधकर्ता फेरेट कॉनफैब में पुस्तकालय ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर पुस्तकालय अध्यक्ष डा. टी एस कुंबर ने दो विषयों पर वार्ता की।

- शोध गतिविधियों की सहायता में पुस्तकालय संसाधन तथा सेवाएं, 11 अप्रैल, 2015।
- इलेक्ट्रॉनिक थीसिस व निबंधः चयनित संसाधन, 12 अप्रैल, 2015।
- पुस्तकालय स्टाफ द्वारा निम्नलिखित पोस्टर प्रस्तुति बनाई गई:
- विद्वतापूर्ण संचार चक्र
- प्रकाशन सहकर्मी समीक्षा प्रक्रिया
- शोध के प्रकाशन के लिए जर्नल कैसे चुनें
- शोध के लिए ओपन एक्सेस संसाधन
- वैज्ञानिक मनोवृत्ति

संसाधन सहभाजन

आरंभ होने के साथ ही पुस्तकालय में अहमदाबाद तथा गांधीनगर के भा.प्रौ.सं., रा.प्रौ.सं., भा.प्रं.सं., आई.आई.एस.ई.आर., सी.एस.आई.आर. पुस्तकालय, एवं डेलनेट सदस्य पुस्कालयों के साथ संसाधन सहभाजन प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। यह अन्तर–पुस्तकालय ऋण तथा डॉक्यूमेंट डिलीवरी सेवा के जरिए होता है।

अन्तर–पुस्तकालय ऋण

पुस्तकालय ने इस अवधि में अन्तर पुस्तकालय ऋण के जरिए 136 पुस्तकें उधार ली हैं तथा अन्य पुस्तकालयों से 34 पुस्तकें उधार ली हैं।

डॉक्यूमेंट डिलीवरी सेवा

डॉक्यूमेंट डिलीवरी सेवा के अंतर्गत अन्य पुस्तकालयों द्वारा निवेदित और प्राप्त की गई सामग्रियों की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है। यह इंगित करता है कि जर्नल्स के द्वारा शोध पत्रों की मांग बढ़ रही है। सभी में, अन्य पुस्तकालयों से 8401 सामग्रियां प्राप्त हुईं (पिछले वर्ष की 9519 की तुलना में) तथा संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों को दी गईं। संस्थान की जरूरतों को पूरा करने के लिए अन्य पुस्तकालयों से प्राप्त पत्रों के अलावा भा.प्रौ.सं. गांधीनगर ने अन्य पुस्तकालयों की मांग पर 766 पत्र उन्हें दिए। उपयोगकर्ताओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, पुस्तकालय ने राष्ट्रीय विज्ञान संचार संकाय तथा सूचना संसाधन (एन.आई.एस.सी.ए.आई.आर.) सी.एस.आई.आर के, साथ एक डिपोजिट खाता खोला है। पुस्तकालय एस.यू.बी.आई.टी.ओ. की शुल्क आधारित सेवा का उपयोग भी शुरू किया है, जो गोएथ, इंस्टिट्यूट/मैक्स मुल्लेर भवन, नई दिल्ली द्वारा एक यूरोपियन आधारित डॉक्यूमेंट डिलीवरी सेवा है।

सदस्यता

संगठनात्मक सदस्यता

विभिन्न सेवाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए, अन्य 10 पुस्तकालय तथा व्यवसायिक इकाइयों के साथ इनफ्लिबनेट ई–कॉन्सोर्टियम तथा विकास पुस्तकालय नेटवर्क की सदस्यता का नवीनीकरण किया गया है। इसके अतिरिक्त, 2015 वर्ष के लिए पहली बार अमेरिकन कांक्रीट संस्थान का संस्थागत सदस्य के तौर पर पुस्तकालय का नामांकन करवाया गया।

ई–शोध सिंधु कॉन्सोर्टियम (मा.सं.वि.मं.) सदस्यता

ई–शोध सिंधु मा.सं.वि.मं. द्वारा नवनिर्मित राष्ट्रीय संघ है जिसका उद्देश्य, कम दर पर शैक्षणिक संस्थानों की गुणात्मक इलेक्ट्रोनिक संसाधन तक पहुंचने की सदस्यता प्रदान करना है जिसमें फुल–टेक्सट, ग्रंथसूची तथा वास्तविक डाटा बेस शामिल है। भा.प्रौ.सं. पुस्तकालय इस संघ का एक सदस्य है तथा ई–संसाधन की सदस्यता से सम्बन्धित आयोजित सभी बैठकों में सक्रियता से योगदान दिया।

पुस्तकालय सदस्यता

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर संकाय, विद्यार्थी, व स्टाफ के साथ मजबूत संबंध तथा बातचीत के लिए संस्थान के प्रयत्नों को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय ने निम्नलिखित सदस्यता योजना आरंभ की है जो इन सदस्यों के निर्धारित शुल्क/निरूशुल्क के विरुद्ध, पुस्तकालय के संसाधन तथा सेवाएं उपयोग करने में सक्षम बनाता है। निम्नलिखित तालिका प्रत्येक श्रेणी में दर्ज सदस्यों की संख्या पेश करता है।

संगठनात्मक सदस्यता	*सदस्यता के प्रकार दर्ज किए सदस्यों की संख्या*
शैक्षणिक व शिक्षात्मक संस्थागत सदस्यता	4
निगमित सदस्यता	4
व्यक्तिगत सदस्यता	11
भा.प्रौ.सं. गांधीनगर परिवार सदस्यता	21
पूर्व छात्र सदस्यता	1

इन सदस्यताओं की शुरुआत के बाद कुल 41 सदस्य नामांकित किए गए हैं। यह वहाँ जाकर उपयोग करने वालों के अतिरिक्त हैं जो अल्प काल के लिए पुस्तकालय का उपयोग करने आते हैं।

पुस्तकालय उन्मुखीकरण व प्रशिक्षण

नए छात्रों के लिए पुस्तकालय उन्मुखीकरण पुस्तकालय प्रदत्त संसाधनों तथा सेवाओं के बारे में जागरुकता लाने तथा परिचित कराने के लिए आनेवाले विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आधारभूत संरचना

फिजीकल आधारभूत संरचना

इसके संसाधनों के उपयोग के प्रति आकर्षित करने तथा सुविधाजनक बनाने के लिए पुस्तकालय नई आधारभूत संरचनाओं में वृद्धि करना जारी रखता है, इस वर्ष, पुस्तकालय ने विभिन्न स्थानों पर 31 नए पुस्तक रैक्स, 300 पुस्तक रेस्ट, 3 डिसप्ले स्टैंड, कई किक–एलोंग स्टेप स्टूल तथा सॉफ्ट बोर्ड्स जोड़े गए हैं।

ई–रिसोर्सेज की रिमोट पहुँच

ई–रिसोर्सेज के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए, पुस्तकालय ने रोमोट एक्सेस सेवा का प्रयोग कर ऑफ–परिसर पहुंच की शुरुआत की है। इसे शुरू करने के लिए, संकाय सदस्यों तथा शोध विद्वानों को पहुंच दी गई है तथा इस सुविधा के सर्वोत्तम प्रयोग के लिए अपेक्षित मार्गदर्शन भी तैयार किया गया है।

कोहा के लिए माइग्रेशन, एक खुला स्त्रोत पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली

पुस्तकालय सेवाओं को आगे बढ़ाने के लिए, तथा पुस्तकालय संसाधनों तक बेहतर पहुंच के लिए, पुस्तकालय ने सफलतापूर्वक कोहा को अपना लिया है, यह एक खुला स्त्रोत पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली ऑनलाइन http://catalog-iitgn-ac-in/; संचालन लेन देन तथा पुस्तकालय के इन–हाउस संचालन इस नए मंच पर आगए हैं। इस नए सॉफ्टवेयर के कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में, पुस्तकालय स्टाफ के लिए एक 3 दिनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम मार्च के तीसरे सप्ताह, 2016 में आयोजित किया गया।

नए परिसर में पुस्तकालय–सेवाएं

पालज परिसर में छोटा पुस्तकालय

पहली बार, छात्रावास क्षेत्र में एक छोटा पुस्तकालय खोलकर पालज परिसर में 7 अक्टूबर, 2015 को पुस्तकालय ने अपना संचालन शुरू किया। इस पुस्तकालय में अपने मामूली बुनियादी ढ़ांचे तथा पाठ्यक्रम से सम्बन्धित पुस्तकें, पत्रिकाएं समाचार पत्र इत्यादि व वी.जी.ई.सी. परिसर के पुस्तकालय से सम्पर्क और विस्तार के साथ अच्छी सेवा प्रदान की। यह पुस्तकालय तुरंत विद्यार्थी समुदाय के मध्य एक लोकप्रिय स्थान बन गया तथा 6 मार्च, 2016 तक समुदाय की सेवा करता रहा। इसके बाद पालज के मुख्य पुस्तकालय में इसका विलय हो गया।

पुस्तकालय का पालज परिसर में आना

वी.जी.ई.सी. के मुख्य पुस्तकालय की सेवाएं 27 फरवरी, 2016 को बंद कर दी गई तथा 9 दिनों के रिकॉर्ड समय में (27 फरवरी, 2016) पालज परिसर में

सफलतापूर्वक ले आया गया। नए परिसर में बेहतर इंतजाम तथा आकर्षित स्थान के साथ नव, स्थापित पुस्तकालय 7 मार्च, 2016 को संस्थान समुदाय के लिए खोल दिया गया। निदेशक प्रा. सुधीर कु जैन ने उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाई।

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के विद्वतापूर्ण प्रकाशन का प्रबंधन

प्रकाशन सूची व उद्धरण विश्लेषण

पुस्तकालय विभिन्न स्त्रोतों का प्रयोग कर नियमित आधार पर भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के विद्वतापूर्ण प्रकाशन पर नजर रखता है। यह विवरण संबंधित संकाय व विद्यार्थियों से भी एकत्र किया जाता है। संस्थान में अनुगमन किए मानक उद्धरण शैली का प्रयोग कर सूचना को स्वरूपित किया जाता है तथा संस्थान के वेबसाईट पर अद्यतन किया जाता है। नए प्रकाशन के साथय एक साप्ताहिक सजगता, प्रत्येक सोमवार को समुदाय को, वेब साईट पर सूचित करने के लिए भेजा जाता है। एक संगठित तरीके से उद्धरणों की संख्या, प्रभाव कार्क, एच–इन्डेक्स इत्यादि के साथ इन प्रकाशनों का डेटा–विश्लेषण प्रदान किया जाता है।

डिजीटल कोष

पुस्तकालय ने व्यापक रूप से प्रयोग में आने वाले ओपन–सोर्स डीस्पेस सॉफ्टवेयर, इकट्ठा करने, प्रबंध करने तथा विद्वतापूर्ण प्रकाशन तक पहुंच प्रदान करने के लिए एक डिजिटल कोष (http://repository-iitgn-ac-in/) का निर्माण किया है। शुरुआत के लिए, इस कोष में, मेटाडाटा तथा जर्नल लेखन का सार, सम्मेलन के कागज, पुस्तक के अध्याय, रिपोर्ट, थीसिस तथा निबंध, प्रस्तुतीकरण तथा भा.प्रौ. सं. गांधीनगर समुदाय द्वारा प्रकाशित व विद्वतापूर्ण डॉक्यूमेंट्स के अन्य रूप शामिल हैं। इस कोष के प्रारम्भ होने के साथ, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के संकाय, विद्यार्थी तथा स्टाफ के विद्वतापूर्ण प्रकाशन का ज्यादा प्रसार होगा। इस रिपोर्ट की अवधि के दौरान, कुल 454 डॉक्यूमेंट इस कोष में जोड़े गए हैं।

पुस्तकालय प्रशिक्षण/अंतःशिक्षुता

पुस्तकालय प्रशिक्षु

पुस्तकालय, पुस्तकालय–प्रशिक्षु के तौर पर पुस्तकालय तथा सूचना विज्ञान में नवीन अधिस्नातक का चयन करता रहा है। यह चुनाव प्रतियोगी प्रक्रिया के जरिए किए जाते हैं। चयनित उम्मीदवारों को नौकरी पर सीखने के अवसर प्रदान किये जाते हैं। वे काफी हद तक पुस्तकालय सेवाओं की वृद्धि में योगदान देते हैं जब वे नौकरी पर प्रचुर अनुभव प्राप्त करते हैं।

पुस्तकालय स्टाफ गतिविधियां

पुस्तकालय स्टाफ का प्रौद्योगिकी पुस्तकालयों का दौरा:

संस्थान की स्टाफ विकास नीति का उद्देश्य अन्य पुस्तकालयों तथा पुस्तकालय पेशेवरों के साथ संबंध बनाना, तथा पुस्तकालय – संचालन का ज्ञान प्राप्त करना है। इस वर्ष के दौरान पुस्तकालय स्टाफ तथा प्रशिक्षुओं ने निम्नलिखित पुस्तकालयों का दौरा किया–

- माइका पुस्तकालय, अहमदाबाद, 3 मई, 2015।
- निरमा विश्वविद्यालय पुस्तकालय, अहमदाबाद, 19 मई, 2015।
- टी.सी.एस. – सूचना संसाधन केंद्र, गांधीनगर, 23 दिसम्बर, 2015।

इन दौरों ने उन्हें स्थापित पुस्तकालयों द्वारा अपने संसाधनों तथा सेवाओं के प्रबंधन के तरीके से रूबरू कराया। यह दौरे विभिन्न संस्थानों के स्टाफ सदस्यों के मध्य दीर्घकालीन संबंध बनाने का कार्य करता है।

नई पहल

विषय संसाधन मार्गदर्शक

पुस्तकालय ने आरम्भ में जागरुकता लाने तथा पुस्तकालय संसाधनों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर सब्जेक्ट प्लस प्रयोग करते हुए एक विषय संसाधन मार्गदर्शक बनाया है, इससे संबंधित जानकारी http://www-iitgn-ac-in/library_files/resource_guides-htm पर उपलब्ध है।

ई–संसाधन की यूनियन सूची

प्रमुख विज्ञान व प्रौद्योगिकी संस्थानों, के मध्य संसाधन सहभाजन को बढ़ावा देने के लिए, पुस्तकालय ने ई संसाधन की एक यूनियन सूची का निर्माण किया है (http://library-iitgn-ac-in/unicat/) 22 पुस्तकालयों ने इसकी सदस्यता ली है जिसमें सभी भा.प्रौ.सं., भा.वि.सं. तथा आई.आई.एस.ई.आर. शामिल हैं। 1100 ई–संसाधनों से ज्यादा, के साथ यह श्रेणी ऑनलाइन पर उपलब्ध है। रा.प्रौ.सं. तथा राष्ट्रीय महत्ता के अन्य संस्थानों को शामिल करने के लिए इसका विस्तार किया जाएगा।

विषय सम्पर्क सेवा

पुस्तकालय तथा उपयोगकर्ता समुदाय के मध्य पारस्परिक संबंध बनाने के लिए, पुस्तकालय ने अभियांत्रिकी, विज्ञान तथा मानविकी व सामाजिक विज्ञान में विषय सम्पर्क सेवा बनाई है तथा इसको तीन विभिन्न स्टाफ सदस्यों द्वारा समन्वित किया जाता है।

ग्रीष्म शोध अंतःशिक्षुता (एस.आर.आई.पी.) 2015

थापर विवि, पटियाला, पंजाब के तनिष्क मोंगा तथा श्री जयचमराजेन्द्र अभियांत्रिकी महाविद्यालय, बेंगलोर, कर्णाटक के प्रकृति आर. एम. ने मई 1 से जुलाई 10, 2015 तक एस.आर.आई.पी. कार्यक्रम के तहत पुस्तकालय के साथ कार्य किया।

चिकित्सा केंद्र

विद्यार्थियों, स्टाफ तथा संकाय को चिकित्सीय देखभाल तथा सलाह के लिए 9 बजे सुबह से 9.30 बजे रात तक कार्य दिवस में 3 योग्य चिकित्सक उपलब्ध रहते हैं। एक चिकित्सक आपात काल के लिए रात दिन उपलब्ध रहता हैं। अस्पताल में भर्ती होने पर सारे विद्यार्थियों का खर्च एक चिकित्सा बीमा के अंतर्गत वहन होता है। एक प्रशिक्षित पुरुष सेवक तथा एक सहायक पूरे समय के लिए प्राथमिक सहायता तथा दैनिक चिकित्सा सेवाओं में जैसे बुखार, रक्तदाब, मधुमेह तथा आक्सीजन स्तर नापने तथा चोट की मरहम–पट्टी करने की सेवा प्रदान करने के लिए उपलब्ध रहते हैं। वे चिकित्सा–आपूर्ति, चिकित्सा रेकॉर्ड के रख–रखाव में सहायता भी करते हैं। अन्य सुविधाओं में इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ईसीजी) मशीन, अस्थमा, तथा क्रोनिक पलमोनरी रोग (सी.ओ. पी.डी.) के लिए ऑक्सीजन तथा नेबुलाइजर थेरेपी, ऑटोस्कोप तथा कान की जांच के लिए एक सक्शन मशीन, नेत्र जांच सुविधा, तथा आपातकालीन मामलों में रोगियों के लिए 24 घंटे वाहन सुविधा है। संस्थान में एक मामूली आंतरिक फार्मेसी हैं जिसमें सभी तरह की सामान्य इस्तेमाल की दवाएं हैं तथा एक रक्तसंग्रह केंद्र है। इनडोर रोगियों के लिए 54 बिस्तर दिए गए हैं। साल अस्पताल अहमदाबाद, इस संस्थान द्वारा अनुमोदित पैनल में है।

भौतिक चिकित्सा केंद्र

भौतिक चिकित्सा केंद्र में रविवार को छोड़कर प्रतिदिन 2 घंटे के लिए, 5.30 पी.एम. से 7.30 पी.एम. तक एक फिजियोथेरेपिस्ट उपलब्ध है। भौतिक चिकित्सा विभाग सभी आधुनिक उपकरणों के साथ सुसज्जित है, जैसे इलेक्टोथेरेपी मशीन (शॉर्टवेब) डायथर्मी (एस.डब्लू.डी.), टेन्स (ट्रांस इलेक्ट्रिकल नर्व स्टीमुलेटर), आई.एफ.टी. (इन्टरफेरेनिमल थेरेपी), पाराफीन वैक्स बाथ (पी.डब्लू. बी.) मसल स्टीमुलेटर मशीन, सर्वाइकल व लुम्बर ड्रैक्शन मसीन, अल्ट्रासाउंड मशीन, हॉट एंड कोल्ड पैक्स।

व्यायाम चिकित्सा – यह भाग शोल्डर व्हील, वाल लैडर (फ्रोजेन कंधे के लिए), मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए थेराबैन्ड्स, कंधे के व्यायाम के लिए रस्सी व पुल्ले, स्प्रिंग्स, वेट कफ्स (सैड बैग), तथा फिजियोबॉल से सुसज्जित है। निम्नलिखित सुविधाएं शीघ्र ही उपलब्ध होंगी– क्वाड्रिसेप टेबल, फुल डम्बल–बेल सेट, ट्यूब थेराबेंड एक्सरसाइजर, बुडेन रॉकर वैलेन्स बोर्ड, रीस्ट ओपीनेटर – प्रोनेटर, स्किंग के साथ एंकलबोर्ड, बोल्सटर्स सेट, स्टेटिक व्यायाम बाइसाइकिल, लोअर लिंब रक्त संचालन के लिए वाइब्रेटर, हैंडी वाइब्रेटर।

यह केंद्र ऑर्थोपेडिक स्थितियों के लिए, जैसे आर्थराइटिस, टेनिस एल्बो तथा न्यूरोलॉजिकल स्थितियों जैसे – साईट्रीका, सरवाइकल स्पोन्डीलाइसिस, आपरेशन तथा फ्रैक्चर के बाद, फिजियोथेरेपी प्रबंधन, खेलकूद की चोटों के लिए उपचार, आसनीय समस्याओं में रीढ़ की हड्डी में पुर्वास जैसे कमर–दर्द, में भौतिक चिकित्सा प्रदान करता है। रोगियों को बुनियादी व्यायाम तथा भार प्रबंधन तथा सामान्य स्वास्थ्य के लिए सामान्य सलाहकार तथा दिशा निर्देश दिए जाते हैं।

डेकेयर केंद्र

भा.प्रौ.सं. डेकेयर केंद्र की शुरुआत मार्च, 2014 में एक समुदाय पहल के तौर पर, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर परिवारों को एक सुरक्षित, निरापद तथा पोषण वातावरण प्रदान करने के लिए किया गया। इस केंद्र ने अपना संचालन चांदखेड़ा के अस्थाई परिसर से शुरू किया, पर जनवरी, 2016 में इसे पालज के स्थाई परिसर में पुनःस्थापित किया गया। केंद्र बच्चों को वैसी गतिविधियों में व्यस्त रखकर, जिससे वे सबसे ज्यादा आनन्द उठाते हैं, उनके विकास में सहायता करने के सामान्य उद्देश्य से निर्देशित होता है। इस बात को ध्यान में रखकर केंद्र बच्चों को संगीत, नृत्य, नाटक तथा अन्वेषण के द्वारा अनूठी, गैर–पारम्परिक विकासात्मक कार्यक्रम प्रदान करता है। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर डेकेयर केंद्र के आरम्भिक कार्यक्रम हैं:–

संगीत व गति – संगीत–आधारित गतिविधियां विकसित करने में सहायता करती हैं; सामान्य पर मस्ती वाले गाने गाना भाषा विकास में सहायता करता है।

कला व हस्तकला – ऐसी बैठकों में मुक्त हस्त–ड्रॉइंग, चित्रकारी, वेजिटेबल्स–चित्रकारी, फिंगर चित्रकारी, पेपर क्राफ्ट, कोलाज शामिल हैं।

टम्बल टाइम – यह अनूठा कार्यक्रम बच्चों को ज्यादा ऊर्जा वाली गतिविधियों में संलग्न रखती है। इन बैठकों में मूल गतिवाले कौशल, शुरुआती योग, जिमनास्टिक्स की बुनियादी बातें, संगीत–आधारित

एरोबिक्स गतिविधियां, रॉलिंग, टंबलिंग, हॉपिंग, बैलेन्सिंग, स्ट्रेचिंग तथा एक बाधा कोर्स सम्मिलित है।

कक्षा व कहानी – इन बैठकों में गेम व खेल के माध्यम से बच्चों को अल्फावेट, अंक, आकार इत्यादि के बारे में बताया जाता है। पढ़ने के समय में बच्चों को नए लेखकों तथा कहानियों से परिचित कराया जाता है, जो उनकी कल्पना को व्यापक बनाता है। एक साथ ये गतिविधियां उनके ध्यान, एकाग्रता, तथा समस्या–समाधान के कौशल में वृद्धि करता है।

रेत और जल क्रीड़ा – इन सुखदायक व मनोरंजक बैठकों में रेत व जल क्रीड़ा स्थान, पानी का पाइप, जल पहिया, पानी के डिब्बे, मिट्टी के खिलौने, साथ ही स्प्लैश पूल शामिल हैं।

केंद्र का अनूठा पाठ्यक्रम छोटे बच्चों से सर्वोत्तम बाहर लाने के लिए समग्र शिक्षा पर जोर देता है तथा यह उनकी प्रगति में वृद्धि करता है। इस तरह, यह गतिविधियां बच्चों में मुख्य शारीरिक, सामाजिक तथा बौद्धिक कौशल के विकास के लिए महत्वपूर्ण साधन की तरह कार्य करती हैं।

आउटरीच गतिविधियां

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर की सामाजिक प्रतिबद्धताः न्यासा गतिविधियां (2015–2016)

न्यासा, जो कि 2011 में भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के छात्रों तथा संकाय द्वारा शुरू की गई एक सामाजिक पहल है, के द्वारा संस्थान परिसर के पड़ोसी बच्चों, महिलाओं और परिसर में रहने वाले कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाने के अपने लक्ष्य को जारी रखा है। हमारी सामान्य गतिविधियों में छात्र और समाज के वंचित तबके को त्योहारों, जन्मदिवस समारोह, वस्त्र वितरण और संस्थागत समारोहों जैसे गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस या भा.प्रौ.सं. गांधीनगर छात्र पोर्टल और सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल किया जाता है। प्रवासी कर्मचारियों के बच्चों के लिए ग्रीष्मकाल कैंप भी आयोजित किया गया। पालज और बासन ग्रामवासियों और परिसर निर्माण कर्मचारियों, गृह–व्यवस्था स्टाफ तथा सुरक्षा कर्मचारियों के लिए, न्यासा ने एक स्वास्थ्य जागरुकता कैंप (संजीवनी मेला) आयोजित किया जिसमें लगभग 1400 लाभार्थियों ने भाग लिया। इसमें सामान्य चिकित्सा जांच, आँख तथा दांत की जांच की गयी। मुफ्त दवाइयां, सब्सिडी प्राप्त चश्मे तथा धुंए रहित चूल्हों का वितरण किया गया। खेलों तथा पोस्टर के माध्यम से स्वास्थ्य जागरुकता सत्रों का संचालन किया गया। इसके पश्चात पालज प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के लिए एक दो–सप्ताह की कम्प्यूटर कक्षा का संचालन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को एमएस पेंट, एमएस वर्ड, पावर पॉइंट, एक्सेल तथा कुछ कम्प्यूटर खेलों से रूबरू होने का अवसर मिला। इसमें 32 छात्रों को लाभ मिला तथा 70 से अधिक स्वयंसेवकों ने इस अभ्यास में भाग लिया। हम मुख्यतः यह संकेत देना चाहते हैं कि भा.प्रौ.सं. गांधीनगर समुदाय से स्वेच्छापूर्ण सहभागिता में बढ़ोत्तरी देखी गयी है। हम ऐसी गतिविधियों को अपने पड़ोस में बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

नीवः भा.प्रौ.सं. गांधीनगर समुदाय आउटरीच

नीव भा.प्रौ.सं. गांधीनगर का एक समुदाय आउटरीच कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर उद्यमिता व आजीविका सृजन में सहायता व बढ़ावा देना है। स्थानीय समुदाय में विभिन्न छोटे स्तर की उद्यमिता, स्वरोजगार तथा अन्य आजीविका वाली गतिविधियों के लिए अपार क्षमता है मगर इस क्षमता का सीमित संसाधन व जागरुकता की कमी के कारण पूरी तरह एहसास नहीं है। भा.प्रौ.सं. गांधीनगर की यह धारणा है कि यह इस अन्तर को दूर करने में सहायता कर सकता है तथा प्रशिक्षण, मेंटरिंग, तथा नेटवर्किंग अवसर प्रदान कर एक सार्थक प्रभाव ला सकता है। इस लक्ष्य के साथ नीव कार्यक्रम, इसके स्वयं के अंतर्गत तथा आसपास के समुदाय को संलग्न करने के लिए 2014 में स्थापित किया गया।

उद्यमिता विकास

नीव कार्यक्रम उद्यमिता विकास कार्यशाला आयोजित करता है इसमें इस तरह के विषय शामिल है, विचार–सृजन, मार्केट शोध, व्यापार गणित, व्यापार योजना नियम, मार्केटिंग तथा प्रोन्नति व मोलभाव कौशल। जमीनी स्तर के लाभार्थियों के लिए, शिक्षा–स्तर, निर्देश–माध्यम, सामाजिक–आर्थिक पहलू भी जिम्मेवार हैं, तथा रोल प्लेज, बातचीत बैठक, तथा अन्य ऐसी भागीदारी विधि के जरिए बैठक आयोजित होती हैं। पाठ्यक्रम–सामग्री तथा अध्यापन विज्ञान एक गैर–लाभकारी संस्था, आई क्रिएट इंडिया के सहयोग के साथ विकसित किए जाते हैं। 2015–16 में निम्नलिखित उद्यमिता विकास कार्यशालाएं आयोजित की गईं:

भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में 2–6 अप्रैल, 2015 के दौरान एक 5 दिवसीय कार्यशाला 16 प्रतिभागी, प्रतिभागियों में, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर स्ठाफ सदस्य, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के आउटसोर्स किए कार्मिक (जैसे, सुरक्षा, गृह–व्यवस्था, मेस, परिवहन तथा उनके परिवार के कुछ सदस्य) अहमदाबादध्गांधीनगर क्षेत्र के महत्वांकाक्षी उद्यमी शामिल हैं।

- भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में 8–12 जून, 2015 के दौरान एक 5 दिवसीय कार्यशाला, 32 प्रतिभागी, आई.टी.आई. चांदखेड़ा के विद्यार्थी।
- भगीनी समाज, खांभट, गुजरात में 2–4 सितम्बर, 2015 के दौरान एक दिवसीय कार्यशाला, 25 प्रतिभागी, प्रतिभागी वंचित महिलाओं के साथ खांभट में काम कर रहे एन.जी.ओ. के लाभार्थी थे।

प्रशिक्षकों के समूह में शामिल थे – ***सुश्री श्रद्धा जैन, सुश्री स्वाति वर्मा*** व ***सुश्री सौम्या हरीश*** (भा. प्रौ.सं. गांधीनगर), तथा ***श्री वी आर वेंकटेश, श्रीमती तेजस्विनी वेंकटेश*** तथा ***श्री जोसेफ पिउस*** (आई क्रिएट इंडिया)।

समय–समय पर उद्यमशीलता व संबंधित विषयों पर जागरुकता बैठकें भी आयोजित किए जाते हैं। इन एक दो या घंटों की बैठकों का उद्देश्य उद्यमशीलता के बारे में जागरुकता लाना है जो एक व्यवहार करियर पसन्द और/या जीविका उत्पन्न करने का एक सशक्त मार्ग है। यह बैठकें नीव कार्यक्रम की गतिविधियों के बारे में बताने के एक मंच की तरह भी कार्य करती हैं। 2015–16 में निम्नलिखित जागरुकता बैठकें आयोजित की गई:

- आई.टी.आई. चांदखेड़ा में 3 जून, 2015 को उद्यमशीलता पर एक जागरुकता बैठक, 55 प्रतिभागी, प्रतिभागी आई.टी.आई. चांदखेड़ा के विद्यार्थी।
- भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में प्रतिभागी, प्रतिभागी भा.प्रौ. सं. गांधीनगर के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी।
- भा.प्रौ.सं. गांधीनगर में 6–7 फरवरी, 2016 को सेल्फ हेल्प ग्रुप (एस.एच.जी.) तथा उद्यमशीलता पर जागरुकता बैठक, 200 प्रतिभागी, प्रतिभागियों में पालज व बासन गांव की महिलाएं तथा निर्माण मजदूर शामिल हुए।
- लावरपुर गांव में 20 फरवरी, 2016 को उद्यमिता पर जागरुकता बैठक, 10 प्रतिभागी। प्रतिभागितयों में लावरपुर गांव के सेल्फ हेल्प ग्रुप के सदस्य।

प्रशिक्षकों में ***सुश्री श्रद्धा जैन, सुश्री स्वाति वर्मा*** तथा ***सुश्री सौम्या हरीष*** (भा.प्रौ.सं. गांधीनगर), तथा आईक्रिएट इंडिया के ***श्री जोसेफ पिउस*** शामिल थे।

विशेष रूप से नीव उद्यमी

नीव कार्यक्रम के कुछ विशेष प्रतिभागी जिन्होंने अपना स्वयं का उद्यम आरम्भ किया।

- ***सुश्री श्रद्धा जैन*** तथा ***सुश्री स्वाति वर्मा*** ने (उद्यमिता कार्यशाला, सितम्बर 2014) जुलाई 2015 में व्यावसायिक हाउस कीपिंग सेवा शुरू की है – 'क्लीन इन अप', तथा भा.प्रौ. सं. गांधीनगर परिसर क्षेत्र में एक छोटी कैंटीन चलाती हैं।
- ***श्री सुरेश संचानिया*** (उद्यमिता कार्यशाला, अप्रैल, 2015) ने सितम्बर 2015 में भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के परिसर के हॉस्टल क्षेत्र में रोजमर्रा की जरूरतों के लिए एक स्टोर खोला।
- ***सुश्री राजलक्ष्मी शर्मा*** (उद्यमिता कार्यशाला, दिसम्बर, 2014), नवम्बर 2015 से भा.प्रौ.सं. गांधीनगर परिसर के हॉस्टल क्षेत्र में एक ब्यूटी सलून चलाती हैं।

कौशल विकास

नीव कार्यक्रम ने 2015–16 में वोकेशनल स्किल को शामिल करने के लिए अपनी गतिविधियां बढ़ाई। 18 व 20 नवम्बर, 2015 को, महिलाओं के स्किल को नापने के लिए जैसे उद्यमिता कौशल, वोकेशनल स्किल, रोजगार स्किल, पालज गांव के क्षेत्र दौरे का आयोजन किया गया। पारस्परिकता बनाते हुए, 25 नवम्बर, 2015 को कार्यक्रम द्वारा आरम्भ किए एक फैक्ट्री दौरे के जरिए समूह की करीब 10 महिलाओं को एम/एस कॉटन सूट (गार्मेन्ट निर्माता, वस्त्रालय, अहमदाबाद) फैक्ट्री में एक दिन बिताने का अवसर प्राप्त हुआ। एमध्एस कॉटन सूट (गार्मेन्ट निर्माता, वस्त्रालय अहमदाबाद) के साथ भागेदारी में नीव कार्यक्रम की मदद से 5 जनवरी से 12 मार्च, 2016 तक पालज गांव की 9 महिलाओं ने 45 दिनों के सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। करीब 2 हफ्ते के आरम्भिक प्रशिक्षण कार्यकाल के बाद, महिलाएं भा.प्रौ.सं. गांधीनगर हॉस्टल के 1000 पर्दे सिलने के लिए एक टीम में शामिल हो गईं।

संकाय गतिविधियां

प्रायोजित परियोजनाएं

» विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***एसिमेट्रिक डील्स–एल्डर प्रतिक्रियाओं के लिए नॉवल दोगुनी हाइड्रोजन उत्प्रेरक का विकास।*** प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. चंद्रकुमार अप्पायी***, रसायन विज्ञान

» विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***ग्रेन परिधि संरचना और बदलाव।*** प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. अभय राज सिंह गौतम***, पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी

» सुरक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा प्रायोजित ***फ्लो एडिटिव्स के प्रयोग से सतही बदलावों के माध्यम से महीन और अति–महीन एपी चूर्ण का बहाव सुधार***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. चिण्मय घोरोई***, रसायन अभियांत्रिकी

» विज्ञान एवं अभियांत्रिकी अनुसंधान मण्डल द्वारा प्रायोजित ***जल घुलनशील ग्लाइकोसिलेटेड एम्फिफिलिक पोरफायरिन: संश्लेषण, फोटोफिजिकल, विद्युतरसायन अध्ययन और जैविक–चित्रण एप्लीकेशन***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. इति गुप्ता***, रसायन विज्ञान

» विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***अलजाइमर रोग में टाउ प्रोटीन का जमाव अवरोधक के विकास हेतु स्काफोल्ड के डाईसल्फाइड–प्रचुर पेपटाइड्स***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. शरद गुप्ता***, जैविक अभियांत्रिकी

» विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***सर्व–डाइइलेक्ट्रिक उच्च–क्षमता ट्रांसमिसिव निरूपकसतहें: पॉलीक्रोमेटिक डिजाइन की जांच में किरण केंद्रीकरण का प्रदर्शन***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. रवि हेगड़े***, विद्युत अभियांत्रिकी

» परमाणु विज्ञान अनुसंधान मण्डल द्वारा प्रायोजित ***चित्रण उपकरणों की आंतरिक विशेषता का उपयोग कर छपे हुए डॉक्यूमेंट की सुरक्षा***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. नितिन खन्ना***, विद्युत अभियांत्रिकी

» विज्ञान एवं अभियांत्रिकी अनुसंधान मण्डल द्वारा प्रायोजित ***स्वर्ण नेनोरॉड्स के अंत से अंत तक के दोध्रुवीय एंटीनों के साथ बढ़ी हुयी एकल–अणु स्पेक्ट्रोस्कोपी***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. सौम्यकांति खटुआ***, रसायन विज्ञान

» वेलकम ट्रस्ट – जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***बोध एवं मोटर नियंत्रण के मध्य द्वि दिशाई पारस्परिक क्रिया***। प्रधान अन्वेषक: ***डा नीरज कुमार***, संज्ञानात्मक विज्ञान

» इलेक्ट्रोनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी के लिए विश्वेश्वरैया पी.एचडी. योजना***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. उत्तमा लाहिड़ी***, विद्युत अभियांत्रिकी

» विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***चाल पुनर्स्थापना के लिए आभासी यथार्थ वाला एकीकृत रोबोटिक चाल प्रशिक्षण प्रणाली***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. उत्तमा लाहिड़ी***, विद्युत अभियांत्रिकी

» विज्ञान एवं अभियांत्रिकी अनुसंधान मण्डल द्वारा प्रायोजित ***कार्बोहाइड्रेट–जल परस्पर क्रिया की सैद्धांतिक जांच***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. साइराम स्वरूप मल्लाजोसयुला***, रसायन विज्ञान

» जैवप्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***यूकेरियोटिक मोबाइल जेनेटिक तत्वों/ट्रांसपोसोन की क्रमागत उन्नति***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. शर्मिष्ठा मजुमदार***, जैविक अभियांत्रिकी

» विज्ञान एवं अभियांत्रिकी अनुसंधान मण्डल द्वारा प्रायोजित ***सूक्ष्मसुरक्षा के लिए नकली वातावरण की श्रंखला में प्रौद्योगीकृत सूक्ष्मकणों के घुलने को जांचने के लिए बहु–पद्धति वाला दृष्टिकोण***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. सुपर्ब मिश्रा***, पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी

» पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा प्रायोजित ***भारत में मिट्टी की आद्रता में अंतर पर भूमि आवरण/भूमि प्रयोग और मौसम बदलावों के प्रभाव***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. विमल मिश्रा***, सिविल अभियांत्रिकी

» विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***अवधारणात्मक और मूल्य–आधारित निर्णय लेने में एकीकरण: एक संज्ञानात्मक और गणनात्मक पद्धति***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. कृष्ण प्रसाद मियापुरम***, संज्ञानात्मक विज्ञान

» डी.ई.आई.टी.वाई–सी.ई.ई.आर.आई. – इलेक्ट्रोनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग–केंद्रीय इलेक्ट्रोनिक्स

अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान द्वारा प्रायोजित ***विशेष जन–शक्ति विकास परियोजना– चिप्स से प्रणाली डिजाइन (एस.एम.डी.पी.–सी2एस.डी.)***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. निहार रंजन मोहापात्र***, विद्युत अभियांत्रिकी

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग – वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित ***मोटर अधिगम का तंत्रिका आधार***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. प्रतीक मूथा***, जैविक अभियांत्रिकी
- ए.आई.एम.आई.एल. लि. द्वारा प्रायोजित ***कम लागत के स्वचालित तीन एक्सल वाले उपकरण का संयुक्त विकास***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. अमित प्रशांत***, सिविल अभियांत्रिकी
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा प्रायोजित ***कोडेट कैमरा आर्किटेक्चर के प्रयोग से बढ़े हुए डेप्थ ऑफ फील्ड का चित्रण***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. शंनमुगनाथन रमण***, विद्युत अभियांत्रिकी
- अमेरिकन रसायन अभियंता संस्थान द्वारा प्रायोजित ***प्रसंस्करण सुरक्षा मानकों की एकसमानता***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. राजगोपालन श्रीनिवासन***, रसायन अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***कार्रवाई द्वार ध्यान खींचने में संभावित तकनीक की भूमिका***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. मीरा मैरी सनी***, सामाजिक विज्ञान

जारी प्रायोजित परियोजनाएं

- परमाणु विज्ञान अनुसंधान मण्डल द्वारा प्रायोजित ***तांबे की घर्षण स्टर वेल्डिंग में ऊष्मा स्थानांतरण और विस्को–प्लास्टिक बहाव आधारित मॉडल– वाई.एस.आर.ए.(युवा शोध वैज्ञानिक पुरस्कार***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. अमित अरोड़ा***, पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***घूमते हुए भूकंप के झटकों की विशेषता***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. धीमन बासु***, सिविल अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***ईथेनॉल स्वऊष्मा सुधारः डिजाइन अनुकूलन के माध्यम से प्रयोगात्मक और मॉडल का अध्ययन***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. अतुल भार्गव***, यांत्रिक अभियांत्रिकी
- सागर ड्रग्स एवं फार्मेसियूटिकल्स प्रा. लि. द्वारा प्रायोजित ***प्राकृतिक भाप बनने के बरताव के लिए अनुसंधान में सहयोगात्मक अनुबंध*** प्रधान अन्वेषकः प्रा. अतुल भार्गव, यांत्रिक अभियांत्रिकी
- नौसेना पदार्थ अनुसंधान प्रयोगशाला, डी.आर.डी.ओ. प्रयोगशाला द्वारा प्रायोजित ***डीजल–आधारित समुद्री ईंधन कोषिका प्रणाली में ऊष्मा रिफोर्मर की क्षमता और स्थिरता प्रसंसकरण***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. अतुल भार्गव***, यांत्रिक अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***गैस संवेदन ऐप्लीकेशन के मात्रात्मक के करीब तथा मध्य–इन्फ्रारेड वेवलेंथ मॉडूलेशन स्पेक्ट्रोस्कोपी***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. अरूप लाल चक्रवर्ती***, विद्युत अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***अल्ट्रासोनिकली चालित मिलाने के उपकरण के प्रयोग से औषधि सूक्ष्मअणुओं का शीघ्र अवक्षेपण और स्थिरता***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. समीर वी दलवी***, रसायन अभियांत्रिकी
- सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***एच.पी.सी. मंचों पर अभियांत्रिकी प्रणालियों का उच्च–निष्ठा गणनात्मक डिजाइन***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. मुरली दामोदरन***, यांत्रिक अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***भोजन में उत्पन्न होने वाले जीवाणु के बहुतरीकों से जांच के लिए ऐप्टामीटर–चुंबकीय सूक्ष्मअणुओं वाला निर्माण***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. भास्कर दत्ता***, रसायन विज्ञान
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***सक्रिय पॉलीमर जेल के स्व–चालित रसायन–तकनीकी कंपन के आयाम***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. प्रत्युष दयाल***, रसायन अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार वाले बच्चों के सामाजिक संवाद को बेहतर करने के लिए कम लागत के बुद्धिमान हेडफोन का विकास***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. नितिन वी जॉर्ज***, विद्युत अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***ऊर्जावान सीमेंट क्लिंगराइजेशन के लिए सूखी परत वाले सूक्ष्म–ऐडिटिव्स***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. चिण्मय घोरोई***, रसायन अभियांत्रिकी
- वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित ***दानकर्ता–स्वीकारकर्ता का बदला हुआ एराइल एवं हेटेरोएराइल पॉलीन का फोटोकेमिकल और फोटोफिजिकल अध्ययन***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. श्रीराम कन्वाह गुंडीमेदा***, रसायन विज्ञान
- वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित ***एरीन मोइटी के अंदर का कार्बापोरफाइरिन. उनका संश्लेषण, विशेषीकरण और धातु संयोजन का अध्ययन***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. इति गुप्ता***, रसायन विज्ञान
- एकीकृत पर्वत विकास का अंतर्राष्ट्रीय केंद्र द्वारा प्रायोजित ***कोसी घाटी में तलछट के आयाम और तलछट संयोजकताः नदी के खतरों पर असर***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. विक्रांत जैन***, भू विज्ञान (आई.सी.आई.एम.ओ.डी.)
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***परतों वाले बोरोन–आधारित पदार्थों के लिए रसायनिक विभाजन रणनीतियों द्वारा ग्राफीन से एकल–परमाणु मोटा अजैवी नेनो शीट का संश्लेषण***। प्रधान अन्वेषकः ***प्रा. कबीर जसूजा***, रसायन अभियांत्रिकी

- आई.सी.एस.एस.आर. द्वारा प्रायोजित ***उम्र बढ़ने के समाज विज्ञान में जियोस्पेशियल समीक्षा में कैसे बूढ़ों का स्वास्थ्य जुड़ा है***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. तन्निष्ठा सामंत***, सामाजिक विज्ञान। सह–पी.आई.(***प्रा. शिवकुमार जोलाड***, भौतिकी
- विज्ञान एवं अभियांत्रिकी अनुसंधान मण्डल द्वारा प्रायोजित ***स्पेशियली पारस्परिक नेटवर्क के नजरिए से वेक्टर रोगों के शहरी इलाकों में फैलने का मॉडल***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. शिवकुमार जोलाड***, भौतिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग– एस.ई.ई.डी. द्वारा प्रायोजित ***वृद्धों के लिए आघात पुनर्स्थापना मंच आधारित बुद्धिमान आभासी यथार्थ एडेप्टिव***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. उत्तमा लाहिड़ी***, विद्युत अभियांत्रिकी
- आई.ई.ई.ई रीजन 10 मानवतावादी प्रौद्योगिकी (एच. टी.) द्वारा प्रायोजित ***वृद्धों के लिए बिना परेशान करने वाली स्वास्थ्य मापन उपकरण***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. उत्तमा लाहिड़ी***, विद्युत अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***ऑटिज्म विकार से ग्रसित बच्चों के लिए बुद्धि मान आभासी यथार्थ पर आधारित दृष्टि–संवेदक सामाजिक संचार प्रणाली***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. उत्तमा लाहिड़ी***, विद्युत अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, और सूचना एवं संचार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में भारत–फ्रेंच कार्यक्रम के अंतर्गत इंस्टिट्यूट नेशनल डि रिसर्चे एन इन्फोर्मेटिकीट एन ऑटोमेटीक (इनरिया) द्वारा पोषित ***एक इच्छाशक्ति से चालित ट्रांसक्यूटेनियस न्यूरो–मस्क्यूलर विद्युत उत्तेजन के भीतर एक ऑपरेंट परिस्थिति उदाहरण का प्रयोग वाला आघात के पश्चात टेली–न्यूरोहेबिलेशन***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. उत्तमा लाहिड़ी***, भा.प्रौ.सं. गांधीनगर एवं ***डा अनिर्बन दत्ता***, यूनिवर्सिटे मोंटपेलियर, फ्रांस
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***विभिन्न सिनक्रोनाइजर्स में मेटास्टेबिलिटी का प्रयोगात्मक अध्ययन***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. जॉयसी मेकी***, विद्युत अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***प्रोटीन–लिपिड प्रणाली में आणविक–पैमाने झिल्ली वक्रता का उत्पादन: इलेक्ट्रो– स्टेटिक्स एवं हाइपरफोबिसिटी।*** प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. अभिजीत मिश्रा***, पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
- मीडिया लैब एशिया, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रायोजित ***प्रबंधन का मापन (एम2एम). प्रयोगात्मक संवेदक नेटवर्क के माध्यम से जल उपयोग क्षमता और कृषि उत्पाद में सुधार***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. विमल मिश्रा***, सिविल अभियांत्रिकी
- राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र (एन.आर.एस.सी.), हैदराबाद द्वारा प्रायोजित ***वेरिएबल इनफिलट्रेशन क्षमता के प्रयोग से नदी के तलछट का हाइड्रोलॉजिकल मापन जाँच***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. विमल मिश्रा***, सिविल अभियांत्रिकी
- पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित ***गंगा नदी के तलक्षट का हाइड्रोलॉजिकल माडलिंग और मौसम बदलाव के प्रभाव का निरीक्षण***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. विमल मिश्रा***, सिविल अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की संज्ञानात्मक विज्ञान अनुसंधान पहल द्वारा प्रायोजित ***श्रेणीवार सूचना की आंकिक सीख: एक न्यूरोचित्रण जाँच***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. कृष्ण प्रसाद मियापुरम***, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
- ***उपकरण वाले उच्च–केगेट डाइलेक्ट्रिक्स एवं धातु गेट्स के प्रदर्शन और विश्वसनीयता पर उपकरण ज्यामितिकी और डिजाइन नियमों का असर***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. निहार मोहापात्र***, विद्युत अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं अभियांत्रिकी अनुसंधान मण्डल एस.ई. आर.बी. द्वारा प्रायोजित ***पार्किंनसन रोग में मोटर के अनुरूप ढलना और कौशल सीखना***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. प्रतीक मूथा***, जैविक अभियांत्रिकी
- एयरोनॉटिक्स अनुसंधान विकास मण्डल द्वारा प्रायोजित ***स्पेशियली विकसित एक्सिमेट्रिक परिधि परतों की वैश्विक स्थिरता समीक्षा***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. विनोद नारायण***, यांत्रिक अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***डी.एन.ए. की विरूपता को समझने के लिए एक अनोखी प्रणाली–पहचान–आधारित दृष्टिकोण*** प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. हरीष पी एम***, यांत्रिक अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***विभिन्न आयाम प्रणाली के अनजाने इनपुट्स का धीमी पुनःनिर्माण*** । प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. हरीष पी एम***, यांत्रिक अभियांत्रिकी
- वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद – सी.एस.आई.आर. द्वारा प्रायोजित ***जेडएनओ थिन फिल्म पर स्वःस्थापित सीयू (इन1एक्सजीएएक्स) एसई2 (सी.आई.जी.एस.) नेनोडॉट्स की सूक्ष्मढांचे का अध्ययन***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. एमिला पाण्डा***, पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***फोटोवोल्टाइक ऐप्लीकेशन के लिए जेडएनओ बफर परत के साथ फेब्रिकेशन और विस्तृत सूक्ष्मढांचे के फिल्म्स***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. एमिला पाण्डा***, पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
- डी.आर.डी.ओ. द्वारा प्रायोजित ***दुर्लभ चुंबकीय थिन फिल्म्स का ऑक्सीकरण बर्ताव***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. एमिला पाण्डा***, पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***पुनःउपयोग हेतु ऊर्जा स्त्रोतों के अनिश्चितथा/ आंतरायिक विशेषता के अंतर्गत ऊर्जा प्रणाली में लघु–अवधि के लिए उत्पादन की समयसारणी***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. नारण पिंडोरिया***, विद्युत अभियांत्रिकी

» विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित गतिशील प्राकृतिक ***पृष्ठ और उनके ऐप्लीकेशन में वस्तु की गति की श्रेणियों की जाँच***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. शंनमुगनाथन रमण***, विद्युत अभियांत्रिकी

» विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***सूक्ष्मढांचों की डोप्ड ऑक्साइड और नैनोपोरस एल्यूमीनोसिलिकेट्स के प्रयोग से मीथेन निर्माण में सीओ2 की दोषनिवृत्ति***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. सुधांशु शर्मा***, रसायन विज्ञान

» विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***पॉलीमेराइजेशन–ग्रेड ऐथिलीन संश्लेषण की प्रयोगात्मक और सैद्धांतिक जाँच***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. सुधांशु शर्मा***, रसायन विज्ञान

» कैलटेक और भा.प्रौ.सं. गांधीनगर तथा बिल एवं मेलिंडा गेट्स के साथ सह–अनुबंध द्वारा प्रायोजित। ***स्व–पूर्ण, पीवी–चालित घरेलू शौचालय और उपशिष्ट जल उपचार प्रणाली का विकास***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. बाबजी श्रीनिवासन***, रसायन अभियांत्रिकी

» विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा डाटा–***चालित नियंत्रण लूप प्रदर्शन निरीक्षण एवं निदान उपकरण. उपशिष्ट जल उपचार प्रणाली में उपयोगी***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. बाबजी श्रीनिवासन***, रसायन अभियांत्रिकी

» अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव आंकलन पहल (3आई.ई.) द्वारा प्रायोजित ***स्वास्थ्य, बिहार, भारत के अंतर्गत ग्राम वार्ता के लिए प्रभाव आंकलन का डिजाइन***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. मालविका सुब्रमणियम***, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान

» विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ***तरल क्रिस्टल्स में कोलाइडल अणुओं की स्व–समूह***। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. पाची थरेजा***, रसायन अभियांत्रिकी

परामर्शदाता परियोजनाएं

» ***साबरमती नदी की अग्रभाग वाली परियोजना में एस.आर.एफ.डी.सी.एल. निवास की संरचनात्मक डिजाइन की प्रूफचेकिंग***, साबरमती नदी अग्रभाग विकासशील परियोजना द्वारा प्रायोजित। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. धीमन बासु***, सिविल अभियांत्रिकी

» ***एक्वस नमूनों की फ्लूरोमेट्रिक जांच***, पर्यावरण संसाधन प्रबंधन (ई.आर.एम.) द्वारा प्रायोजित। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. श्रीराम कन्वाह गुंडीमेडा***, रसायन विज्ञान

» पी.ए.सी. – प्रेक्टिकल एक्शन कंसल्टिंग द्वारा प्रायोजित, ***घाघरा नदी के किनारे चिसापानी स्टेशन से आगे रहने वाले समुदायों के फ्लूवियल बाढ़ के खतरों की जांच***, प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. विमल मिश्रा***, सिविल अभियांत्रिकी

» ***दक्षिणी एशिया के क्षेत्रीय बाढ़ की निगरानी और पूर्वानुमान लगाना***, आई.डब्लू.एम.आई. – अंतर्राष्ट्रीय जल प्रबंधन संस्थान द्वारा प्रायोजित। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. विमल मिश्रा***, सिविल अभियांत्रिकी

» ***मेघालय में उच्च रेजोलूशन से मौसम का अनुमान लगा कर मौसम में खराबी के हॉट–स्पॉट को चिन्हित करना***, मेघालय तलहटी विकास प्राधिकरण द्वारा प्रायोजित। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. विमल मिश्रा***, सिविल अभियांत्रिकी

» ***बिहार में बाढ़ के बीमा उत्पाद को बनाने के लिए बाढ़ के खतरों के मॉडल का विकास***, अंतर्राष्ट्रीय जल प्रबंधन विकास संस्थान द्वारा प्रायोजित। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. विमल मिश्रा***, सिविल अभियांत्रिकी

» ***आई.आई.टी.आर.ए.एम. में विद्युत अभियांत्रिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स प्रयोगशाला का विकास***, आई.आई.टी.आर.ए.एम. द्वारा प्रायोजित। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. नारण पिंडोरिया***, विद्युत अभियांत्रिकी

» ***गोमती नदी के चौनलाइजेशन के लिए डिजाइन और रेखाचित्रों के प्रूफ की जांच कर परामर्श देना***, गेम्मन भारत लि. द्वारा प्रायोजित। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. अमित प्रशांत***, सिविल अभियांत्रिकी

» ***वाडनगर के दो स्थानों का जी.पी.आर. अध्ययन***, भारतीय पूरातत्व सर्वेक्षण द्वारा प्रायोजित। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. अमित प्रशांत***, सिविल अभियांत्रिकी

» ***आई.आई.टी.आर.ए.एम. में एक कार्यशाला का विकास***, आई.आई.टी.आर.ए.एम. – आधारभूत ढांचा प्राद्योगिकी अनुसंधान और प्रबंधन संस्थान द्वारा प्रायोजित। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. एन रामकृष्णन***, यांत्रिक अभियांत्रिकी

» ***बिना अभिलेख की शराब का सर्वेक्षण (एस.यू.आर.ए.–भारत)***, सैम हूस्टन राजकीय विश्वविद्यालय द्वारा प्रायोजित। प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. मालविका सुब्रमणियम***, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान

वर्तमान में जारी परामर्शदायी परियोजनाएं

» ***वॉकहार्ट के डी.पी.आई. एप्लीकेशन के लिए बारीक चूर्ण की सतही गुणों को समझना***, प्रधान अन्वेषक: ***प्रा. चिण्मय घोरोई***, रसायन अभियांत्रिकी

» ***गुजरात सरकार के नवनिर्मित आधारभूत ढांचा, प्रौद्योगिकी अनुसंधान एवं प्रबंध संस्थान के लिए सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करना***। ***प्रा. सुधीर कु जैन*** प्रधान अन्वेषक हैं तथा ***प्रा. एस पी मेहरोत्रा*** आइ.आई.टी.आर.ए.एम. प्रकोष्ठ के भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के लिए नोडल अधिकारी और संयोजक हैं।

» ***इंटेल लि. के लिए इंटेल (आर) गैलीलियो***

पाठ्यक्रम कार्य का विकास। प्रधान अन्वेषकः *प्रा. जॉयसी मेकी*, विद्युत अभियांत्रिकी

» *इंटेल उच्च शिक्षा कार्यक्रम के लिए कम–ऊर्जा कम्प्यूटिंग प्रणाली और अंतर्निहित एप्लिकेशन में इंटेल एटम प्रोसेसर की उपयुक्तता*। प्रधान अन्वेषकः *प्रा. जॉयसी मेकी*, विद्युत अभियांत्रिकी

» उत्तर गुजरात विज कंपनी लि. (यू.जी.वी.सी.एल.), *गुजरात के लिए स्मार्ट ग्रिड पायलट परियोजना – यू.जी.वी.सी.एल.*। प्रधान अन्वेषकः *प्रा. नारण एम पिंडोरिया*, विद्युत अभियांत्रिकी

» *कंजुर– मार्ग ठोस अवशेष प्रबंधन प्रणाली के प्रकोष्ठ–1 के लिए जियोतकनीकी डिजाइन*। प्रधान अन्वेषकः *प्रा. अमित प्रशांत*, सिविल अभियांत्रिकी

» *आई.जी.टी.आर–आर.पी. के लिए एम.एम.एस. एस.डब्लू.आई.आर चुंबक वाला बड़ा*। प्रधान अन्वेषकः *प्रा. एन रामकृष्णन*, यांत्रिक अभियांत्रिकी

» *कोनार्क कंपनी समूह, मुंबई के लिए कम–लागत की ऑटोमेशन प्रणाली*। प्रधान अन्वेषकः *प्रा. एन रामकृष्णन*, यांत्रिक अभियांत्रिकी

» पियास औद्योगिक अभियांत्रिकी प्रा. लि. के लिए *वर्तमान हाइड्रॉलिक प्रणाली को बेहतर बनाना*। प्रधान अन्वेषकः *प्रा. एन रामकृष्णन*, यांत्रिक अभियांत्रिकी

» ए.सी.एम.ई. एयर इक्युपमेंट्स प्रा. लि., जी.आई.डी.सी. के लिए *उत्पादकता निर्धारण और बढ़ोत्तरी*। प्रधान अन्वेषकः *प्रा. एन रामकृष्णन*, यांत्रिक अभियांत्रिकी

» *गुजरात सामाजिक आधारभूत ढांचा विकास प्राधिकरण के लिए जिला मानव विकास रिपोर्ट* – अहमदाबाद। प्रधान अन्वेषकः *प्रा. तन्निष्ठा सामंत*, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान

» ए.बी.बी. ग्लोबल उद्योग एवं सेवाएं लि. के लिए *आंतरिक शिड्यूलिंग और उत्पादन की मूल्य–लाभ की समीक्षा*। प्रधान अन्वेषकः *प्रा. राजगोपालन श्रीनिवासन*, रसायन अभियांत्रिकी

पुरस्कार एवं मान्यताएं

निम्न संकाय सदस्यों को बाहरी निकायों से वर्ष 2015–16 के दौरान मिले विशेष पुरस्कार एवं मान्याएं इस प्रकार हैं:

» *प्रा. अमित अरोड़ा* को परमाणु प्रयोगों में सुरक्षा और पदार्थ की मॉडलिंग और सिमुलेशन के लिए भारत–यू.के. कार्यशाला में *सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार* प्राप्त हुआ, दिसम्बर 16–17, 2015।

» *प्रा. समीर दलवी* को वर्ष 2015 के लिए एन.ए.एस. आई. – *युवा वैज्ञानिक प्लैटिनम जयंती पुरस्कार* प्राप्त हुआ।

» *प्रा. अनिर्बन दासगुप्ता* को केविन लेंग, ली रोड्स और जस्टिन थालेर के साथ डाटाबेस सिद्धान्त 2016 में उनके पत्र "स्ट्रीम अभिव्यक्ति प्रमुखता के लिए एक ढांचा" के लिए *सर्वश्रेष्ठ नवागंतुक पुरस्कार* प्राप्त हुआ।

» *प्रा. अरनब दत्ता* को सितम्बर 30, 2015 को प्रकांड डॉक्टरल पश्चात सफलता के लिए *ई.एम.एस.एल. 2014 का एम.टी. थॉमस पुरस्कार* (पर्यावरण अणु विज्ञान प्रयोगशाला) मिला। उनको यह पुरस्कार जैविकी–प्रेरित अणु उत्प्रेरक में उनके वैज्ञानिक शोध के लिए दिया गया। प्रा. दत्ता को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा *रामानुजन अध्येतावृत्ति* भी प्राप्त हुई है।

» *प्रा. हरी बी हबलानी* को राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी द्वारा फेलो चुना गया है।

» *प्रा. आलोक कुमार कानूनगो* को पुरदलपुर के मानचित्रणः विश्व की कुछ सबसे पहले की शीशे के मनकों के उद्योग का अंतिम चरण, के लिए *2016 आइ.एन.टी.ए.सी.एच. अनुसंधान अनुदान प्राप्त* हुआ है। उनको 2015–16 के लिए अंतर्राष्ट्रीय आयोग का ग्लास संपादन अनुदान भी मिला है।

» रसायन विज्ञान विभाग के *प्रा. सौम्यकांति खटुआ* और जैविक अभियांत्रिकी विभाग के *प्रा. वीरूपक्षी सोप्पीना* को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा *रामानुजन अध्येतावृत्ति* प्राप्त हुई है। इस रामानुजन अध्येतावृत्ति की अवधि 5 वर्षों तक है।

» *प्रा. निहार रंजन मोहापात्र* को संचार एवं आई. टी. मंत्रालय, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा *युवा संकाय शोध अध्येतावृत्ति* मिली है।

» *प्रा. ज्योति मुखोपाध्याय* को मिश्र धातु निगम लि.,(मिधानि) रक्षा उत्पादन विभाग, भारत सरकार के मंडल के अंशकालिक निदेशक का कार्य सौंपा गया है।

» *प्रा. प्रतीक मूथा* एवं उनके विदेशी सहयोगियों को मोटर नियंत्रण उन्नति सम्मेलन, हंगरी, जुलाई 21–25, 2015 में "सैद्धांतिक मोटर नियंत्रण" श्रेणी में *सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार* प्राप्त हुआ। इस कार्य के सह–संपादक हैं हैना लेफुमट, आर क्रिस मियाल, जे एल वर्चर एवं फैब्रिस सरलेगना।

» *प्रा. डी वी पाई* को एक वर्ष के लिए भारतीय गणितीय संस्था (आई.एम.एस.) का अध्यक्ष चुना गया है।

» *प्रा. आनंद सेनगुप्ता* द्वारा नेतृत्व किये गए भा.प्रौ.सं. गांधीनगर के एक शोध समूह ने फरवरी 11, 2016 को आविष्कार की गई गुरुत्वाकर्षण तरंगों

में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह शोध समूह एल.आई.जी.ओ. वैज्ञानिक सहभागिता में भाग ले रहे हैं जो गुरुत्वाकर्षण–तरंगों के अवलोकन की भारतीय पहल– नौ भारतीय विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों का एक संघ, जिसने इस आविष्कार में योगदान दिया है, इसके अंतर्गत शुरू किया गया है।

- ***प्रा. वीरूपक्षी सोप्पीना*** को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डी.एस.टी.), नई दिल्ली, द्वारा नवम्बर 23, 2015 को ***रामानुजन अध्येतावृत्ति*** मिली है।
- प्रा. विनीत वशिष्ठ को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंसपायर संकाय पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
- ***प्रा. सिद्धार्थ वाकणकर*** को महाराष्ट्र सरकार द्वारा उनके संस्कृत शोध में योगदान के लिए ***महाकवि कालिदास संस्कृत साधना पुरस्कार*** प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार ऐसे संस्कृत विद्वानों को दिया जाता है जो महाराष्ट्र से बाहर रह कर कार्य करते हैं।

संकाय उत्कृष्टता पुरस्कार

निम्नलिखित छः संकाय सदस्यों को वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 में शिक्षण, अनुसंधान तथा संस्थान निर्माण में उनके सर्वोत्कृष्ट कार्यों के लिए संकाय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- ***डा. के रागवन***, वर्ष 2013–14 के लिए शिक्षण में उत्कृष्टता पुरस्कार
- ***डा. चिण्मय घोरोई***, वर्ष 2013–14 के लिए संस्थान निर्माण में उत्कृष्टता पुरस्कार
- ***डा. कबीर जसूजा***, वर्ष 2014–15 के लिए शिक्षण में उत्कृष्टता पुरस्कार
- ***डा. विमल मिश्रा***, वर्ष 2014–15 के लिए अनुसंधान में उत्कृष्टता पुरस्कार
- ***डा. प्रत्युष दयाल***, वर्ष 2014–15 के लिए संस्थान निर्माण में उत्कृष्टता पुरस्कार
- ***डा. अमित प्रशांत***, वर्ष 2014–15 के लिए आउटरीच में उत्कृष्टता पुरस्कार

मानद कार्य

प्रा. अमित अरोड़ा, पदार्थ विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
- समीक्षक, ए.एस.एम.ई. विज्ञान एवं अभियांत्रिकी उत्पादन सम्मेलन, 2016
- समीक्षक, उन्नत प्रौद्योगिकी उत्पादन की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका
- समीक्षक, भारतीय धातु संस्थान की रिपोर्ट
- समीक्षक, पदार्थ प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी पत्रिका
- बाह्य सदस्य, डॉक्टरल समिति, श्री गौरांग जोशी, पी.डी.पी.यू.
- बाह्य सदस्य, डॉक्टरल समिति, श्री राजेश एस, पी.डी.पी.यू.
- बाह्य सदस्य, डॉक्टरल समिति, श्री अंकित दिलीपकुमार ओझा, पी.डी.पी.यू.
- बाह्य समीक्षक, छात्र अनुसंधान प्रस्ताव, पी.डी.पी.यू.

प्रा. रूपक बैनर्जी, भौतिकी
- वैधानिक सदस्य, मौखिक मण्डल, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद, श्री उपेन्द्र कुमार के पी.एचडी. प्रतिवाद परीक्षा के लिए।

प्रा. विनोद चन्द्रा, भौतिकी
- समीक्षक: कैम्ब्रिज विवि प्रेस, सैद्धांतिक भौतिकी के पुस्तक पत्र; भारतीय विज्ञान अकादमी की कृति, भौतिक विज्ञान (स्प्रिंगर)
- तकनीकी समिति, आई.आई.आई.टी. वडोदरा, गांधीनगर
- बाह्य परीक्षक, एम.एससी. भौतिकी, निबंध, पी.डी. पी.यू., गांधीनगर

प्रा. समीर दलवी, रसायन अभियांत्रिकी
निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं के समीक्षक हैं:
- आर.एस.सी. ऐडवांसेस (रसायन विज्ञान की रॉयल संस्था द्वारा प्रकाशित); क्रिस्टल की बढ़ोत्तरी एवं डिजाइन (अमेरिकन रसायन संस्था द्वारा प्रकाशित); लेंगमुइर (अमेरिकन रसायन संस्था द्वारा प्रकाशित); जैविक प्रसंस्करण शोध और विकास (अमेरिकन रसायन संस्था द्वारा प्रकाशित); कोलोइड और इंटरफेस विज्ञान की पत्रिका (एल्जिवर द्वारा प्रकाशित); औषधि विकास एवं औद्योगिक फार्मेसी (टेलर और फ्रांसिस द्वारा प्रकाशित)

प्रा अर्नब दत्ता, रसायन विज्ञान
- यू.जी.सी.–एन.ई.टी. 2015 (दिसम्बर) के समीक्षक

प्रा. नितिन वी जॉर्ज, विद्युत अभियांत्रिकी
- पत्रिकाओं के समीक्षक: एप्लाइड अकूस्टिक्स (एलजेवियर); एप्लाइड सॉफ्ट कम्प्यूटिंग (एलजेवियर); बहुत विशाल इंटीग्रेशन प्रणाली पर आई.ई.ई.ई. की रिपोर्ट; सर्किट्स और प्रणाली पर आई.ई.ई.ई. की रिपोर्ट II; संक्षिप्त में व्यक्त किया; सिग्नल प्रसंस्करण पर आई.ई.ई.ई. की रिपोर्ट; सर्किट्स, प्रणाली और सिग्नल प्रसंस्करण (स्प्रिंगर); अनुकूलक नियंत्रण और सिग्नल प्रसंस्करण पर अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका (वाइली); विद्युत प्रणाली और विद्युत ऊर्जा की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका (एलजेवियर); शिक्षा की आई.ई.टी.ई पत्रिका; सिग्नल प्रसंस्करण (एलजेवियर); डिजिटल सिग्नल प्रसंस्करण (एलजेवियर); नॉयस नियंत्रण अभियांत्रिकी पत्रिका (नॉयस नियंत्रण अभियांत्रिकी संस्थान); चिकित्सा एवं जैविक अभियांत्रिकी पत्रिका (स्प्रिंगर); कम आवृत्ति ध्वनि की पत्रिका, कंपन और जीवंत नियंत्रण (एस.ए.जी.ई.); साधना – अभियांत्रिकी विज्ञान में अकादमी की कार्यवाही (आई.ए.एस.)
- सम्मेलनों में समीक्षक: सिग्नल प्रसंस्करण और संचार की अंतर्राष्ट्रीय सभा 2016, भा.वि.सं. बेंगलोर; संचार पर राष्ट्रीय 22वीं सभा 2016, भा.प्रौ.सं. गुवाहाटी; औद्योगिक प्रौद्योगिकी पर 2016 की आई.ई.ई.ई. अंतर्राष्ट्रीय सभा, ताइपी, तायवान; सर्किट्स और प्रणालियों पर आई.ई.ई.ई. अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, मोंटरियल, केनेडा; बुद्धिमान कम्प्यूटेशनल प्रणालियों पर आई.ई.ई.ई. के नवीन प्रगति 2015, त्रिवेन्द्रम; माइक्रोवेव, ऑप्टिकल एवं संचार अभियांत्रिकी पर अंतर्राष्ट्रीय सभा 2015, भा.प्रौ.सं. भुवनेश्वर; सिग्नल प्रसंस्करण एवं बुद्धिमान पहचान प्रणाली पर दूसरी अंतर्राष्ट्रीय सभा, त्रिवेन्द्रम; सिग्नल और चित्र प्रसंस्कण अनुप्रयोगों पर आई.ई.ई.ई. अंतर्राष्ट्रीय सभा 2015, कुआला लुंपुर, मलेशिया; नियंत्रण, मापन और उपकरण पर आई.ई.ई.ई. की प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सभा 2016, कोलकता
- सदस्य, डॉक्टरल समिति (विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी), सरकारी अभियांत्रिकी महाविद्यालय, थ्रिसूर, मार्च 28, 2016
- बाह्य समीक्षक, अधिस्नातक छात्रों और डॉक्टरल विद्वानों की प्रगति, गुजरात तकनीकी विवि, मार्च 23, 2016
- बाह्य परीक्षक (पी.एचडी. थीसिस): यूनिवर्सिटेट पॉलिटेकनिका डे वेलेंशिया, स्पेन, नवम्बर 2015
- सदस्य, तकनीकी समिति: नियंत्रण, मापन और उपकरण पर आई.ई.ई.ई की प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सभा 2016, कोलकता; संचार पर राष्ट्रीय 22वीं सभा 2016, भा.प्रौ.सं. गुवाहाटी; सिग्नल प्रसंस्करण एवं बुद्धिमान पहचान प्रणाली पर दूसरी अंतर्राष्ट्रीय सभा, त्रिवेन्द्रम; सिग्नल प्रसंस्करण एवं बुद्धिमान पहचान प्रणाली पर दूसरी अंतर्राष्ट्रीय सभा, त्रिवेन्द्रम; कम्प्यूटिंग एवं नेटवर्क संचार पर

अंतर्राष्ट्रीय सभा 2015, त्रिवेन्द्रम

प्रा. अरूप लाल चक्रवर्ती, विद्युत अभियांत्रिकी
- सत्र चेयर और तकनीकी कार्यक्रम समिति के सदस्य, फोटोनिक्स में प्रगति पर आई.ई.ई.ई की 2वी कार्यशाला, भा.वि.सं. बेंगलोर, 16–17 दिसम्बर, 2015
- आई.ई.ई.ई. सेंसर्स, ऑप्टिक्स पत्र, ऑप्टिक्स एक्सप्रेस, एप्लाइड ऑप्टिक्स के समीक्षक

प्रा. चिण्मय घोरोई, रसायन अभियांत्रिकी
- अतिथि संपादक, प्रसंस्करण उद्योगों में हानि से बचाव की पत्रिका (2014–15)
- पत्रिका पत्रों के समीक्षकः चूर्ण प्रौद्योगिकी (एलजेवियर); केलोरीमीटर और ऊष्मा जांच की पत्रिका (एलजेवियर); रसायन विज्ञान घोल की पत्रिका (स्प्रिंगर); प्रसंस्करण सुरक्षा और पर्यावरण का बचाव (एलजेवियर); भूभौतिकी एवं अभियांत्रिकी पत्रिका (आई.ओ.पी. विज्ञान); कोल्लोइड्स एवं इंटरफेज बी
- सदस्य, अध्ययन मण्डल, रसायन अभियांत्रिकी, निरमा विवि, अहमदाबाद

प्रा. हरी बी हबलानी, यांत्रिक अभियांत्रिकी
